राष्ट्रीय दैनिक

प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 वही पुरानी सोच; अमित शाह के बयान पर भीमराव आंबेडकर.....

मेलबर्न पहुंचते ही ऑस्ट्रेलियाई मीडिया से हुई विराट कोहली की भिड़ंत..... 11

वर्ष : 12 | अंक : 246 | पटना, शुक्रवार, 20 दिसम्बर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

संसद भवन के द्वार पर धक्का-मुक्की में भाजपा के दो सांसद घायल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। संसद भवन के मकर द्वार पर गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में दिये गये बयान के विरोध में गुरुवार को प्रदर्शन कर रहे इंडी गठबंधन के सांसदों एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की में गिरकर भारतीय जनता पार्टी के दो सांसद घायल हो गये, जिन्हें यहां उपचार के लिए राममनोहर लोहिया अस्पताल में ले जाया गया। संसद भवन के मकर द्वार पर पूर्वाह्न 11 बजे बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का चित्र लेकर भाजपा और इंडिया समूह के सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान हुई धक्का-मुक्की में भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत गिर गये जिससे वे घायल हो गये। श्री सारंगी के सिर में चोट आयी है। श्री सारंगी को व्हील चेयर पर और श्री राजपूत को स्ट्रेचर पर एम्बुलेंस तक ले जाया गया। श्री सारंगी ने कहा कि वह सीढ़ियों के पास खड़े थे तभी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी आये और उन्होंने एक सांसद को धक्का दिया जो मेरे (श्री सारंगी के) ऊपर गिरा जिससे वह भी गिर गये। बाद में दोनों घायल सांसदों को यहां डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में ले जाया गया। पता चला है कि श्री राजपूत को आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

लोकतंत्र को तार-तार कर दिया गया : मेघवाल

संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि इस धक्कामुक्की में दो नेता घायल हुए हैं। 4-5 अन्य सांसदों ने इस बारे में शिकायत की है...सभी सांसदों को विरोध करने का अधिकार है। उन्होंने शारीरिक हिंसा की और वे सारंगी जी की हालत देखने भी नहीं गए। उन्होंने हमेशा बीआर अंबेडकर के साथ अन्याय किया है। उन्होंने हमेशा उनका अपमान किया है। हम अस्पताल से रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई करेंगे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, संसदीय इतिहास में यह एक काला दिन है। मयार्दा को तार-तार कर दिया गया है। लोकतंत्र को तार-तार कर दिया गया है। राहुल

गांधी और कांग्रेस पार्टी की गुंडागर्दी जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। भारत के संसदीय इतिहास में ऐसा आचरण कभी नहीं देखा गया। अगर वे हरियाणा और महाराष्ट्र हार गए तो वे संसद में अपनी हताशा क्यों निकाल रहे हैं?

सांसदों पर शारीरिक हमला निंदनीय : रिजीजू

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि मकर द्वार लोकसभा और राज्यसभा दोनों में सांसदों के प्रवेश का मुख्य द्वार है। कांग्रेस और उनके अन्य सांसद उस विशेष स्थान पर खड़े रहे और पूरे सत्र के दौरान वे तख्तियां दिखाते रहे और नारे लगाते रहे। तब राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के सांसद आए और भाजपा के दो सांसदों पर हमला किया, उन्हें धक्का दिया और अन्य सांसदों के साथ भी धक्का-मुक्की की। भाजपा के दो सांसद प्रताप सिंह सारंगी और मुकेश राजपूत को गंभीर चोटें आई हैं। श्री रिजीजू ने कहा, मैं राहुल गांधी से कहना चाहता हूं कि अगर आप इस तरह की शारीरिक हिंसा का सहारा लेंगे, अगर अन्य सांसद भी शारीरिक हिंसा का सहारा लेने लगेंगे, तो क्या होगा? हम लोकतंत्र में विश्वास करते हैं। राहुल गांधी को अन्य सांसदों के खिलाफ अपनी शारीरिक शक्ति का उपयोग करने का अधिकार किसने दिया है। इसका मतलब यह नहीं है कि अन्य सांसद कमजोर हैं। यह सिर्फ.इसलिए है क्योंकि हम अहिंसा में विश्वास करते हैं और हम लोकतंत्र में विश्वास करते हैं। राहुल गांधी द्वारा सांसदों पर शारीरिक हमला निंदनीय है। उधर राममनोहर लोहिया अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शुक्ला ने कहा कि हम दोनों (प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत) को स्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं, जांच की जा रही है। टेस्ट किए जाएंगे। लक्षणात्मक उपचार शुरू हो गया है। चूंकि दोनों के सिर में चोट लगी है, इसलिए उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है। प्रताप सारंगी को बहुत ज्यादा रक्तस्राव हो रहा था और उन्हें गहरा घाव भी हुआ था। इसलिए उन्हें टाँके लगाने पड़े।

भाजपा सांसदों ने हमें संसद भवन में जाने से रोका, धमकाया : राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के धक्का-मुक्की के आरोपों को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सत्तापक्ष के सदस्यों ने विपक्षी सांसदों को संसद भवन में जाने से रोका और धमकी दी। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, मैं संसद के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन भाजपा के सांसद मुझे रोकने की कोशिश कर रहे थे, धक्का दे रहे थे और धमका रहे थे। राहुल गांधी ने दावा किया कि विपक्षी नेताओं के साथ धक्का-मुक्की की गई, लेकिन इससे उन्हें फर्क नहीं पड़ता। कांग्रेस नेता ने कहा, यह संसद है और अंदर जाना हमारा अधिकार है। उन्होंने कहा कि मुख्य मुद्दा यह है कि संविधान और बाबासाहेब की स्मृति का अपमान हुआ है।

अमित शाह को बचाने के लिए हुई साजिश : प्रियंका

नई दिल्ली। संसद परिसर में हुए धक्का-मुक्की कांड को लेकर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा पर निशाना साधा। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह को बचाने के लिए साजिश हुई है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा के सांसदों को चुनौती देते हुए कहा कि वह यहां खड़े होकर जय भीम के नारे लगाकर दिखाएं। धक्का-मुक्की कांड पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, राहुल गांधी बीआर अंबेडकर की फोटो लेकर शांति पूर्वक जय भीम के नारे को बोलते हुए संसद में जा रहे थे। संसद में जाने से किसने रोका? हम इतने दिनों से साइड में प्रदर्शन कर रहे हैं। जो भी आ रहा है, जा रहा है, उसके लिए पूरा रास्ता है। इन्होंने पहली बार प्रदर्शन किया और सबको रोक दिया, धक्का-मुक्की और गुंडागर्दी की। अमित शाह को बचाने के लिए ये साजिश हुई है।

राहुल पर एफआईआर :

संसद परिसर में गुरुवार सुबह हुए धक्का-मुक्की कांड को लेकर अब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर एफआईआर कराई गई है। भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत के घायल होने को लेकर पुलिस ने राहुल पर गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने भी इस मामले को लेकर भाजपा पर आरोप लगाते हुए अपने वरिष्ठ नेताओं के साथ हुए दुर्व्यवहार की शिकायत की है। इससे सियासत गरमा गई है।

संक्षिप्त खबरें

शाहजहांपुर में ट्रक और कार में भिड़ंत, पांच मरे

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के मदनापुर क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से कार सवार दो महिलाओं और दो बच्चे समेत पांच लोगों की मृत्यु हो गई जबकि पांच अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने बृहस्पतिवार को बताया कि शाहजहांपुर जिले के कांट थाना क्षेत्र निवासी कपड़ा कारोबारी रियाजुल अली बीती रात परिवार के साथ कार से दिल्ली जा रहे थे कि कांट से बरेली इटावा मार्ग पर बरखेड़ा जयपाल चौराहे पर सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में रियाजुल आमना, गुड़िया, तमन्ना, तथा नूर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने कार सवार लोगों को बाहर निकाला तथा नजदीकी सरकारी अस्पताल मदनापुर ले गए जहां डॉक्टरों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया तथा अन्य पांच घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर उपचार के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक रियाजुल के चाचा शमशेर अली ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में बताया कि वह परिवार के साथ दो दिन पहले दिल्ली से यहां एक शादी समारोह में आए थे और शादी निपटने के बाद वह परिवार सहित दिल्ली जा रहे थे इसी बीच यह हादसा हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों नके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

भारत और चीन के बीच फिर से शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा!

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर भारत और चीन के बीच लंबे वक्त तक बने हुए विवाद की समाप्ति के बाद बीजिंग में दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसका नतीजा ये रहा कि अब भारत और चीन के बीच फिर से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू होगी! जिसमें भारत का नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने किया और चीन की तरफ से बैठक में विदेश मंत्री वांग यी शामिल हुए। विदेश मंत्रालय ने बैठक के बाद एक बयान जारी कर बताया कि विशेष प्रतिनिधियों ने अपनी वार्ता में इस बात के महत्व को रेखांकित किया कि सीमा के इलाकों में शांति और सौहार्द को बनाए रखने से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में काफी मदद मिलती है। सीमा के मसले पर दोनों के बीच सकारात्मक और रचनात्मकता बातचीत हुई। एलएसी पर जमीनी स्तर पर शांति बहाली की भी डोभाल और वांग यी ने वकालत की। बैठक में साझा हितों से जुड़े हुए भारत और चीन के दोनों पक्षों, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी बातचीत की गई। इसके अलावा सीमा पार सहयोग, कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से शुरूआत, सीमा पार नदी सहयोग और व्यापार के मामले पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री ने हमारा बिहार, हमारी सड़क मोबाइल ऐप का किया लोकार्पण

सभी सड़कें मेंटेन रहें, इसका विशेष ख्याल रखें : नीतीश

ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुधरेगी

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को 01, अण्णे मार्ग स्थित संकल्प से हमारा बिहार हमारी सड़क मोबाइल ऐप का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण किया। ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत इस एंड्रॉयड आधारित मोबाइल ऐप का निर्माण किया गया है। मोबाइल ऐप का लोकार्पण करने के पश्चात मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुधरेगी बल्कि जनता की भागीदारी से बुनियादी ढांचे के विकास

में भी तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि सभी सड़कें मेंटेन रहें, इसका विशेष ख्याल रखें। जनता द्वारा जो शिकायतें प्राप्त होंगी, उसका त्वरित समाधान करना सुनिश्चित करें। समस्याओं का समाधान करने के लिये लगातार मॉनिटरिंग करते रहें। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने हमारा बिहार हमारी सड़क मोबाइल ऐप की कार्य पद्धति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने हरित पौधा भेंट कर स्वागत किया।

ये रहें मौजूद :

कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह,मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख सह अपर आयुक्त सह विशेष सचिव भगवत राम, ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख श्रीप्रकाश सहित ग्रमीण कार्य विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

आमजन अब सड़कों से जुड़ी समस्याओं की रिपोर्ट विभाग को कर सकेंगे:

ज्ञातव्य है कि हमारा बिहार हमारी सड़क मोबाइल ऐप के माध्यम से आमजन अब सड़कों की खराब स्थिति जैसे गड्ढे, क्षतिग्रस्त किनारे और अन्य समस्याओं की रिपोर्ट विभाग को कर सकेंगे। यह ऐप पूरे राज्य में उपलब्ध होगा और लोगों को आसानी से सड़क संबंधी समस्याओं को साझा करने का एक प्लेटफार्म प्रदान करेगा। ऐप पर किसी भी सड़क की खराब स्थिति का विवरण और उसकी तस्वीरें अपलोड की जा सकेंगी। मोबाइल ऐप निर्मित करने का उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की देखभाल और रखरखाव में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है। यह ऐप राज्य के सभी प्रखंडों के अनुरक्षणाधीन 65,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की सूची प्रदान करेगा। उपयोगकर्ता अपने प्रखंड की सड़क का चयन कर सकते हैं और गड्ढों या अन्य समस्याओं की रिपोर्ट फोटो के साथ दे सकते हैं। हमारा बिहार हमारी सड़क ऐप के माध्यम शिकायत दर्ज करने के बाद, संबंधित अधिकारी के द्वारा उस समस्या को तय समय सीमा में हल किया जाएगा और समस्या समाधान की स्थिति को भी ऐप के माध्यम से अपडेट किया जाएगा। एक बार समस्या हल हो जाने के बाद, संबंधित अधिकारी पुनः मरम्मत स्थल की तस्वीर अपलोड करेंगे। इससे ग्रामीण सड़कों के अनुरक्षण एवं रखरखाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। यह ऐप नागरिकों और सरकार के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा देने के लिए विकसित किया गया है। हमारा बिहार हमारी सड़क ऐप अब गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध होगा। इसे डाउनलोड कर नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं और बिहार की सड़कों को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने 6659 खेल मैदान के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

5671 ग्राम पंचायतों में खेल मैदानों के निर्माण की स्वीकृति

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संकल्प से ग्रामीण विकास विभाग 6659 खेल मैदान के निर्माण कार्य किया। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा योजना के तहत राज्य के सभी 38 जिलों के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसमें कुल 63,827.35 लाख रुपये की का सृजन होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ग्रामीण विकास बारे में विस्तृत जानकारी दी। ज्ञातव्य है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल कूद के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ खेल की आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायतों में खेल मैदान विकसित किये जा रहे हैं। खेल मैदान के विकास के फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और उत्साहवर्द्धन भी होगा। खेल मैदान विकसित होने से युवाओं के बीच खेल प्रतियोगिताओं और प्रतिस्पद्धाओं के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। खेल मैदान के विकास के क्रम में ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि की उपलब्धता के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों में निम्न तीन प्रकार के खेल मैदान विकसित किये जा रहे हैं। पहले प्रकार के खेल मैदान बड़े आकार के होंगे जिनका क्षेत्रफल 04 एकड़ तक का है। बड़े खेल मैदान में गाँव के युवाओं को खेलने के लिए क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, रनिंग ट्रैक, बैडमिंटन, ऊँची कूद, लम्बी कूद, कबड्डी और खो-खो खेलों की सुविधाएं स्थानीय आवश्यकता अनुसार ग्रामीण युवाओं के लिए विकसित की जायेंगी। दूसरे प्रकार के खेल मैदान मध्यम आकार के होंगे जिनका क्षेत्रफल 01 से 1.5 एकड़ तक का है। मध्यम आकार के खेल मैदान में क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, रनिंग ट्रैक, बैडमिंटन, ऊँची कूद और लम्बी कूद की सुविधाएं स्थानीय आवश्यकता अनुसार ग्रामीण युवाओं के लिए विकसित की जायेंगी। तीसरे प्रकार के खेल मैदान छोटे आकार के हैं जिनका क्षेत्रफल एक एकड़ से कम है। इसमें कुल चार प्रकार की खेल सुविधाओं बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, रनिंग ट्रैक और बैडमिंटन को शामिल किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया।

गुरुवार को 1, अण्णे मार्ग स्थित अंतर्गत 5671 ग्राम पंचायतों में का रिमोट के माध्यम से शुभारंभ के, 533 प्रखंडों के, 5671 ग्राम पंचायतों में प्रथम चरण में 6659 खेल मैदानों राशि सन्निहित है। खेल मैदान निर्माण कार्य में अनुमानित 41 लाख मानव दिवस विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह ने कायार्रंभ की जा रही योजनाओं के

ये रहें मौजूद :

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यसचिव अमृतलाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी गोपाल सिंह, आयुक्त, मनरेगा श्रीमती अभिलाषा शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारी जुड़े हुए थे तथा कायार्रंभ स्थल पर वेब कास्टिंग के माध्यम से पंचायत जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में युवा भी कार्यक्रम से जुड़े थे।

कुलगाम : सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 5 आतंकी ढेर

कुलगाम/एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के बेहिबाग क्षेत्र स्थित कद्देर गांव में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली। गुरुवार तड़के सुबह सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 5 आतंकियों को मार गिराया है, इलाके में फिलहाल तलाशी अभियान जारी है। कई और आतंकवादियों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, इलाके में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद सुरक्षाबलों की ओर से ऑपरेशन चलाया गया। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया था। सेना के चिनार कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी है। बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर भारतीय सेना ने कुलगाम में एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। संदिग्ध गतिविधि देखी गई। आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की, जिसके जवाब में सेना की ओर से जवाबी कार्रवाई की गई।

कैबिनेट फैसला : अब तीन के बजाय पांच बार होगी सक्षमता परीक्षा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, जिसमें 43 महत्वपूर्ण एजेंडों पर मुहर लगी। इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। जिसमें महत्वपूर्ण फैसलों में विशिष्ट शिक्षक नियमावली में बदलाव करते हुए अब तीन के बजाय पांच बार सक्षमता परीक्षा कराने की मंजूरी दी गई। बिहार में अब 3 की जगह 5 सक्षमता परीक्षा होगी। बिहार में कुल नियोजित शिक्षकों की संख्या 3 लाख 39 हजार 143 है। जिसमें से सक्षमता वन में 1 लाख 87 हजार 818 शिक्षक पास हुए हैं। सक्षमता टू में 65 हजार 716 शिक्षक पास हुए थे। वहीं अभी 85 हजार 609 शिक्षक बचे हुए हैं। ये अब सक्षमता थ्री की परीक्षा देंगे। अगर कोई टीचर राजनीति के चक्कर में स्कूल का माहौल बिगड़ने की कोशिश करता है, तो उसको उस विद्यालय से ट्रांसफर अलग ब्लॉक में किया जाएगा. ऐसी स्थिति में जिले से भी बाहर उस शिक्षक का ट्रांसफर किया जा सकता है। नए नियमावली में साक्षमता परीक्षा पास करने वाले नियोजित शिक्षकों के तबादलों पर भी सरकार ने रख स्पष्ट किया है। इन शिक्षकों की ट्रांसफर पोस्टिंग



फिलहाल नहीं की जाएगी। साक्षमता परीक्षा पास होने वाले शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच होने के बाद ही स्थायी रूप से नियुक्ति दी जाएगी। तब तक उन्हें मौजूदा स्कूल में ही तैनात रहना होगा।

बिहार में 2500 आंगनबाड़ी केंद्रों का होगा भवन निर्माण

कैबिनेट की बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों को लेकर भी बड़ा फैसला लिया गया है। सीएम नीतीश कुमार ने बिहार में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए भवन निर्माण के प्रस्ताव पर भी मुहर लगा दी है। राज्य में 2500 आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण के लिए 300 करोड रुपए की लागत आएगी। इसमें नाबार्ड से 255 करोड़ एवं राज्य योजना मत से 45 करोड रुपए के व्यय की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा पटना सर्किट हाउस में अतिरिक्त कमरों के निर्माण के लिए 34 करोड़ 26 लाख रुपए की तकनीकी प्राक्कलन पर प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

459 नए पदों के सृजन की स्वीकृति

नीतीश कैबिनेट की गुरुवार को हुई हुई बैठक में स्वास्थ्य, ऊर्जा, उद्योग, वित्त, राजस्व एवं भूमि सुधार, जल संसाधन, विधि और सामान्य प्रशासन समेत अन्य विभागों के कई अहम प्रस्तावों की भी मंजूरी दी गई। हाजीपुर सुगौली नई रेल लाइन परियोजना के लिए मुजफ्फरपुर जिले में जमीन उपलब्ध कराने पर मुहर लगाई गई। पांचवें और छठे वेतनमान के तहत सैलरी और पेंशन पा रहे सरकारी कर्मियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही निर्णय प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के 459 नए पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। इसके अतिरिक्त, कैबिनेट ने कई अन्य महत्वपूर्ण फैसलों को भी मंजूरी दी है, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी परियोजनाओं के बारे में अहम निर्णय शामिल है। इन फैसलों का उद्देश्य राज्य के विकास को गति देना और नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है।

धनखड़ के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस खारिज

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस को उपसभापति हरिवंश ने इस आधार पर खारिज कर दिया कि 14 दिन का नोटिस नहीं दिया गया था और धनखड़ का नाम सही ढंग से नहीं लिखा गया था। इसे विपक्ष के लिए बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी द्वारा सदन में पेश किए गए अपने फैसले में उपसभापति ने कहा कि यह अनुचित कार्य है। इसमें गंभीर खामियां हैं और यह उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए जल्दबाजी में उठाया गया कदम है। सूत्रों ने कहा, महाभियोग नोटिस देश की संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने और मौजूदा उपराष्ट्रपति को बदनाम करने की साजिश का हिस्सा है। सूत्रों ने बताया कि उपसभापति हरिवंश ने कहा कि देश के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ एक नैरेटिव बनाने के लिए यह प्रस्ताव लाया गया था। उन्होंने बताया कि उपराष्ट्रपति के खिलाफ एक नैरेटिव बनाने के लिए एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की गई थी।

संक्षिप्त खबरें

सरकार से निराश, ग्रामीणों ने बनाया कच्ची सड़क

फतुहा। प्रखंड के बाली पंचायत के पचरुखिया गाँव में हाई स्कूल और पचरुखिया थाना आसपास हैं फिर भी आने-जाने का मार्ग संकरा था। खासकर बरसात के समय बच्चों को स्कूल जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था, सड़क पर जलजमाव और कीचड़ के कारण बच्चे स्कूल नहीं जाते थे। कई बार संबंधित अधिकारियों और प्रतिनिधियों को इस बारे लिखित ध्यान दिलाया गया। इसके बावजूद सड़क मार्ग को दुरुस्त हुआ। इसके बाद ग्रामीणों ने अपने परिश्रम और खर्च से 12 किमी लंबे तथा 20 फीट चौड़ी कच्ची सड़क का निर्माण कर डाला। यह सड़क बरेया पटेल चौक से रामजीचक होते दूर पचरुखिया चली आती है। सड़क बनाने में पूर्व मुखिया देव कुमार सिंह, भाजपा नेता रौशन सिंह सोलंकी, समरजीत जी, महेश सिंह, राजकुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह तथा समस्त ग्रामीणों ने मुख्य भूमिका निभाई है। सड़क निर्माण होने से ग्रामीणों मे हर्ष का माहौल है।

वृद्ध व्यक्ती का शव बरामद किया गया

दानापुर खगौल। रेल थाना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के प्लेफार्म नंबर 1अ पर पश्चिम से एक 60 वर्षीय व्यक्ती का शव बरामद किया गया है। सूचना पर पहुंची जीआरपी शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए सुरक्षित रखा है। जीआरपी प्रभारी के मुताबिक दानापुर रेलवे स्टेशन के प्लेफार्म नंबर 1अ पर एक 60 वर्षीय व्यक्ती मृत पड़ा हुआ पाया गया। जो देखने में भीखारी लग रहा था। प्रथम दृष्टया में कुपोषण, दुर्बलता एवं ठंड के कारण स्वाभाविक मृत्यु होना प्रतीत होता है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए सुरक्षित रख दिया गया है।

दलित महिला के साथ हुए सामूहिक बलात्कार के खिलाफ भाकपा माले का प्रतिरोध मार्च आज

बिक्रम ; खेत में काम कर रहीं प्रखंड क्षेत्र के नगहर गांव निवासी एक दलित महिला के साथ बीते दिन हुई सामुहिक दुष्कर्म की घटना से स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी है, घटना के बाद भाकपा माले की चार सदस्यीय टीम पीड़ित महिला के परिजनों से मुलाकात कर पूछ-ताछ की । मौके पर पहुंचे भाकपा माले प्रखंड सचिव मंटू यादव राज कमेटी सदस्य सह महिला नेत्री आशा देवी, शंकर पासवान, पंचम कुमार ने पीड़िता के परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इस घटना की घोर निंदा करते हुए शंकर पासवान ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार में हत्या बलात्कार की घटना आम हो गई है अपराध पर नियंत्रण में सरकार व प्रशासन पूरी तरह विफल है इस घटना में शामिल सभी अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर, पीड़िता को सुरक्षा की गारंटी हो और उचित मुआवजा मिले। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को भाकपा माले के द्वारा इस घटना के खिलाफ बिक्रम में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मसौढ़ी !पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट मामले में फरार चल रहे आरोपी थाना क्षेत्र के गंगाचक मालिकाना मुहल्ले निवासी आनंदी प्रसाद के पुत्र अमर कुमार को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया।आरोपी के खिलाफ मसौढ़ी थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष विजय कुमार येदुवेंदु ने कहा कि नशा का कारोबार करने वालों पर मसौढ़ी पुलिस की कड़ी नजर है। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जायेगी।

श्री नागा बाबा विकास एवं सेवा संस्थान में भागवत कथा 21 से

पटना सिटी (प्राकि)। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 21 से 27 दिसंबर तक किया गया है। आयोजक श्री नागा बाबा विकास एवं सेवा संस्थान के चंद्रमणि प्रसाद सिंह, शैलेंद्र कुमार, ओम प्रकाश सिंह, उमेश तिवारी एवं डॉ विजयकांत शर्मा ने बताया कि श्री नागा बाबा विकास एवं सेवा संस्थान के पूर्व अध्यक्ष स्व योगेंद्र प्रसाद, स्व बसंत प्रसाद यादव एवं स्व कृष्ण प्रसाद गुप्ता की पुण्य स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। यह कथा अपराह्न तीन बजे से सायं सात बजे तक पूर्वी नंदगोला बंगला पर मालसलामी स्थित श्री नागा बाबा सामुदायिक भवन में होगा। शास्त्रोपासक व कथावाचक आचार्य डॉ चंद्रभूषण मिश्रा भागवत कथा का बखान करेंगे। सशक्त स्थायी समिति के सदस्य और वार्ड 70 के पार्षद विनोद कुमार ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। उन्होंने लोगों से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने के लिए 21 से 27 दिसंबर तक पूर्वी नंदगोला बंगला पर श्री नागा बाबा सामुदायिक भवन पहुंचने की अपील की है। 27 दिसंबर को ही सायं सात बजे से भंडारा प्रसाद का भी आयोजन भी किया गया है।

पटना सीमा शुल्क की बड़ी कार्रवाई विदेशी मूल के 80 कार्टून सिगरेट जब्त

सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी : आयुक्त

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पटना सीमा शुल्क के अधिकारियों ने बड़ी कार्रवाई की है। अधिकारियों ने बुधवार को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर विदेशी मूल के 80 कार्टून 9,82,450 स्टिक सिगरेट को कच्ची दरगाह के नजदीक एक बोलेरो पिकअप भान से जब्त किया। जिसका बोलेरो पिकअप भान सहित कुल अनुमानित मूल्य 39.63 लाख रुपए है। इस पूरे प्रकरण का अहम पहलू यह है कि सीमा शुल्क निवारण मुख्यालय पटना को यह गुप्त सूचना मिली थी कि बिना किसी वैध कागजात के विदेशी मूल के सिगरेट को तस्करी कर लाया जा रहा है। तत्काल अधिकारियों के तत्परता से जाँच अभियान चलाया। जाँच के दौरान बोलेरो पिक अप भान (पंजीयन संख्याबीआर 01जीएफ 7135) से लाये जा रहे 80 कार्टून (9,82,450 स्टिक) विदेशी मूल के सिगरेट को बरामद किया। जिसको सीमा शुल्क अधिनियम के तहत जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए सिगरेट में मूलतः इंडोनेशिया ब्लैक प्रीमियम क्वालिटी एवं अन्य संदेहास्पद विदेशी मूल के सिगरेट शामिल हैं । अधिकारियों ने बताया कि जब्त विदेशी सिगरेट तस्करी कर लाया जा रहा था, क्योंकि इन सामग्री को बिना किसी वैध कागजात के तस्करी कर लाए जा रहे थे। फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि ये विदेशी मूल के सिगरेट कहाँ से लाया एवं कहाँ ले जाया जा रहा था एवं इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं। इसके लिए आगे अन्य विधि सम्मत जरुरी करवाई की जा रही है। यह पूरी करवाई सहायक आयुक्त, सीमा शुल्क निवारण मुख्यालय पटना के नेतृत्व में अन्य अधीक्षक एवं निरीक्षकों के द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि पिछले कुछ समय से डॉ यशोवर्धन पाठक, आयुक्त, सीमा शुल्क निवारण पटना के दिशा निर्देश में तस्करी के खिलाफ सघन एवं व्यापक अभियान छेड़ा गया है और इसके फलस्वरूप तस्करी के अनेकों सामान जब्त किये गए हैं। आयुक्त ने बताया कि तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा और भी अधिक प्रबलता से इसका कार्यान्वयन किया जाएगा एवं इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले व्यक्तियों का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक अभियान में भविष्य में भी बेहतर समन्वय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सके। इस सम्बन्ध में आयुक्त महोदय ने यह भी बताया की तस्करी विरोधी अभियान में सहयोग करने वाले विभागों यथा रेलवे पुलिस बल,पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं के अधिकारीयों एवं सूचना देने वाले व्यक्तियों को सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान है।

बिहार सरस मेला में युवा स्किल्स को बढ़ावा देने के अवसर पर विमर्श कार्यक्रम का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। सरस मेला परिसर में उपस्थित ग्रामीण महिलाएं सूक्ष्म उद्यमी के तौर पर अपने को स्थापित करते हुए राज्य की उन्नति और विकास की गाथा को विभिन्न स्टॉल से बयां कर रही हैं ' ग्रामीण महिलाएं एवं उनका परिवार गरीबी के आगोश से बहार निकलकर स्वयं सहायता समूह से जुड़कर वित्तीय समावेशन और क्षमतावर्धन के बाद आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की उदाहरण बनी हैं , ऐसी 2 सौ से अधिक ग्रामीण महिला उद्यमी सरस मेला में बिहार के सभी जिलों से आई हैं ' ये महिलाएं अपने-अपने गाँव-पंचायत की शिल्प और व्यंजन को सरस मेला में बिक्री कर रही हैं । इन सात दिनों में लगभग सभी महिला उद्यमियों ने 50 हजार से अधिक की उत्पादों की खरीद-बिक्री की है। बिहार की इन महिला उद्यमियों को जीविका दीदी का नाम से जाना-पहचाना जाता है ।

बक्सर के सिमरी से आई 67 वर्षीय पार्वती देवी की भी पहचान सरस मेला के माध्यम से कुशल उद्यमी के रूप में बनी है । पार्वती देवी पिछले दस साल से सरस मेला में आ रही हैं । इनके द्वारा निर्मित भेड़ के बाल से बने कंबल , चादर और आसनी की बड़ी मांग है । साथ ही तीसी की लड्डू भी ये बेच रही हैं ' पार्वती देवी चरखा से उन कातकर कूटरानी के माध्यम से देशी, कंबल, चादर, और आसनी बनाती हैं ' सात दिनों में इन्होने 50 हजार रुपये से अधिक की बिक्री की है । कल तक गरीबी रेखा के नीचे गुजर-बसर कर रही पार्वती के लिए जीविका और सरस मेला आर्थिक उन्नति एवं मान झसम्मान का घोतक है। सेमिनार हॉल में चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान ,पटना द्वारा ह्लयुवा स्किल्स को बढ़ावा देने के अवसरह्व पर विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चे-बच्चियों को नवाचार और उद्यमिता पर जागरूक करने को लेकर चर्चा भी हुई । संध्या समय में मुख्य सांस्कृतिक मंच पर राहुल राज ने अपने लोक गीतों से समां बांधा । वही बाल कलाकार हर्षिता ने अरे रामा रिमझिम बरसे बदरिया पर लोक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही लुटी । तत्पश्चात अरुण राज नृत्य समूह से भाव नृत्य, लोक नृत्य और लोक गीत की प्रस्तुति की ' बारहमासा की प्रस्तुति से दर्शक सराबोर हुए । मंच संचालन गुलाम सिमनानी एवं विट्ठल नाथ सूर्य तथा श्रीमती नाजिश बानो, राज्य प्रबंधक, जीविका ने किया ।

वाजपेयी जयन्ती पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की सफलता हेतु बिक्रम में भाजपाइयों ने की बैठक

प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम : पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी एवं पंडित मदन मोहन मालवीय की 163 वीं जयन्ती पर आगामी 25 दिसंबर को जिले के बापू सभागार में पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की सफलता हेतु बिक्रम आसपुरा सूर्यमंदिर के पास ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अविनाश उपाध्याय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई । मौके पर मुख्य अतिथि सह कार्यक्रम के संयोजक विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के सदस्य डॉ. अर्जित शाश्वत चौबे ने बताया कि इस वर्ष अटल जी की जन्म शताब्दी वर्ष है जिसके लिए राज्य स्तर का समारोह आयोजित करने का निर्णय हुआ है। इस क्रम में राज्य भर के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य कर रहे प्रतिभाओं को अटल सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने वाले प्रतिभाओं को अतिविशिष्ट अटल सेवा सम्मान से पुरस्कृत किया जाएगा। बिहार के हर जिलों के विद्यालयों में अटल जी पर आधारित चित्रकला, वाद विवाद, भाषण, कविता पाठ, अटल दौड़, साइकिल दौड़ आदि आयोजित की जाएगी जिसके बाद उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही अटल जी की छाया चित्र का विश्व का सबसे बड़ा पोर्ट्रेट बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने की भी योजना है। वही कार्यक्रम के सह-संयोजक व भाजयुमो लीगल सेल के प्रदेश सह-संयोजक रजनीश तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय कत्थक कलाकार हिमाचल की पूनम शर्मा एवं उनके दल हार नहीं मानूंगा, रार नई ठानूंगा.. पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी। देश के कई नामचीन हस्तियों की भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने की बात है जिसके लिए निरंतर आमंत्रण भेजा जा रहा है।विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों के द्वारा राय दिया गया ताकि सफल कार्यक्रम संपन्न कराया जा सके। बैठक में भाजपा, जिला उपाध्यक्ष गुड़िया तिवारी , पूर्व जिला उपाध्यक्ष नीरज शर्मा,नवनीत दूबे, गुड्डू जी ,पैक्स अध्यक्ष लाल बाबू शर्मा, गुड्डू सिंह, सरोज सिंह, सतीश शर्मा, पिंटू साव, ,पंकज तिवारी, गोलू कुमार , हर्ष कुमार, सरोज दुबे , छोटन तिवारी, पवन कुमार, मुकेश दुबे, अभिजीत कुमार, समेत कई अन्य मौजूद थें ।

एमडीए अभियान के लिए राज्य स्तरीय टीओटी का हुआ आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राज्य के 24 जिलों में फाईलेरिया उन्मूलन के लिए 10 फरवरी से एमडीए राउंड चलाया जाना है. जिसमें बांका, भागलपुर, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, जहानाबाद, कटिहार, खगड़िया, कैमूर, मुंगेर, सीतामढ़ी, सुपौल, सिवान एवं पश्चिम चंपारण जिलों में 2 दवाएं एवं अरवल, औरंगाबाद, बेगुसराय, गया, जमुई, मुजफ्फरपुर, सारण, शिवहर, शेखपुरा, सहरसा एवं वैशाली जिलों में 3 दवाएं खिलाई जाएगी. एमडीए के 14 दिनों में घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी. वहीं, मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में में 17 दिनों का बूथ बनाया जाएगा. इसके जरिये अधिक से अधिक दवा सेवन को सुनिश्चित करने में आसानी होगी. वहीं ड्रग रिफ्यूजल तोड़ना जरुरी है एवं इसके लिए ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर का रिविजिट सुनिश्चित कराना भी जरूरी है. एमडीए राउंड में सभी सहयोगी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी. उक्त बातें अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने गुरुवार को एक स्थानीय होटल में आयोजित राज्य स्तरीय टीओटी की अध्यक्षता करते हुए कही। डॉ. परमेश्वर ने सभी प्रतिभागियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने जिलों में कैंप मोड में हाइड्रोसील का ऑपरेशन शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराते हुए मार्च 2025 तक राज्य को हाइड्रोसील मुक्त कराने में सहयोग करें। सीएचओ की भूमिका होगी प्रभावीः डॉ. राजेश पांडेय, डब्ल्यूएचओ के स्टेट एनटीडी कोऑर्डिनेटर, ने कहा कि फाईलेरिया उन्मूलन की मुहिम में सीएचओ को प्रभावी रूप से शामिल करने एवं उनको प्रशिक्षित करने से एमडीए में सहयोग से लेकर फाईलेरिया मरीजों के स्टेज चिन्हित करने में मदद मिलेगी. उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शत-प्रतिशत फाइलेरिया रोधी दवा सेवन से ही फाइलेरिया प्रसार चक्र को तोड़ा जा सकता है। सीतामढ़ी के जिला वेक्टर बोर्न डिजिज कण्ट्रोल ऑफिसर डॉ आरके यादव ने फाईलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए के साथ एमएमडीपी क्लिनिक का बेहतर क्रियान्वयन भी जरुरी है. बिहार ने फाईलेरिया उन्मूलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया. बिहार के सीतामढ़ी में पहली बार 2018 में एमडीए का माइक्रोप्लान बना. वहीं, 2018 में बिहार के अरवल जिले से ही देशभर में पहली बार तीन दवाओं के साथ एमडीए राउंड की शुरूआत हुयी। इस दौरान पिरामल फाउंडेशन से बासब रुज ने पिरामल फाउंडेशन की फाईलेरिया उन्मूलन में भूमिका पर विस्तार से चर्चा की. वहीं पिरामल फाउंडेशन की प्रीति ने भी समुदाय स्तर पर एमडीए के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। वहीं, सहयोगी संस्था में शामिल सीफार, लेप्रा, पीसीआई एवं जीएचएस ने एमडीए राउंड में अपनी भूमिका पर चर्चा की। कार्यशाला में फाईलेरिया के राज्य सलाहकार डॉ.अनुज सिंह रावत सहित राज्य के 24 जिलों से भीवीडीसीओ, भीडीसीओ,डीसीएम, भीवीडीसी कंसलटेंट सहित पिरामल एवं सीफार के डिस्ट्रिक्ट लीड एवं अन्य सहयोगी संस्थानों के प्रतनिधि भी शामिल हुए।

बाबा साहब पर की गई टिप्पणी के खिलाफ मामले में किया पुतला दहन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर पर की गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ भाकपा माले का राज्यव्यापी विरोध के तहत पटना साहिब कमेटी की ओर से पुतला दहन किया गया। इसके पूर्व गुरु गोविंद सिंह पथ के पीर अली मुफ्त स्वास्थ्य केंद्र से अमित शाह का पुतला लेकर व अमित शाह मुदार्बाद, संविधान निमार्ता का अपमान नही सहेंगे, अमित साह इस्तीफा दो आदि नारा लगाते हुए झाऊगंज पोस्ट ऑफिस से भगत सिंह चौक पहुंचे। यहां नाराबाजी करते हुए केंद्रीयगृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इसके बाद वक्ताओ ने कहा कि जिस तरह अमित शाह संसद भवन के अंदर डॉ भीमराव अंबेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि आप लोग अंबेडकर अंबेडकर जपते रहते हैं। यदि इतनी बार भगवान का नाम लेते, तो सात जन्म तक स्वर्ग में रहोगे। अमित शाह की इस टिप्पणी से संविधान और बाबा साहब के प्रति भाजपा व आरएसएस की घृणा साफ प्रदर्शित होती हैं। मनुवादी लोग देश में मनुस्मृति को देश का संविधान बना देने की उनकी बेचैनी साफ तौर पर जाहिर हो रही है। देश की गरीब, दलित, पिछड़ा, आदिवासी, महिलाओं, संविधान और बाबा साहब पर हो रहे हर हमले का जोरदार प्रतिवाद करेगी। कार्यक्रम में सचिव अनय मेहता, शंभूनाथ मेहता, मुजफ्फर आलम, राजेश कुशवाहा, महेश चंद्रवंशी, राखी मेहता, रामनारायण सिंह, मिथिलेश सिंह, ललन यादव, सुरेश प्रसाद, आत्माराम, चन्द्रभूषण शर्मा, रामबाबू, श्रवण सिन्हा, सुरेश सहनी, रविन्द्र प्रसाद, उमा यादव, इदरीश खां, महेन्द्र यादव, मेहंदी हसन आदि ने भाग लिया।

70वीं बीपीएससी पीटी में हंगामा करने वाला एक को किया गिरफ्तार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा बापू परीक्षा परिसर कुम्हरार में 13 दिसंबर को आयोजित की गई थी। उसमें अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा अचानक आकर परीक्षा परिसर के मुख्य द्वार के बाहर मुख्य सड़क पर हंगामा किया जाने लगा। यह सभी बापू परीक्षा परिसर में परीक्षा दे रहे अन्य परीक्षार्थियों को भी परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न करने लगे। इस संबंध में पुलिस ने पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी रोड नंबर-4 में रहने वाले और मूल रूप से सुपौल थाना व जिला के ग्राम जगतपुर के रहने वाले मनीष कुमार पिता संजय कुमार झा को गिरफ्तार किया है। इनके पास से परीक्षा हॉल से गायब किए गए प्रश्न पत्र का बंडल मिला है। इसमें 12 प्रश्न पत्र एवं एक एंड्राइड मोबाइल भी जब्त किया गया है। इस संबंध में अगमकुआं थाना परिसर में गुरुवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एएसपी अतुलेश झा ने बताया कि एसआईटी की टीम एवं अगमकुआं थाना के एसआईटी की टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी की गई। इस दौरान घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन और तकनीकी अनुसंधान से अभियुक्त की पहचान की गई। इसके बाद मूल रूप से जिला व थाना सुपौल के ग्राम जगतपुर के मूल रूप से रहने वाले और पटना के पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी रोड नंबर-4 में रह रहे मनीष कुमार पिता संजय कुमार झा को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से परीक्षा हॉल से ले जाए गए प्रश्न पत्र का बंडल, जिसमें 12 प्रश्न पत्र शामिल था, के अलावा एक एंड्राइड मोबाइल भी जब्त किया गया है। दरअसल 13 दिसंबर को 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा अगमकुआं थाना क्षेत्र के पुरानी बाइपास के कुम्हरार स्थित बापू परीक्षा परिसर में किया गया था। इसमें 12 हजार छात्रों का परीक्षा केंद्र था। इसमें अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा एकाएक जाकर परीक्षा परिसर के मुख्य द्वार के बाहर मुख्य सड़क पर हंगामा किया जाने लगा। बापू परीक्षा परिसर में परीक्षा दे रहे अन्य परीक्षार्थियों को भी परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न करने लगे। इस संबंध में यहां प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट सह अनुमंडल कृषि पदाधिकारी पटना सदर के प्रवीण कुमार के द्वारा टंकित आवेदन पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने को दिया गया था। इस संबंध में अगमकुआं थाना में 14 दिसंबर को कांड 1058/24 दर्ज किया गया। एसएसपी के द्वारा एसआईटी टीम का गठन किया गया, जिसमें विशिष्ट आसूचना इकाई एवं अगमकुआं थाना के पुलिस पदाधिकारी को भी शामिल किया गया था। हालांकि बाद में बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा बापू परीक्षा परिसर की परीक्षा को रद्द घोषित कर दिया गया। अब इस केंद्र के 12 हजार परीक्षार्थियों की परीक्षा फिर से ली जाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान अगमकुआं थाना के पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद थे।

दशमेश पिता के प्रकाश पर्व में संत बाबा चलाएंगे लंगर की सेवा

- गुरुद्वारा कंगन घाट, ओपी साह सामुदायिक भवन, गुरुद्वारा बाललीला सहित चार स्थान पर बाबा भूरिवाले चलाएंगे लंगर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में चार से छह जनवरी के बीच आयोजित होने वाले श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर प्रबंधक कमेटी ने तैयारी शुरू कर दी है। इस दौरान संतों के सहयोग से लंगर सेवा संचालित की जाएगी। गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत के प्रमुख संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले की ओर से बाललीला गुरुद्वारा के साथ ही प्रबंधक कमेटी की ओर से सौंपे गए जगहों पर लंगर चलाया जाएगा। गुरुद्वारा के बाबा सुखविंदर सिंह और बाबा गुरविंदर सिंह ने बताया कि कंगन घाट गुरुद्वारा के पास और मालसलामी में स्थित ओपी साह सामुदायिक भवन में ठहरने वाले संगतो के लिए लंगर की सेवा दी जाएगी। बाललीला गुरुद्वारा में दो हजार लोग एक साथ संगत लंगर खाएं, इसकी व्यवस्था की जा रही है। गुरुद्वारा गुरु का बाग में बाबा उपेंद्र सिंह सोहना व पटना साहिब भवन में बाबा गुरमीत सिंह ढोसाकोला लंगर की सेवा देंगे। तख्त साहिब में मुख्य लंगर की सेवा कपूरथला वाले संत बाबा अवतार सिंह और जससाल सिंह की देखरेख में संचालित होगा। गुरु तेग बहादुर स्कूल परिसर में लुधियाना से आए मेकेनिक बाबा हरविंदर सिंह संगत के सहयोग से लंगर संचालित करेंगे। इसके लिए भी अन्य जगहों पर संगत की सुविधा के लिए लंगर लगेगा।

देशवासियों को हमारे मरने का अफसोस हो, तो हिन्दू-मुस्लिम एकता कायम रखें

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

काकोरी के शहीद राम प्रसाद बिस्मिल, शहीद अशफाकउल्ला खां, शहीद ठाकुर रोशन सिंह एवं शहीद राजेंद्रनाथ लाहिड़ी की शहादत की 97वीं वर्षगांठ संस्था सांप्रदायिक सद्भाव समन्वय समिति के द्वारा ह्यसांप्रदायिक सद्भाव दिवसह्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को स्थानीय शहीद भगत सिंह चौक पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चारों शहीद के युक्त तैलचित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर हुआ। प्रमुख वक्ताओं में डॉ एकबाल अहमद, देवरत्न प्रसाद, मिथिलेश सिंह, डॉ विनोद कुमार अवस्थी आदि थे। इन सबों ने देश में बढ़ती सांप्रदायिकता पर चिंता जाहिर की। सभा को शहीद रामप्रसाद बिस्मिल की शहादत पूर्व उस वसीयत की याद दिलाई गई, जिसमें उन्होंने लिखा है कि यदि देशवासियों को हमारे मरने का जरा भी अफसोस है तो वह जैसे भी हो, हिन्दू-मुसलमान एकता कायम करें।यही हमारी आखिरी इच्छा है। इसी तरह शहीद अशफाकउल्ला खां ने अपनी शहादत के तीन दिन पहले लिखे खत में देशवासियों को आगाह किया था कि सात करोड़ मुसलमान को शुद्धिकरण द्वारा हिन्दू बनाना एक फिजूल की सोच है। इस तरह से 25 करोड़ हिंदुओं से इस्लाम कबूल करवाए जाने की सोच भी एक बकवास है। उन्होंने आपसी फसाद के बजाए गुलाम रहना बेहतर माना। वक्तागण इस बात से चिंतित थे कि भारत के सौ अमीरों की संपदा देश के वार्षिक बजट से भी ज्यादा हो गई है। जहां वर्ष 2021-22 के लिए भारत सरकार का कुल बजट 34.83 लाख करोड़ थी, वहीं भारत के सौ सबसे अमीर लोगों की संपदा का मूल्य 58.12 लाख करोड़ रुपया था। इसी तरह से शीर्ष कंपनियों के सीईओ से एक मजदूर आय में 941 साल पीछे है, जो कि ब्रिटिश काल में ईस्ट इंडिया कंपनी की अन्यायपूर्ण व्यवस्था के तहत हुआ करता था। इस अवसर पर राजा बाबू, मो साबिर अली, रघुनाथ प्रसाद, ललन यादव, प्रफुल्ल पांडेय, वर्षा वर्मा, शंभू शरण प्रसाद, योगेंद्र कुमार ओम, कुमार लखन, प्रभात कु धवन, संजय शर्मा आदि उपस्थित थे।

आरजेडी नेता के भाई पिंकू यादव ने किया कोर्ट में सरेंडर

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत आरजेडी नेता के भाई पिंकू यादव ने गुरुवार को दानापुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। वो पटना एम्स के सिक्योरिटी ऑफिसर पर जानलेवा हमला करवाने के मामले में चार महिने से फरार चल रहा था। दानापुर कोर्ट ने पिंकू यादव को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस दौरान कोर्ट परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। गुरूवार को पुलिस प्रशासन कुर्की के लिए विधायक के भाई के घर पहुंचा था। कार्रवाई शुरू होने से पहले ही पिंकू ने सरेंडर कर दिया। बुधवार देर रात पुलिस ने आरजेडी विधायक के भाई पिंकू यादव के घर पर छापेमारी की थी। रेड के दौरान पुलिस ने 3 बंदूक व भाडी मात्रा में जिंदा कारतूस बरामद हुई थी। इनका लाइसेंस भी नहीं था। इसके अलावा 11 लाख कैश, रुपए गिनने की मशीन, पुराने स्टांप पेपर, जमीन के पुराने कागजात, सिक्यूरिटी गार्ड की दर्जनों वर्दी व बेल्ट, प्रीन्टर मशीन व संदिग्ध कागजात भी छापेमारी में मिले है। पुलिस ने फाइनेंशियल डॉक्यूमेंट्स भी बरामद किए हैं। इसमें पैसे के लेनदेन का जिक्र है। पिंकू यादव पर आरोप है कि उसने 22 अगस्त 2024 को पटना एम्स के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर पर जानलेवा हमला करवाया था। वो इस घटना के बाद से ही फरार था। दानापुर-2 एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया में खगौल थाना में दर्ज केस 284/24 में कोर्ट के आदेश पर वारंट जारी हुआ था। इसी सिलसिले में पिंकू यादव उर्फ टिंकू यादव के कोथावां स्थित ठिकानों पर छापेमारी की गई है। एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पिंकू यादव के ठिकाने से तीन बंदूक बरामद की गई है। किसी का लाइसेंस नहीं है।

नगहर पंचायत के मुखिया अजित कुमार ने खेल मैदान निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम : सीएम नीतीश कुमार के पहल पर महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत प्रदेश 5671 ग्राम पंचायतों में 6659 खेल मैदान का निर्माण कराया जाना हैं इसी के तहत गुरुवार को बिक्रम प्रखंड के 16 पंचायतों में खेल मैदान निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया । बता दें कि खेल मैदान का निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत मनरेगा के तहत किया जाना है। खेल मैदान में रनिंग ट्रैक, बास्केट बॉल, बैडमिंटन व वॉलीबॉल के कोर्ट का भी निर्माण कराया जाएगा। एक खेल मैदान पर औसतन दस लाख का खर्च किया जाना है। गुरुवार को नगहर पंचायत में खेल मैदान के शिलन्यास कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया अजीत कुमार ने किया। मौके पर प्रखंड कार्

सीएम नीतीश ने 43 डिलक्स बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- मुख्यमंत्री ने बस का किया निरीक्षण
- सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को 1, अण्णे मार्ग से परिवहन विभाग की 43 डिलक्स बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के पूर्व डीलक्स बस का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया और बस में दी जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली।

ज्ञातव्य है कि नयी डीलक्स बसों के परिचालन से राज्य के विभिन्न हिस्से में लोगों को सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। सस्ती, सुलभ, सुगम, सुरक्षित अत्याधुनिक सुविधायुक्त परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए इन 43 डिलक्स बसों का परिचालन राज्य के विभिन्न अंतरक्षेत्रीय मार्गों पर किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंट कर स्वागत किया।

ये रहें मौजूद:

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, राज्य परिवहन आयुक्त नवीन कुमार सहित परिवहन विभाग के अन्य वरीय अधिकारी रहे मौजूद।

बिजनेस कनेक्ट : निवेशकों को चार परियोजनाओं को दी गई स्वीकृति

बिहार को एक प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने हेतु विभाग प्रयासरत : मंत्री

- नई पर्यटन नीति के तहत निवेश करने पर 30 फीसदी तक दी जाती है कैपिटल सब्सिडी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने पर्यटन क्षेत्र में चार निवेशकों को नई टूरिज्म पॉलिसी के तहत उनकी चार परियोजनाओं को स्वीकृति पत्र गुरूवार को ज्ञान भवन में आयोजित बिजनेस कनेक्ट 2024 में प्रदान किया। नई नीति के तहत निवेश करने पर इन सभी निवेशकों को 30 फीसदी तक कैपिटल सब्सिडी दी जाएगी। इसके तहत हेमंत कुमार सिंह को बक्सर में 20.05 करोड़ रुपए के इस्टर्न ग्रेस फोर स्टार होटल निर्माण, जितेंद्र कुमार को 15.09 करोड़ राशि से मोतिहारी में फोर स्टार लेमन ट्री होटल निर्माण, रामानुज रिसॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड को फुलवारीशरीफ में 12.28 करोड़ रुपए की राशि से बनने वाले रिसॉर्ट, एएस इंटरप्राइजेज को रोहतास में 4.25 करोड़ रुपए की वे-साइड एमेनिटीज हेतु स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

मंत्री ने कहा कि बिहार को एक प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने हेतु विभाग लगातार काम कर रहा है। हम पर्यटन स्थलों पर आधारभूत संरचना, स्वच्छता, परिवहन आदि क्षेत्र में विकास के काम हो रहे हैं। उन्होंने विभाग की आकर्षक पॉलिसी के तहत निवेश की जानकारी देते हुए राज्य के निवेशकों से इसका लाभ उठाने की अपील की।

पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में बहुत छोटे निवेश पर ज्यादा कैपिटल सब्सिडी प्रदान कर रहा है। हम 30 फीसदी तक सीधी सब्सिडी दे रहे हैं। हम नई टूरिज्म पॉलिसी के तहत हैसल फ्री सब्सिडी की सुविधा दे रहे हैं। इसके साथ ही हम लोन पर ब्याज भी प्रदान करते हैं।

बीएसटीडीसी के प्रबंध निदेशक नंदकिशोर ने बताया कि राज्य में पिछले साल 8 करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए। इसमें विदेशी पर्यटकों की बड़ी संख्या रही। रिलिजियस और इको सर्किट के साथ सभी क्षेत्र में सुविधाओं को बढ़ावा देने के कई काम हो रहे हैं। अभी यूनियन बजट में बिहार में कई पर्यटकीय आधारभूत संरचनाओं का निर्माण का प्रावधान है। इसके साथ ही सहरसा जिले में मत्स्यगंधा झील और रोहतास में दुर्गावती जलाशय को बेहतर बनाया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन पर्यटन निदेशक विनय कुमार राय ने किया।

लोकतंत्र तथा संविधान का गला घोंटना चाहती है भाजपा : अखिलेश

पटना। भाजपा सांसदों के अध्यक्ष राहुल गांधी , अध्यक्ष इंडिया ब्लॉक के कई वरिष्ठ पर संसद भवन में नहीं घुसने प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ निंदा की है। उन्होंने कहा है कुत्सित तानाशाही मानसिकता कहा कि आज जो भी संसद भवन में द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय मल्लिकार्जुन खड़गे समेत सांसदों को गुंडागर्दी के बल देने की घटना की बिहार अखिलेश प्रसाद सिंह ने घोर कि यह लोकतंत्र पर भाजपा के का कुठाराघात है। श्री सिंह ने घटित हुआ वह किसी भी लहजे में लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत उचित नहीं माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं एक तरफ तो भाजपा के सांसद लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन परिसर में विपक्षी सांसदों के साथ हिंसा तथा मारपीट पर उतारू हो गए। उन्हें बलपूर्वक संसद भवन में घुसने नहीं दिया। हद तो यह हो गए कि इतना सब करने के बावजूद भाजपा के सांसद पूर्ण उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की कहावत को चरितार्थ करते हुए आरोप भी कांग्रेस के सांसदों पर लगा रहे हैं। बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा कि आज संसद सत्र के दौरान जब इंडिया ब्लॉक के सांसद राहुल गांधी तथा मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में गृह मंत्री के खिलाफ अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन करने के उपरांत मकर द्वार से संसद भवन की ओर जा रहे थे।तो भाजपा के सांसदों ने पूर्व नियोजित साजिश के तहत उन पर हमला किया। इस घटना में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घुटने में चोट आई है। उनके घुटने का हाल में ही सर्जरी हुआ था। इंडिया ब्लॉक के कई अन्य सांसदों को भी इस धक्का मुक्के में हल्की चोटें पहुंची है। उन्होंने कहा की संसद में विपक्ष को खामोश नहीं कर पाने से कुंठित भाजपाई सांसदों ने संसद भवन परिसर में गुंडागर्दी तथा हिंसा पर उतारू होकर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में इस प्रकार के आचरण का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि आज की घटना को लोकतंत्र के इतिहास पर काला धब्बा कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के अपमान करने वाले अब संविधान की धज्जियां उड़ाकर देश में तानाशाही कायम करना चाहते हैं ,लेकिन कांग्रेस पार्टी कल भी ऐसे संविधान विरोधी ताकतों से लोहा लेते रही है और आगे भी ऐसे संविधान विरोधी शक्तियों को अपने नापाक मंसूबों को पूरा करने में सफल नहीं होने देगी।

सहयोग और समर्पण की भावना से साकार होगा 225 सीटों पर जीत का संकल्प : उमेश

जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में किया आह्वान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार को वर्ष 2025 में फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए अपने घटक दलों के साथ मिलकर एनडीए परिवार के रूप में आगे का हरेक कार्यक्रम तय करना है। प्रदेश अध्यक्ष पार्टी कार्यालय में दरभंगा, भागलपुर, पटना-2 एवं मगध प्रमंडल के प्रभारियों, जिलाध्यक्षों, विधानसभा प्रभारियों सहित अग्रिम एवं मॉनिटरिंग टीम के सदस्यों की समीक्षात्मक बैठक को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। श्री कुशवाहा ने कहा कि पार्टी कार्यकताओं को प्रदेश के हरेक परिवार तक संपर्क स्थापित करना है और नीतीश सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी प्रत्येक मतदाताओं तक पहुंचाना है। गत 19 वर्षों के कार्यकाल में हमारे नेता ने जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतारा है। जिसका सीधा लाभ समाज के हर गरीब, वंचित, शोषित और उपेक्षित वर्ग को हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय, सहयोग और संगठन के प्रति समर्पण की भावना से 225 सीटों पर जीत का संकल्प निश्चित साकार होगा।

विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि बिहार में केंद्र और राज्य के शानदार समन्वय से सुखद परिणाम मिल रहे हैं। पार्टी के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह ने कहा कि 19 वर्षों के शासनकाल में हमारे नेता नीतीश कुमार ने प्रदेश का सर्वांगीण और समावेशी विकास किया है, हर छोर तक विकास की किरणें पहुंची है। बैठक के दौरान 2025 बिहार विधानसभा चुनाव तैयारियों के मद्देनजर बूथ स्तर तक संगठन के विस्तार एवं मजबूती से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश उपाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद विकल, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह एवं वरीय नेता प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी मौजूद रहे।

कांग्रेस ने संविधान को तार-तार कर दिया : ऋतुराज

पटना । लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन में गुरूवार को हुई घटना पर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस ने संविधान को तार-तार कर दिया। जिस तरीके से भाजपा के दो सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत के साथ बर्बरता की गई , इतना ही नहीं नागालैंड की एकमात्र राज्यसभा सांसद को न्याक ने तो यह भी बताया कि राहुल जी उनके निकट आकर इस तरह चिल्लाने लगे जिससे वे असहज और असुरक्षित महसूस कर रही थीं। यह दशार्ता है कि इंडिया एलायंस के लोग सता में क्यों आना चाहते है ?संविधान के खतरे की दुहाई देने वाले यह लोग आज खुद संविधान को अपने करतूत से रौंद रहे हैं जिसे भारत की जनता ने अपनी आंखों से देखा है। ऋतुराज सिन्हा ने राहुल गांधी के इस अपराध और उसपर उनके बयान पर हमला किया है। ऋतुराज सिन्हा ने राहुल के कृत्य पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी अपनी खीज मिटाने के लिए अब हिंसा पर उतर आए हैं जो लोकतंत्र की सेहत के लिए अच्छा नहीं है। भाजपा के सांसदों ने अपने ऊपर नियंत्रण रखा इसका मतलब कदापि यह नहीं है कि वे डर गए हैं। भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों पर भरोसा और विश्वास करती है इसलिए हमने अपने आप पर नियंत्रण रखा लेकिन अब राहुल गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए और हम प्रशासन से इनपर उचित कानूनी करवाई की मांग करते हैं। राहुल गांधी जी के सानिध्य में रहकर बिहार के राजद नेता भी अपना आपा खो रहे हैं ,भाषा की मयार्दा को भूलकर जिस तरह उन्होंने गृह मंत्री पर जो टिप्पणी की है वह घोर निंदनीय है और इसकी कड़ी आलोचना होनी चाहिए।

हिन्दी गौरव सम्मान से विभूषित किए गए डा अनिल सुलभ

- तीन दिवसीय नागालैंड साहित्य महोत्सव का किया उद्घाटन, लोकार्पित हुई अनेक पुस्तकें।

दीमापुर। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष और सुप्रसिद्ध साहित्यकार डा अनिल सुलभ को हिन्दी गौरव सम्मान के विशेष अलंकरण से विभूषित किया गया है। यह सम्मान उन्हें दीमापुर के पद्मपुखरी स्थित राष्ट्रभाषा हिन्दी संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय नागालैंड साहित्य महोत्सव में महोत्सव के अध्यक्ष और अखिल भारतीय सर्वभाषा संस्कृति समन्वय समिति के अध्यक्ष सुविख्यात कवि प्रज्ञान-पुरुष पं सुरेश नीरव और संस्थान के निदेशक पी ताकालीला ने प्रदान किया। गुरुवार की संध्या संपन्न हुए महोत्सव उद्घाटन-समारोह में उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध कवि सुभास चंद्र सैनी के काव्य-संग्रह संभवामि युगे-युगे, उत्तरप्रदेश के कवि डा धर्मेन्द्र सिंह धरम मैनपुरिया के गीत-संग्रह अद्भुत है संसार हमारा, पटना के सुविख्यात कवि प्रो रत्नेश्वर सिंह के काव्य-संग्रह कल्पना के पंख, संस्कृत की विदुषी और शायरा अमीना खातून के काव्य-संग्रह तस्कीन-ए-रिहाई तथा कवयित्री अनीता प्रसाद के काव्य-संग्रह कविता के ओट से का लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि डा अनिल सुलभ ने किया। अपने संबोधन में डा सुलभ ने आयोजकों के प्रति उनके सम्मान और साहित्य महोत्सव के आयोजन के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि सुदूर अहिन्दी भाषी इस प्रदेश में इस साहित्यिक अनुष्ठान का ऐतिहासिक महत्त्व है। हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं के प्रति भावनात्मक लगाव को बल देने वाले इस भव्य महोत्सव से संपूर्ण भारतवर्ष को एक महान संदेश जाएगा। संपूर्ण भारत अब अपनी राष्ट्रभाषा और मातृभाषा के प्रति जागृत हो चुका है। भारत के लोग अब ह्यएक राष्ट्रभाषा के महत्त्व और अनिवार्यता को समझने लगे हैं और हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा घोषित हो, इस हेतु एक स्वर भी देने लगे हैं। वे समझ गए हैं कि देश की एक राष्ट्रभाषा होने से ही पूरा भारत भावनात्मक और आत्मीय रूप से जुड़ सकेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नागालैंड में हिन्दी के प्रति बढ़ता प्रेम यहाँ की सत्ता पर स्नेहिल दवाब बनाएगा और यहाँ भी सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में हिन्दी की प्राथमिक-स्तर से उच्च-स्तर की शिक्षा प्रदान की जाएगी तथा प्रदेश के काम-काज भी हिन्दी तथा स्थानीय भाषाओं में होंगे।

राजस्व विभाग : रैंकिंग में शेखपुरा पहले व बांका दूसरे स्थान पर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की नवंबर महीने की जिलों की रैंकिंग में शेखपुरा पहले स्थान पर, बांका दूसरे स्थान पर और जहानाबाद तीसरे स्थान पर है। पटना इस रैंकिंग में सबसे नीचे 38 वें स्थान पर है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के एसीएस दीपक कुमार सिंह ने राजस्व से संबंधित कार्यों की समीक्षा प्रगति देखने के लिए जिलों की रैंकिंग की शुरूआत की है। नवंबर माह की यह रैंकिंग विभाग द्वारा जारी की गई है।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की पहल

विभाग को इससे उम्मीद है कि सभी जिलों की राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित कार्यों में तेजी आएगी और जनता की समस्याओं का तीव्र गति से निष्पादन होगा। विभाग के सचिव जय सिंह ने कहा कि राज्य के सभी जिलों के राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की रैंकिंग हर महीने जारी की जा रही है।

नवंबर महीने में जारी की गई रैंकिंग के अनुसार राजस्व संबंधित कार्यों के निष्पादन को लेकर शेखपुरा जिला को पहला स्थान मिला है जबकि पटना जिला 38वें स्थान पर है।

सभी 38 जिलों की रैंकिंग जारी

नवंबर माह में जिलों में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित विभिन्न कामों के आधार पर सभी जिलों की रैंकिंग की गई है। इसमें क्रमवार एक नंबर पर शेखपुरा, दूसरे स्थान पर बांका, तीसरे स्थान पर जहानाबाद, चौथे स्थान पर सिवान, पांचवे स्थान पर वैशाली, छठे स्थान पर सुपौल, सातवें स्थान पर पूर्णिया, आठवें स्थान पर समस्तीपुर, नौवें स्थान पर किशनगंज एवं दसवें स्थान पर मुंगेर जिला है।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जिले की रैंकिंग सुपरविजन ऑफ म्यूटेशन, सुपरविजन ऑफ परिमार्जन प्लस, अभियान बसेरा दो, आधार सीडिंग स्टेटस, एडीएम कोर्ट, डीसीएलआर कोर्ट, डीएम कोर्ट के आधार पर की है।

किस जिले को कितने अंक मिले

रैंकिंग में टॉप जिलों को 100 अंक में सबसे अधिक शेखपुरा को 64.79 अंक मिला है। बांका को 64.35, जहानाबाद को 59.82, सिवान को 55.41, वैशाली को 53.28, सुपौल को 52.86, पूर्णिया को 51.99, औरंगाबाद को 51.06, समस्तीपुर को 50.09 और किशनगंज को 49.47 अंक मिले हैं।

सबसे नीचे हैं ये पांच जिले

38 जिलों की रैंकिंग में 32.76 अंक के साथ पटना 38 वें स्थान पर है।34.42 अंक लाकर लखीसराय 37 वें, 36.40 अंक लाकर नवादा 36 वें, 39.42 अंक लाकर पूर्वी चंपारण 35 वें और 40.02 अंक लाकर शिवहर 34 वें स्थान पर है।

इस रैंकिंग में कई महत्वपूर्ण जिले भी पिछड़े

नवंबर माह की रैंकिंग में नालंदा 46.71 अंक लाकर 16 वें स्थान पर, बेगूसराय 45.10 अंक लेकर 18 वें स्थान पर, भोजपुर 45.06 अंक लेकर 19 वें स्थान पर, सारण 44.96 अंक लाकर 20 वें स्थान पर, 44.34 अंक लाकर मुजफ्फरपुर 21 वें स्थान पर तो 41.30 अंक लाकर गया जिला 28 वें स्थान पर है।

महाराजा छत्रसाल के अंतर्धान तिथि पर आयोजित संकीर्तन की पूर्णाहुति

- पुण्य तिथि पर देवदास परमहंस की समाधि तक यात्रा निकाली गई

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

श्री राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर परमहंस पीठ सत्संग धाम राजापुर में महाराजा छत्रसाल के अंतर्धान तिथि पर आयोजित आठ पहर का राधेश्याम मंत्र का संकीर्तन गुरूवार अपराह्न 2 बजे पूर्ण हुआ। इस अवसर पर सत्संग करते हुए मन्दिर के महंत आचार्य सुरेश चंद्र शास्त्री ने कहा महाराजा छत्रसाल ज्ञानबल, बुद्धिबल के साथ साथ युद्ध कौशल से युक्त देशभक्त के रूप में अपनी कीर्ति से अमर है। उनके आदर्शों को आत्मसात करके हमें अपना नागरिक कर्त्तव्य निभाने का संकल्प लेना चाहिए और सनातन धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। शास्त्री जी ने कहा महाराजा छत्रसाल महामति प्राणनाथ जी के शिष्य थे। ऐसे अवतारी महापुरुष की जीवनी मध्यप्रदेश के छत्रसाल विश्वविद्यालय में एम ए के पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाता है। भारतवर्ष के सभी राज्यों में सबसे अधिक कृष्ण प्रणामी सम्प्रदाय के लोग बिहार में हैं। इसलिए बिहार सरकार द्वारा यहाँ के विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम में भी महामति प्राणनाथ जी महाराज की जीवनी को शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए महामति प्राणनाथ विद्यापीठ के संत विद्यार्थियों ने महाराजा छत्रसाल के नाम पर फूल, फल आदि के वृक्षारोपण किया। स्वच्छता के प्रति समाज में जागृति लाने के लिए झाड़ू लगाकर सफाई सफाई अभियान चलाया। तत्पश्चात परमहंस पीठ के द्वितीय गादीपति ब्रह्मलीन परमहंस देवदास जी महाराज की पुण्य तिथि पर मन्दिर से दुजरा स्थित समाधि तक सुंदरसाथ श्रद्धालुओं के साथ यात्रा निकाली गई। इस उपलक्ष्य में मन्दिर की ओर से भंडारा का आयोजन किया गय, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भीषण भिड़ंत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

संसद में भाजपा और कांग्रेस सांसदों के बीच हुई भिड़ंत का असर पटना में भी हुआ। पटना के कांग्रेस दफ्तर सदाकत आश्रम के बाहर प्रदर्शन करने आए भाजपा के कार्यकताओं और कांग्रेस के लोगों के बीच हाथापाई की नौबत का आ गई। भाजपा और कांग्रेस के कार्यकताओं में गुरुवार को पटना की सड़क पर भीषण भिड़ंत हुआ। इस दौरान दोनों ओर से एक दूसरे पर लाठी-डंडे भी बरसाए गये। इसमें कुछ लोगों को चोट भी आई। पटना की सड़क काफी देर तक रणक्षेत्र में तब्दील रही। पटना में दोनों दलों के कार्यकताओं की यह भिड़ंत कांग्रेस कार्यालय के पास प्रदर्शन को लेकर हुई। संसद में भाजपा और कांग्रेस सांसदों की धक्कामुक्की में दो भाजपा सांसदों को लगी चोट के बाद पटना में भाजपा के कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन निकाला। कांग्रेस को संविधान और अम्बेडकर विरोधी बताते हुए भाजपा के कार्यकर्ता कांग्रेस दफ्तर सदाकत आश्रम की ओर विरोध प्रदर्शन को बढ़े। कांग्रेस के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में सदाकत आश्रम के बाहर पहले से मौजूद रहे और दोनों पक्षों में खूब लाठी-डंडे चले। संविधान विरोधी कांग्रेस मुदार्बाद के नारे लगाते हुए बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता सदाकत आश्रम के बाहर प्रदर्शन को जुटे थे। लेकिन कांग्रेस के लोगों ने इसका जमकर विरोध किया। इस दौरान दोनों ओर से स्थिति काफी आक्रामक हो गई और जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। बीच सड़क पर कुछ समय तक अराजक स्थिति बनी रही। लाठी-डंडे चलने से कुछ लोगों को चोट भी लगी। दरअसल, संसद में गुरुवार सुबह कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर भाजपा ने आरोप लगाया कि उनके धक्का देने से भाजपा के दो सांसद चोटिल हो गये। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। वहीं कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों को सिरे नकारा। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा के सांसदों ने राहुल को संसद में प्रवेश करने से रोका। इस दौरान खुद ही भाजपा के सांसद असंतुलित होकर गिर गये। हालाँकि पूरे मामले में देश स्तर पर आरोप प्रत्यारोप जारी है। अब पटना में दोनों दलों के कार्यकर्ता लाठी-डंडा लेकर एक दूसरे से भिड़ गये।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

खुली ई–निविदा सूचना सं0: सर्विस–सोनपुर2024–25 (01–03)

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी0)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 09.01.2025 को 13:00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है: **(1) कार्य का नाम (मद सं0 सहित):** सोनपुर मंडल : वमई/ I/सोनपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (हाइड्रोलिक प्रकार) (कुल = 25 सेट) की आपूर्ति स्थापना और कमीशनिंग। **अनुमानित लागत (रू.में):** 1,79,19,000.00, **बयाने की राशि (रू.में):** 2,39,600.00, **(2) कार्य का नाम (मद सं0 सहित):** सोनपुर मंडल : वमई/ II/सोनपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (हाइड्रोलिक प्रकार) (कुल = 45 सेट) की आपूर्ति स्थापना और कमीशनिंग। **अनुमानित लागत (रू.में):** 3,22,54,200.00, **बयाने की राशि (रू.में):** 3,11,300.00, **(3) कार्य का नाम (मद सं0 सहित):** सोनपुर मंडल : वमई/ III/सोनपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (हाइड्रोलिक प्रकार) (कुल = 39 सेट) की आपूर्ति स्थापना और कमीशनिंग। **अनुमानित लागत (रू.में):** 2,79,53,640.00, **बयाने की राशि (रू.में):** 2,89,800.00, उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार–किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी0)/पूर्व मध्य रेल, सोनपुर

पीआर/01715/एसईई/ईएनजीजी/टी/24–25/40

बाढ़ से सुरक्षा एवं सिंचाई की महत्वपूर्ण योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति दे केंद्र : विजय

- जल संसाधन मंत्री ने एनडब्ल्यूडीए की 38वीं वार्षिक सामान्य बैठक में हुए शामिल
- नदियों के अंतरयोजन पर बनी विशेष समिति की 22वीं बैठक को किया संबोधित

जल संसाधन मंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से भी मुलाकात की

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण की 38वीं वार्षिक सामान्य बैठक और नदियों के अंतरयोजन पर बनी विशेष समिति की 22वीं बैठक को संबोधित किया। साथ ही उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बिहार की नदी जोड़ परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। उन्होंने कोसी-मेची लिंक परियोजना की डीपीआर के काम को, जो एनडब्ल्यूडीए में लंबित है, अतिशीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। इन बैठकों में जल संसाधन विभाग, बिहार के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल भी शामिल हुए। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि कोसी-मेची लिंक परियोजना बाढ़ प्रबंधन के साथ-साथ सिंचाई के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। इसके प्रथम चरण के कार्यकारी डीपीआर की स्वीकृति के लिए सभी आवश्यक आंकड़े एवं तथ्य के साथ बिहार सरकार द्वारा समर्पित किया जा चुका है। इसके शुरू होने के पश्चात दूसरे चरण की डीपीआर की स्वीकृति की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि कम से कम प्रथम चरण के तहत जहाँ भूमि अधिग्रहण की जरूरत नहीं है, और पुरानी प्रणाली को संवर्धित करने की योजना है, उसकी स्वीकृति देकर प्राथमिकता से कार्य शुरू किया जाय। साथ ही कोसी-मेची लिंक परियोजना का वित्त पोषण केन-बेतवा लिंक परियोजना की तर्ज पर किया जाये और इसे 90:10 के अनुपात में केंद्र सरकार शीघ्र स्वीकृति दे। श्री विजय कुमार चौधरी ने राष्ट्रीय गाद प्रबंधन नीति को भी अंतिम रूप देकर तत्काल प्रभावी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिहार की नदियों में लगातार बेहिसाब गाद जमा होने के कारण नदियों की धार प्रभावित हो रही है तथा उनकी जल संधारण क्षमता में भी ह्रास हो रहा है। गाद प्रबंधन के लिए प्रस्तावित नीति में बिहार सरकार के सुझावों को सम्मिलित किया जाये। साथ ही भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा भी कहीं ड्रेजिंग कार्य के लिए संबंधित राज्यों से परामर्श जरूर किया जाये।

इंफ्रास्ट्रचर और पर्यटन में हो रहाअभूतपूर्व प्रगति : सम्राट

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 का हुआ आगाज

बिहार सरकार की बहुप्रतीक्षित दो दिवसीय बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की शुरूआत गुरूवार को पटना के ज्ञान भवन में हुआ। गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में आज विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए अनुकूल माहौल बना है। यहाँ हर क्षेत्र के विकास के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध है। हमारे यहाँ कृषि का इतिहास काफी समृद्ध रहा है। बिहार कई फसलों के उत्पादन के मामले में सर्वोच्च है जैसे की मक्का, मशरुम, मखाना इत्यादि। यह फूड प्रोसेसिंग उद्योग के लिए अनुकूल परिस्थिति उपलब्ध कराता है। साथ ही, हम उद्योगों के लिए भूमी की समस्या को भी बड़ी तत्परता से हल कर रहे हैं। इंफ्रास्ट्रचर और पर्यटन में भी बिहार अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है।

बिहार के उद्योगों का एक समृद्ध इतिहास

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा, बिहार के उद्योगों का भी एक समृद्ध इतिहास रहा है। पिछले दो दशकों में हमने मुख्यमंत्री नीतीश मिश्रा के दिशा निर्देश में यहाँ के औद्योगिक नींव को और मजबूत किया है, जिसका परिणाम है कि निवेशकों की रूचि बढ़ी है। हम पिछले डेढ़ दशकों से डबल डिजिट ग्रोथ को कायम रखा है। राज्य में उद्योगों के सभी क्षेत्रों में तेजी से प्रगति हो रही है। आज पहली बार बिहार माइंस के मामले में देश के मानचित्र पर तेजी से उभरा है। साथ ही हमने फिल्म के विकास के हमने अनुकूल नीति बनाई है और शूटिंग के लिए बेहतर लोकेशन का निर्माण किया है।

श्रम मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा, मानव संसाधन उद्योगों के विकास के लिए आवश्यक है और बिहार इस मामले में धनी है। यहाँ की युवा शक्ति में अद्भुत क्षमता है, जिसकी पूरी क्षमता के उपयोग के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

पहले दिन कुल छह सत्र आयोजित

बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 उद्योग विभाग, बिहार सरकार की एक ऐतिहासिक पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य के औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के पहले दिन आज कुल छह सत्र आयोजित किए। पहला सत्र बिहार में निवेश के अवसर थीम पर आधारित था। कार्यक्रम की शुरूआतपहले सत्र में बिहार गीत एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा कपूर के पौधे में पानी अर्पित किया गया, जो बिहार सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। अलोक रंजन घोष, निदेशक, उद्योगविभाग, ने गणमान्य अतिथियों और देशभर से आए निवेशकों एवं श्रोताओं का अभिवादन स्वागत सम्बोधन से किया। वहीं बन्दना प्रेयषी, सचिव, उद्योग विभाग, ने पहले सत्र के थीम बिहार में निवेश के अवसर विषय पर एक व्यापक प्रस्तुति दी। इसमें उन्होंने बिहार में उद्योग की अप

संक्षिप्त खबरें

डीएम ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

मुजफ्फरपुर।मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की गई। उन्हें प्राप्त दावा आपत्तियों के निष्पादन के संबंध मे अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 24 दिसंबर 2024 है। विदित हो कि समरी रिविजन के तहत मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने तथा मृत एवं शिफ्ट मतदाता का नाम हटाने की प्रक्रिया की जाती है। बैठक में अवगत कराया गया कि 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होना है। इसके उपरांत मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची हस्तगत कराई जाएगी। उन्हें बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करने एवं सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को दावा आपत्तियों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

चोरी कि घटना को उद्वेदन करने के लिए करें टीम गठित : एसएसपी

बेनीपुर(दरभंगा)।चोरी की घटना पर रोकने के लिए पुलिस को सतर्क रहना पड़ेगा। घटित चोरी की घटना का उद्वेदन करने के लिए विशेष टीम बनाने का आदेश एसडीपीओ को दिया गया। एसएसपी जलारेड्डी जगुनाथ रेड्डी ने बुधवार को देर शाम तक अनुमंडल पुलिस अधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने बहेड़ा थाना क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटना को शीघ्र उद्भेदन करने की बात कहीं। इसके लिए एक विशेष टीम बनाने का आदेश दिया। इसके अलावा नई डीजीपी के अपराध के अनुसंधान करने के नायाब तरीके को अमल करने का तरीका बताया गया। घंटों की कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कांडों का लंबित पर्यवेक्षक, अपराध अनुकरणीय, एसआर रजिस्टर, डकैती कांड, हत्याकांड आदि अपराध पंजी का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कुछ संचिका को शीघ्र अध्ययतन करने का आदेश दिया। मनीगाछी एवं बहेड़ी के एसएचओ को अनुसंधान करने के नए तरीके से अवगत कराया गया। इस दौरान प्रशिक्षु आईपीएस एसपी कोमल मीणा, एसडीपीओ आशुतोष कुमार, बहेड़ा के पुलिस निरीक्षक सूरज गुप्ता आदि उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में स्कूली छात्रा की मौत

बेनीपुर(दरभंगा)। अंटौर गांव में अज्ञात वाहन की ठोकर से स्थानीय कुलदीप पासवान की 9 वर्षिया पुत्री निशु कुमारी की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बच्ची को बेहोश अवस्था में देखकर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल बेनीपुर में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय अंटौर के तीसरी वर्ग की छात्रा गुरुवार को दिन के करीब 4 स्कूल से छुट्टी होने पर छात्रा अपने घर जा रही थी। इसी बीच बेनीपुर की तरफ से अलीनगर जा रहा अज्ञात वाहन ठोकर मार कर फरार हो गया तथा बच्ची सड़क किनारे बेहोश होकर गिर गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही माता धनवंती देवी की रो-रो कर बुरा हाल है। मृतका तीन भाई-बहन में सबसे बड़ी है। उसे छोटा दो भाई है। परिजन अनुमंडल अस्पताल बेनीपुर से शव घर ले गया। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने बेनीपुर- अलीनगर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया है तथा घटना की सूचना बहेड़ा पुलिस को दी है।

पंखे से गला में दुपट्टा लगा एक महिला ने की आत्महत्या

कल्याणपुर, थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर गांव में गुरुवार की सुबह दुपट्टा से पंखा में गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। वह मृतका की पहचान वासुदेवपुरम के ही राजकिशोर प्रसाद के 29 वर्षीय पत्नी प्रियंका कुमारी के रूप में हुई है। वही घटना स्थल पर मौजूद लोगों की माने तो मृतिका का जहानाबाद के एक युवक से इंस्टाग्राम के द्वारा प्रेम प्रसंग होने की बात दबीं जुवान से चर्चा हो रहा था। लगातार बातचीत करने के दौरान प्रेम प्रसंग परमाण चढ़ा तो महिला अपने प्रेमी से मिलने के लिए बेचैन हो गई थी। जब इसकी सूचना मिरतका के परिजनों को मिली तो घर के लोगों ने मोबाइल लेकर बातचीत करने पर रोक लगा दिया। वही परेशान होकर उसने घर में लगे पंखे से दुपट्टा के सहारे गला में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मिरतिका शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया गया।

जिलाधिकारी ने लिया नरौली पंचायत में विभिन्न योजनाओं की प्रगति का जायजा

प्रात :किरणसंवाददाता

मुजफ्फरपुर।मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा मुजफ्फरपुर जिले में 27 दिसंबर को निर्धारित है। इसे दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने अधिकारियों की टीम के साथ मुसहरी प्रखंड के नरौली पंचायत स्थित वृहत आश्रय गृह,

पंचायत सरकार भवन एवं अन्य गतिविधियों की प्रगति का जायजा लिया। पंचायत सरकार भवन के परिसर में जीविका भवन, हेल्थ वेलनेस सेंटर, मनरेगा पार्क, बेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट, आंगनबाड़ी केंद्र हैं जहां कुछ में निर्माण कार्य जारी है। जिलाधिकारी ने सभी विभाग के अधिकारियों को स्थानीय जनता से समन्वय बनाकर छूटे हुए योग्य व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने उप विकास आयुक्त , अपर समाहर्ता आपदा को चेक लिस्ट बनाने तथा उसके अनुरूप प्रतिदिन के कार्य की मॉनिटरिंग एवं समीक्षा कर प्रगति लाने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने बृहद आश्रय केंद्र का भी भ्रमण कर जायजा लिया। बृहद आश्रय गृह मूलतः 6 से 18 आयु वर्ग के अनाथ एवं बेसहारा बालक / बालिकाओं के लिए 200 बेड का निर्माण किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्मित भवन के भूमितल एवं प्रथम तल के कमरों का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी के साथ नगर आयुक्त विक्रम विरकर उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार अपर समाहर्ता आपदा मनोज कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी सुश्री श्रेयाश्री, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी अमित कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

संजय पंकज को मिला कविताम्बरा साहित्य श्री सम्मान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । शहर के वरिष्ठ साहित्यकार,कवि डाक्टर संजय पंकज को को कविताम्बरा तथा विश्व हिंदी शोध संवर्धन अकादमी के तत्वावधान में आयोजित शब्द सारथी डॉ के.के.प्रजापति पर केंद्रित कविताम्बरा विशेषांक के लोकार्पण समारोह के अवसर पर ह्य कविताम्बरा साहित्य श्री सारस्वत सम्मानह्ल से अलंकृत किया गया। सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र, सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह, पुष्पमाल्य , चादर और पुस्तकें भेंट की गईं। बीएचयू हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ वशिष्ठ अनूप, डॉ दयानिधि मिश्र, केशव जालान भाईजी, भोलानाथ त्रिपाठी विह्वल, डॉ कृष्ण कुमार प्रजापति, जय चक्रवर्ती, अनिरुद्ध सिन्हा, डॉ दशरथ प्रजापति, डॉ अजय प्रजापति, डॉ सविता सौरभ तथा अन्य गणमान्य साहित्यकारों की उपस्थिति में डॉ संजय पंकज के रचनात्मक व्यक्तित्व पर बोलते हुए आलोचक डॉ राम सुधार सिंह ने कहा कि ह्लसाहित्य की लगभग सारी विधाओं में डॉ पंकज गंभीरता से निरंतर लिख रहे हैं। इनके गीत छंद की कसौटी, भाषा के संतुलन और शिल्प के सौंदर्य पर सधे हुए होने के कारण सम्मोहक और प्रभावशाली होते हैं। हिंदी गीत कविता के शिखर पुरुष आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री का स्नेह सानिध्य इन्हें मिलता रहा। इन्होंने जानकीवल्लभ शास्त्री संचयिता का कुशल संयोजन और संपादन किया है। मानवीय मूल्य, भारतीय संस्कृति और सघन संवेदना के कवि संजय पंकज एक कुशल वक्ता और सामाजिक सरोकार के भाव-वैभव से संपन्न व्यक्तित्व हैं।ह्व अकादमी के संस्थापक निदेशक कविताम्बरा के संपादक वरिष्ठ साहित्यकार हीरालाल मिश्र मधुकर ने कहा कि ह्य संजय पंकज के लेखन की आज सर्वत्र चर्चा हो रही है। भाव और भाषा से संपन्न एक गीतकार के रूप में जहां ये समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को अधुनातन शिल्प में कुशलता से अभिव्यक्त करते हैं वहीं ललित निबंधकार और आलोचक के रूप में भारतीयता तथा विश्वबंधुत्व को प्रखर वैचारिकता के आलोक में उजागर करते हैं। साहित्य के प्रति इनका समर्पण प्रेरक है। सहजता, सादगी और संवेदना के उत्कर्ष कवि पंकज युवाओं को आगे बढ़ाने में निरंतर सहयोग करते हैं। पूरे देश के साथ ही काशी के लिए भी इनका रचनात्मक और सम्मोहक व्यक्तित्व बड़ा प्रिय तथा आत्मीय है। ह्ल डॉ संजय पंकज ने अपने भावोद्गार में कहा कि - ह्लकाशी की पवित्र धरती पर यह स्नेह-आशीर्वाद जो मुझे मिला है इसे मैं बाबा विश्वनाथ के प्रसाद और भारतीय साहित्य के सरोकार के सम्मान के रूप में मानता और स्वीकारता हूं। मेरे शब्दकर्म के प्रति जो आस्था साहित्यिक सांस्कृतिक पत्रिका कविताम्बरा ने व्यक्त की है उसे मैं पूरी निष्ठा से जीवन-संजीवनी की तरह आत्मसात करता हूं। विदित हो कि यवनिका उठने तक, मंजर मंजर आग लगी है, यहां तो सब बंजारे, मां है शब्दातीत, शब्द नहीं मां चेतना, सोच सकते हो, समय बोलता है, मौसम लेता अंगड़ाई, शब्दों के फूल खिले, बजे शून्य में अनहद बाजा, बिहार की लोककथाएं - जैसी कृतियों के यशस्वी रचनाकार संजय पंकज को राष्ट्रीय स्तर पर कई सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हैं। सम्मानित होने पर डॉ महेंद्र मधुकर, डॉ इंदु सिन्हा, डॉ शारदाचरण, डॉ रामप्रवेश सिंह, डॉ रवींद्र उपाध्याय, डॉ निर्मला सिंह, डॉ पूनम सिन्हा, ब्रजभूषण मिश्र, कुमार विरल, विजय शंकर मिश्र, पुष्पा प्रसाद, वंदना विजय लक्ष्मी, विकास नारायण उपाध्याय, डॉ वीरेंद्र किशोर, समाजसेवी एच एल गुप्ता, मधुमंगल ठाकुर, ब्रजभूषण शर्मा, डॉ रामजी प्रसाद, डॉ एच एन भारद्वाज, अविनाश तिरंगा उर्फ ऑक्सीजन बाबा, डॉ यशवंत, सुधीर कुमार आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की और डॉ पंकज को बधाई दी है।

ईसीआरईयू के रेलवे चुनाव में हुई जीत के उपलक्ष्य मे सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर भारतीय रेलवे में यूनियन की मान्यता के लिए हुए चुनाव में ईस्ट सेंट्रल रेल्वे इम्प्लाईज यूनियन कि अपार मतो से हुई जित के उपलक्ष्य में जयनगर रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग परिसर में केंद्रीय एवं स्थानीय स्तरीय यूनियन के नेतृत्वकारी साथियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम दरभंगा शाखा उपाध्यक्ष बैधनाथ भारती के अध्यक्षता में एवं मिडिया प्रभारी गौतम राम व मो . इम्तियाज के संचालन एवं भूषण सिंह के संरक्षण में ईसीआरयू जयनगर के द्वारा आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में अवकाश प्राप्त रेल कर्मचारी स्थानीय कुली ऐक्टू संबंधित रिक्शा-तांगा यूनियन अध्यक्ष बिड़ी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष मोटर चालक युनियन के अध्यक्ष के अलावे संविदा कर्मी तथा ईसीआरईयू के केन्द्रीय एवं मंडल स्तरीय दर्जनो नेतृत्वकारी साथियों को पाग चादर और माला से सम्मानित किया गया। स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि रेल ईसीआरईयू की जीत रेल कर्मचारियो कि जीत बताते हुए सभी रेल कर्मचारियो को बधाई दिए और कहा कि यूनियन स्थाई एवं केंद्रीय मुद्दों के साथ-साथ कर्मचारियो के स्थानीय समस्याओ के निदान करने की ओर मजबूती से पहल किया जाएगा तथा रेलवे बचाने एवं अधिकारियों द्वारा अनावश्यक कर्मचारियों को किए जा रहे शोषण व दमन पर प्रतिरोध करने की बात कहे । कार्यक्रम में मुख्य तौर पर संयुक्त महामंत्री रत्नेश वर्मा मिथिलेश ठाकुर मंडल अध्यक्ष राकेश पासवान मंडल मंत्री कैलाश पासवान मंडल कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रमोद कुमार यादव अध्यक्ष दरभंगा मो. इम्तियाज संयुक्त सचिव लालबाबू पासवान कृष्ण कुमार कामत,मुस्तफा तस्लीम श्रवण साह, मो. जहांगीर , जीतेन्द्र कुमार , अनिल कुमार, हरिओम कुमार एवं दर्जनों कर्मचारियों ने भाग लिया।

महेंद्र मलगिया को उनके पुस्तक प्रबंध संग्रह को साहित्य अकादमी पुरस्कार देने का फैसला

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी प्रो शीत लाबर झा महासचिव मैथिल समाज रहिका मधुबनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा 2024 का विभिन्न भाषाओं में पुरस्कारों की घोषणा कर दी है ।इस वर्ष का मैथिली भाषा में मधुबनी जिला के रहिका प्रखंड के मलगिया गांव निवासी सुप्रसिद्दनाटककार बशिष्ठ साहित्यकार व लेखक महेंद्र मलगिया जी को उनके पुस्तक प्रबंध संग्रह को साहित्य अकादमी पुरस्कार देने का फैसला किया है ।प्रो झा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि मलगिया जी मधुबनी जिला के गौरव है मिथिला मैथिली के अनन्य सेवी है वे पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में जीवकोपार्जन करते हुए मातृभाषा मैथिली के सेवा की है वे बहुत ही उत्कृष्ट सेवानिवृत्त शिक्षक है मैथिली भाषा के क्षेत्र में खासकर नेपाल में उनके योगदान बहुत ही प्रशंसनीय है उन्हें लोग काफी आदर भी करते हैं वे कई पुस्तक का सृजन किए है, खासकर उनके नाटक एवं निबंध बहुत ही लोकप्रिय है ।प्रो झा ने कहा साहित्य अकादमी को बहुत पहले ही उन्हे ये सम्मान देना चाहिए था जिसके वे योग्य दावेदार थे देर से ही सही साहित्य अकादमी ने उन्हें आखिरकार पहचाना है इस उत्कृष्ट निर्णय के लिए मैथिल समाज रहिका साहित्य अकादमी को धन्यवाद दिया है और मलगिया जी को बधाई दिया है ।वरिष्ठ साहित्यकार साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित उदय चंद्र झा विनोद जी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए है मलगिया जी बहुत ही विद्वान साहित्यकार नाटककार एवं लेखक है वे हमारे परम मित्र भी है उनका योगदान मैथिली साहित्य में उल्लेखनीय है उन्होने मलगिया जी को बधाई दिया है ।प्रसन्नता व्यक्त करने बालो में संस्था के अध्यक्ष पूर्व विधान परिषद सदस्य सुमन कुमार महासेठ, उपाध्यक्ष पूर्व प्रमुख जटा धार पासवान मुखिया मो सनाउल्लाह रहमानी महादेव सहनी कोषाध्यक्ष मधु राय सहसचिव भवेश कुमार झा,सतीश चंद्र मिश्र।

मिर्जागंज में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंज : ,जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के निदेर्शानुसार प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अलीगंज प्रखंड के मिर्जागंज पंचायत के प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में शिविर का आयोजन पंचायत के मुखिया मथुरा मांझी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ अभिषेक भारती, अंचलाधिकारी रंजन कुमार दिवाकर,पीओ असलम हुसैन,एवं जिला विषुत्री उपाध्यक्ष शैलेन्द्र महतो ने संयुक्त रूप से विधिवत उद्घाटन किया।इस शिविर में सभी विभाग राजस्व विभाग , चिकित्सा विभाग ,मनरेगा,प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि विभाग, वाल विकास परियोजना, बिजली विभाग, आपूर्ति विभाग, कृषि विभाग,सहित अन्य विभाग के द्वारा अलग-अलग स्टाल लगाकर मामले का ऑन स्पोर्ट निदान करने तथा सरकार द्वारा सम्बंधित विभाग के माध्यम से चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुचाने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर आए हुए लोगो को बीडीओ अभिषेक भारती ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस शिविर का उद्देश्य सरकार द्वारा जनहित के लिए जारी सभी कल्याणकारी योजनाओ को जानकारी देना है,तथा स्थानीय स्तर पर प्रशासन के सभी इकाइयों के प्रति विश्वास कायम करना है। प्रशासन द्वारा सभी लोगो के साथ समन्वय स्थापित कर प्रशासन को सहयोग कर स्थानीय स्तर पर विकास करना है। इसी लिए सरकार यह योजना चला रही ताके सुदूर गाँव के लोग रोज अपनी परेशानी लेकर कई मीटर चल कर कार्यलय के चक्कर लगाते है, इन्ही सब समस्याओं को दूर करने का सरकार एवं प्रशासन की मदद से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है,वही सीओ रंजन कुमार दिवाकर ने कहा कि सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है उसकी जानकारी हर व्यक्ति तक पहुचाने के लिये कृत संकल्प है, सरकार द्वारा प्रदत्त किसी भी योजना को उसके वास्तविक लाभार्थी तक पहुचाना ही उद्देश्य है ।जो लाभार्थी की समस्या को समाधान करने हेतु प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा,वहीं जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र महतो ने कहा की बिहार सरकार की यह महत्त्व काक्षी योजना चलाई जा रही ताके सरकार हर घर तक पहुंचे और आपकी जो भी समस्या है उसे ऑन द स्पोर्ट समाधान करें, सुदूर गाँव के लोग प्रखंड एवं जिला का चक्कर नहीं लगाए, इस योजना का उदेश्य सरकार को हर गाँव एवं हर लोग तक पहुंचे,लेकिन कई लोगो को जानकारी के अभाव मे शिविर मे काम लोग पहुँचे है, वहीं उन्होंने कहा की इस शिविर मे कई विभाग के पदाधिकारी मौजूद नहीं होने पर नाराजगी जताई, इसकी शिकायत जिला मे करने की बात कही वहीं इस शिविर मे सभी विभाग मिलाकर सैकड़ो मामले आये जिसमे कई मामले को ऑन द स्पोर्ट निष्पादन किया गया , इस मौके पर कृषि पदाधिकारी संजय कुमार, अंचल निरिक्षक प्रमोद कुमार सिन्हा ,पी एच सी डॉक्टर नोमानी, विधुत कननीय अभियंता शैलेश कुमार, कमलेश कुमार,अंचल डाटा ऑपरेटर शिव कुमार,वीरेंद्र हांसदा, सहित सैकड़ो ग्रामीण उजस्थित थे

खेल मैदान के निर्माण कार्य का रिमोट के माध्यम से किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ने ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत 63,827.35 लाख रुपयेराशि के 5671 ग्राम पंचायतों में 6659 खेल मैदान के निर्माण कार्य का रिमोट के माध्यम से शुभारंभ किया जिसमे मधुबनी जिले के 255 पंचायतो में 385 खेल मैदान भी शामिल है ।जिले में मनरेगा के तहत खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा जिससे जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा के साथ साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्रो के खेल प्रतिभाओं को मिलेगा अवसर साथ ही जिले में 297605 मानव दिवस का भी होगा सृजन।पटना में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग भी की गई,जिसमे जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा डीडीसी दिपेश कुमार सहित कई पदाधिकारी समाहरणालय स्थित वीसी कक्ष से वर्चुअल माध्यम से जुड़े वही संबधित प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय अधिकारी कर्मी स्थानीय जनप्रतिनिधि आदि कार्यस्थल पर उपस्थित रहकर कायार्रंभ करवाया।जिले में खेल मैदान के विकास के फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और उनका उत्साह वर्धन भी होगा खेल मैदान विकसित होने से युवाओ के बीच खेल प्रतियोगिताओ और प्रतिस्पर्धा ओ के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। खेल मैदान के विकास के क्रम में ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरो को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होगे ।बताते चल की भूमि की उपलब्धता के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रो में तीन प्रकार के खेल मैदान विकसित किया जा रहे हैं पहले प्रकार के खेल मैदान बड़े आकार के होंगे जिनका क्षेत्रफल 4 एकड़ तक का होगा। बड़े खेल मैदान में गांव के युवाओ को खेलने के लिए क्रिकेट फुटबाल बास्केट बाल वालीबाल रनिंग ट्रेक बैडमिंटन ऊंची कूद लंबी कूद कबड्डी और खो-खो खेलो की सुविधा स्थानीय आवश्यकता के अनुसार ग्रामीण युवाओ के लिए विकसित की जाएगी। दूसरे प्रकार के खेल में मैदान का आकार मध्यम आकार के होगे जिनका क्षेत्रफल एक से डेढ़ एकड़ तक का होगा। मध्यम आकार के खेल मैदान में क्रिकेट फुटबाल बास्केटबाल वालीबाल रनिंग ट्रेक बैडमिंटन ऊंची कूद और लंबी कूद की सुविधा स्थानीय आवश्यकता के अनुसार ग्रामीण युवाओं के लिए विकसित की जाएगी। तीसरे प्रकार के खेल मैदान छोटे आकार के है जिनका क्षेत्रफल एक एकड़ से कम है।

खेल मैदान का हुआ शुभारम्भ

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

प्रखंड के 24 स्थानों पर मुख्यमंत्री नितीश कुमार के द्वारा ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहेता के उच्च विद्यालय बरहेता में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत खेल मैदान के निर्माण कार्यक्रम अभियान के तहत छात्रों के खेलकूद को लेकर खेल मैदान का निर्माण कार्य कराया जा रहा है.। इसी कड़ी में गुरुवार की दोपहर समस्तीपुर जिले के बरहेता हृदय नारायण उच्च विद्यालय परिसर में प्रभारी जिलाधिकारी अजय कुमार तिवारी, ने विधिवत दीप प्रज्वलित शिलान्यास किया. मौके पर डीसी संदीप शेखर प्रियदर्शी, एसडीएम दिलीप कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी विश्वदेव मंडल, जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी महमूद आलम, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, 2 विजय महतो, सीओ शशि रंजन व मनरेगा पीओ महेश भगत उपस्थित रहे। मौके पर जिलाधिकारी ने बताया, कि बिहार सरकार द्वारा खेल मैदान का निर्माण कर एक क्रांतिकारी कदम उठाया है. जिससे ग्रामीण बच्चों जहां खेल कूद के अवसरों को बच्चों की शारीरिक मानसिक विकास होता है. वहा बन रहे खेल मैदान में विकसित होने का मौका प्राप्त कर सकेंगे। मौके पर स्थानीय अजय कुमार ठाकुर, रमन कुमार व विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय के सभी छात्र व शिक्षक संजय कुमार सरवन कुमार झा शिक्षिका पूजा कुमारी श्वेता कुमारी रुखसाना जमील आदि मौजूद थे।

संसद परिसर में राहुल गांधी द्वारा भाजपा सांसदों को धक्का देना मयार्दा के विपरीत : सांसद

प्रात :किरणसंवाददाता

दरभंगा।भारतीय संसद डेढ़ सौ करोड़ देशवासियों का सबसे पवित्र मंदिर जहां से न्यायपालिका विधायिका तथा कार्यपालिका की सभी व्यवस्थाएं संचालित की जाती हैं। लेकिन देश के इतने बड़े मंदिर संसद के प्रसार में परिसर में काग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भाजपा सांसदों प्रताप सारंगी एवं मुकेश राजपूत को धक्का देकर चोटिल कर दिया गया वह लोकतांत्रिक मयार्दा के नाम पर कलंक है। इस अमर्यादित आचरण के लिए राहुल गांधी के साथ साथ पूरी काग्रेस पार्टी को देशवासियों से क्षमा मांगनी चाहिए। दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने संसद परिसर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे भाजपा सांसदों के के साथराहुल गांधी के द्वारा किए गए धक्का मुक्की पर अपनी प्रतिक्रिया में उपरोक्त बातें कही हैं।सांसद डा ठाकुर ने राहुल गांधी द्वारा किए गए इस अमर्यादित व्यवहार को संसदीय इतिहास का सबसे काला अध्याय बताते

सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध बालिकाओं ने किया साइकिल मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।मुसहरी प्रखंड के मणिका बाबा बनवारी नाथ मठ से एक्शन एड के तत्वावधान में किशोर -किशोरियों (बालिकाओं) के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध साईकिल मार्च को अरविन्द कुमार सिंह उर्फ विजय सिंह, मुखिया,मणिका विशुनपुर चांद , मुक्तेश्वर प्रसाद सिंह मुकेश, पूर्व जिला पार्षद, मुसहरी, कैलाश ठाकुर, भूतपूर्व शिक्षक एवं प्रखंड के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता तथा अरविन्द कुमार, जिला समन्वयक, एक्शन एड द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।साइकिल मार्च में शामिल होने वाली महादलित बस्तियों की किशोरियों को संबोधित करते हुए मुखिया विजय कुमार सिंह ने उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़कर अपने और अपने समाज को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और किशोर- किशोरियों को इस परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने का यह बेहतर कार्यक्रम है और इससे समाज में एक मैसेज जायेगा। 75 की संख्या में किशोर -किशोरियों ने अपने साइकिल पर किशोरी सशक्तिकरण व विभिन्न सामाजिक कुरीतियों यथा कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ, बाल विवाह,बाल श्रम तथा बाल व्यापार के खिलाफ नारा लिखित प्लाकार्ड को लेकर पंक्तिबद्ध होकर मनिका मुर्रा, मोमीन पुर, बुधनगरा, डुमरी, नरौली, मनिका हरिकेश, होते हुए नरसिंहपुर चौक पहुंचा।साइकिल मार्च में सावित्री बाई फूले, संतोषी, उड़ान, शुभांगी, पूजा, मदर टेरेसा, समूह के किशोर,किशोरियां शामिल थे। साईकिल मार्च में एक्शन एड के फिरोज अहमद, हैदर अली तथा जगदीश मांझी ने सहयोग किया। साइकिल मार्च के प्रारम्भ स्थल बाबा बनवारी नाथ मठ के प्रांगण में साइकिल मार्च में शामिल किशोर -किशोरियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए मुक्तेश्वर प्रसाद सिंह मुकेश ने प्रतिभागियों को वैज्ञानिक व तार्किक शिक्षा प्राप्त करने व पितृसत्तात्मक व्यवस्था को बदलने तथा समता वादी समाज की स्थापना के लिए आवाज बुलंद करने की अपील की। कैलाश ठाकुर ने बच्चों को बाल विवाह,बाल श्रम तथा बेमेल विवाह तथा विवाह के नाम पर बच्चों की होने वाली तस्करी के बारे में सजग किया। संगोष्ठी में धन्यवाद ज्ञापन राजगीर कुमार, प्रखंड समन्वयक एक्शन एड ने किया।

कपिलेश्वर स्थान राम जानकी विवाह भवन परिसर में प्रखंड राजद रहिका की बैठक

प्रात :किरणसंवाददाता

मधुबनी रहिका प्रखंड अंतर्गत कपिलेश्वर स्थान परिसर राम जानकी विवाह भवन में प्रखंड राजद रहिका की बैठक हुई। बैठक में सदस्यता अभियान को सुचारू रूप से चलाने और संगठन को मजबूत करने के लिए विचार- विमर्श किया गया। प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार यादव के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रदेश द्वारा प्रतिनियुक्त संगठन प्रभारी कुमर राय ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर दो से तीन क्रियाशील सदस्य बनाना है। 5 जनवरी 2025 तक अनवरत सदस्यता अभियान चलता रहेगा। इसके लिए सभी प्रखंडो में प्रभारी नियुक्त कर दिया गया है। कहा कि बिस्फी विधानसभा में 333 बूथ है, सभी बूथ पर कम से कम तीन क्रियाशील सदस्य बनाना है।राजद जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक रामाशीष यादव ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल सांप्रदायिक सद्भाव एवं सामाजिक न्याय के मुख्य सिद्धांतों के साथ गरीबोऔर वंचितो के विकास में लगा हुआ है।आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं को अभी से सदस्यता अभियान के माध्यम से जुट जाने की अपील की। उन्होने एक-एक कार्यकर्ता नेता को पूरे जिम्मेवारी के साथ सदस्यता अभियान चलाना है और लालू प्रसाद यादव और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के हाथो को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान का जो लक्ष्य है उसे हर हाल में पूरा करना है। सभी कार्यकर्ता तन मन से लगकर सदस्यता अभियान में लग जाए और अधिक से अधिक सदस्य बनाएं। बैठक में राजद के वरिष्ठ नेता जयनारायण यादव,भारत पंडित,चंदन ठाकुर अजितनाथ यादव,इंद्रजीत राय, राजेंद्र यादव, विजय यादव,रंगीला,बदरुल हक,सुरेंद्र कुमार चौधरी, रेखा कुमारी, सीताराम यादव,अजय ठाकुर , जुड़ी चौपाल,रामदेव खतबे, बृहस्पति सदाय, संजीव यादव,प्यारे जी, श्रवण यादव,चंद्रपाल मंडल,लड्डू ठाकुर सहित आदि मौजूद थे।

सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने धूमधाम से मनाया बल का 61वां स्थापना दिवस

प्रात :किरणसंवाददाता

मधुबनी जयनगर अनुमण्डल मुख्यालय स्थित 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल परिसर में कमांडेंट गोविंद सिंह भण्डारी के कुशल नेतृत्व में वाहिनी मुख्यालय तथा अधीनस्थ सीमा चौकियो में सशस्त्र सीमा बल के 61वें स्थापना दिवस को धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । स्थापना दिवस के अवसर पर परिसर में खेल कूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्र

संक्षिप्त खबरें

एक व्यक्ति के साथ उसके भाई ने की मारपीट

जमुई [झाझा] थानाक्षेत्र के करहरा गांव में महिलाओं के बीच हो रहे झगड़े में एक व्यक्ति पर उसके भाई, भतीजा के द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल को लोगों की मदद से इलाज हेतु रेफरल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर सदाब अहमद के द्वारा इलाज किया गया। घायल की पहचान अंतु यादव के रूप में हुई है। घायल ने बताया कि मेरे घर की महिला और मेरे भाई के घर की महिला के बीच विवाद हो रहा था जिसको लेकर छोटा भाई टीपु यादव एवं अन्य उसके घर के सदस्य मारपीट करने लगा और मेरे ऊपर लाठी से प्रहार कर मुझे घायल कर दिया।

होम्योपैथिक हेल्थ सम्मिट कार्यक्रम में दो होम्योपैथ्य चिकित्सक को आया नेपाल से निमंत्रण

जमुई [झाझा] आगामी 21- 22 दिसम्बर को नेपाल के विराटनगर में नेपाल होम्योपैथिक चिकित्सक संग की ओर से होने वाले इंडो-नेपाल होम्योपैथिक हेल्थ सम्मिट 2024 में झाझा के एक महिला और एक पुरुष होम्योपैथ्य चिकित्सक को आमंत्रण पत्र नेपाल से आया है जिमसें होम्योपैथ्य चिकित्सक डॉक्टर हिमाद्रि मोहन चक्रवर्ती और उसकी पत्नी डॉक्टर नमिता चक्रवर्ती शामिल हैं। नेपाल में होने वाले कार्यक्रम में दोनो डॉक्टर को बुलाये जाने पर झाझा के अन्य होम्योपैथ्य चिकित्सक ने खुशी जाहिर किया है। नेपाल में होने वाले कार्यक्रम में चयनित हुए डॉक्टर एचएम चक्रवर्ती ने बताया कि नेपाल के नेपाल होम्योपैथिक चिकित्सक संघ के अध्यक्ष डॉक्टर रविन्द्र राय के द्वारा भव्य कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमे अलग अलग क्षेत्रों से होम्योपैथ्य डॉक्टर के द्वारा होम्योपैथिक पद्धति से लोगों को कम रुपए में बेहतर इलाज किया जाता है सहित अन्य कई तरह की बिंदुओ पर अपनी अपनी बातों को रखेंगे।

शराब तस्कर 48 लीटर अंग्रेजी शराब छोड़ कर हुआ फरार

बरियारपुर (मुंगेर)। सुलतानगंज बरियारपुर मार्ग के नीरपुर गांव के समीप 48.525 लीटर अंग्रेजी शराब को पुलिस ने बरामद किया है। नीरपुर गांव के समीप बरियारपुर पुलिस के गस्ती वाहन देख अंग्रेजी शराब छोड शराब तस्कर फरार हो गया। इस सम्बंध मे थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक वीरभद्र कुमार सिंह ने बताया कि कल्याणपुर रेलवे स्टेशन से शराब के खेप आपूर्ती के उद्देश्य से ले जाने के क्रम मे पुलिस गस्ती वाहन देख शराब तस्कर फरार हो गया।

जिलाधिकारी के सफल निर्देशन में खेलो इंडिया के तहत खेल मैदान निर्माण कार्यारंभ

लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत खिलार पंचायत में खेल मैदान निर्माण कार्यारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई ग्रामीण विकास विभाग, बिहार पटना द्वारा खेलो इंडिया के तहत महात्मा गांधी, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तत्वाधान में 5671 ग्राम पंचायतों में 6659 खेल मैदान के निर्माण का कार्यारंभ गुरुवार 19 दिसम्बर को राज्य मुख्यालय से माननीय मुख्यमंत्री महोदय के कर कमलों द्वारा 11.00 बजे किया गया। उक्त कार्यक्रम का छ्प्ी रइथ्ैल्ल के माध्यम से प्रसारण किया गया, जिसे सभी जिला के जिला पदाधिकारी एवं मनरेगा से संबंधित अन्य पदाधिकारी विडियो कांन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े । यह विडियो कांन्फ्रेंस, जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में आहूत की गयी, जिसमें श्रीमती अभिलाषा शर्मा, जिला पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक, मनरेगा जमुई, राकेश कुमार सिंह, प्रभारी उप विकास आयुक्त, निरज कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा उपस्थित थे। उक्त आयोजित कार्यक्रम में जमुई जिला के 152 पंचायत के 152 खेल का मैदान भी शामिल है, जिसका कार्यारम्भ माननीय मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा गुरुवार को किया गया है। प्रखंड स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन करते हुए प्रखंड अन्तर्गत सभी खेल के मैदान का कार्यारम्भ जन प्रतिनिधियों/स्कूली बच्चों की उपस्थिति एवं गांव के गणमान्य लागों की उपस्थिति में किया गया । इस जिला में कुल 152 पंचायतों में तीन श्रेणी के खेल के मैदान का निर्माण कराया जायेगा, जिसमें 38 वैसे खेल के मैदान होगें, जो 4 एकड़ तक के होगें और उसमें फुटबाल, रनिंग ट्रेक, बेडमिंटन ,वॉलीभोल, वास्केट वॉल, हाई जम्प, लोंग जम्प, खो-खो एवं कबड्डी खेला जा सकेगा । 37 वैसे खेल के मैदान होगें, जो 1 से 1.5 एकड़ के बीच का होगा और उसमें खो-खो एवं कबड्डी खेला जा सकेगा। 77 वैसे खेल के मैदान होगें, जो 1 एकड़ से कम का होगा, इसमें खेलने की सुविधा होगी। वहीं लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत खिलार पंचायत में कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा कौशलेंद्र कुमार, पंचायत रोजगार सेवक अजय दास, मुखिया बलराम सिंह, सभी मनरेगा कर्मी, सभी पंचायत के वार्ड सदस्य की गरिमामई उपस्थिति में खेलो इंडिया के तहत खेल मैदान निर्माण का कायार्रंभ किया गया है। जिसके निर्माण से खेल प्रेमी युवाओं में कभी उत्सुकता देखी गई है।

छात्राएं अपने निर्णय, दृढ़ निश्चय और सही दिशा के चयन से सफल हो सकती है : दिवाकर

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। होली क्रॉस स्कूल, दरभंगा में दो दिवसीय 30वें वार्षिक उत्सव का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायाधीश रविशंकर कुमार और विशिष्ट न्यायाधीश प्रोतिमा परिहार ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य अतिथि सुमन कुमार दिवाकर ने छात्रों और अभिभावकों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि आज के दौर में छात्रों को केवल स्मार्ट नहीं, बल्कि ह्यकटिंग एज स्मार्टह्ण व्यक्तित्व विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने तीन ह्यडीह्ण 1 डिसिजन, 2. डिटरमिनेशन, और 3. डायरेक्शन को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि इन मूल मंत्रों पर अमल कर अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। न्यायाधीश श्री दिवाकर ने यह भी कहा कि तकनीकी युग में सोशल मीडिया के कारण छात्राओ और अभिभावकों के बीच अनजाने में संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जो छात्रों के निर्णय लेने और उनकी सफलता में बाधक बनती है। उन्होंने इस दूरी को पाटने और संचार क्रांति का सकारात्मक उपयोग करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना किया। छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर जैंसी मैथ्यू ने स्कूल प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबधन छात्राओं के सर्वांगिण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम के संचालन में स्कूल प्रबंधिका सिस्टर नीली कुजूर, शिक्षा समन्वयक सिस्टर एलसीट और उप-प्रधानाचार्या सिस्टर सूरीना केरकेट्टा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षकों, स्टाफ और छात्राओं ने भी अहम योगदान दिया। कार्यक्रम के सफल समापन पर सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

संग्रामपुर में बनेगा इंडस्ट्रियल पार्क : जमीनों को चिह्नित करने की कवायद शुरू, लोगों को मिल सकेगा रोजगार

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)।प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र कटियारी पंचायत अंतर्गत आदि बासी बाहुल्य डंगरा गांव से सटे ददरी मौजा में इन्डस्ट्रीयल पार्क के लिए 100 एकड़ जमीन का स्थल निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार डीसीएलआर दिलीप कुमार,सीओ नीशीथ नंदन,पीओ प्रशांत कुमार आदि द्वारा किया गया।अनुमंडल पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा अनुमंडल स्थल पर समीक्षात्मक बैठक की थी।जिसमें संग्रामपुर प्रखंड में करीब एक सौ एकड़ जमीन पर इन्डस्ट्रीयल पार्क बनाए जाने की बात कही गयी थी।जिसका स्थल निरीक्षण कर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विभाग को भेजा जायेगा।इसके बाद विकास के लिए बिहार सरकार अब इंडस्ट्रियल पार्क को स्थापित कराने की तैयारी में है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत खेल मैदान निर्माण का किया गया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] प्रखंड क्षेत्र के पैरगाहा पंचायत अंतर्गत चोकीजोर गांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत खेल मैदान निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। जिसकी अगुआई मुखिया नरेश विश्वकर्मा ने की। मौके पर पीआरएस संतोष कुमार सिंह ने बताया कि यह योजना वर्ष 2024 - 25 जिसमें कुल 983323 की लागत से बनेगा जिससे पंचायत तथा क्षेत्र का नाम रोशन होगा गांव के युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करेंगे। यह कार्यक्रम माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र में करवाना तय हुआ है जिसमें माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा ग्रामीण विकास विभाग को 638 करोड़ 27 लाख की लागत से 533 प्रखंडों के 5671 पंचायत में 6659 खेल मैदान निर्माण करवाना है। मौके पर पंचायत के मुखिया नरेश विश्वकर्मा ने कहा कि यह पंचायत वासियों के लिए खुशी का पल है इससे पंचायत के युवाओं को खेल के लिए प्रेरणा मिलेगा तथा एक निश्चित जगह मिल सकेगा आने वाले समय में हमारे पंचायत के युवा खेल के क्षेत्र में क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।मौके पर अभाविप छात्र नेता हरिनंदन प्रजापति ने कहा कि झाझा के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार का विकास कार्य होना अपने आप में गर्व की बात है समस्त पंचायत वासियों को शुभकामना देते हैं तथा माननीय मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हैं कि इस प्रकार के कार्यक्रम के माध्यम से गांव के खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय व अंतरराष्ट्रीय खेलों में सम्मिलित होने के लिए प्रेरणा व मौका मिलेगा। मौके पर निरंजन कुमार, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार, मनोज यादव, विनोद यादव, महेश टुडू, बुद्देव टुडू, अजय कुमार, नीतीश केसरी आदि दर्जनों उपस्थित रहें।

सोनो मे शितलहर का प्रकोप जारी घरों में दुबकने पर मजबूर हुए लोग

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई / सोनो : पिछले एक सप्ताह पुर्व से सोनो प्रखंड छेत्रों मे शितलहर का प्रकोप लगातार जारी हे ।पठारी छेत्रों से घिरे सोनो प्रखंड ठंड की चपेट में हे ।जिस कारण दिहाड़ी मजदूरों पर खास असर पड़ा है ।इसके अलावा दुर दराज सफर करने वाले यात्रियों को इस ठंड से भारी कठिनाइयाँ झैलनी पड़ रही है ।शितलहर से बचने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा कई चोक चौराहों पर अलाव सेंकते देखा गया है ।लोजपा रामविलास के प्रदेश महा सचिव सह चकाई के पुर्व विधायक प्रत्याशी संजय कुमार मंडल , झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य सह चकाई विधानसभा छेत्र के पुर्व विधायक प्रत्याशी ओंकारनाथ बरनवाल सहित कई समाज सेवियों ने सोनो चोक , डुमरी , खपरिया तथा बटिया स्थित बाबा झुमराज चोक पर अलाव जलाने की मांग जिला प्रशासन से की हे ।इधर सोनो बाजार के एक प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ० अवधैश कुमार निराला ने लोगों को ठंड से बचने की सलाह देते हुए कहा है कि शितलहर के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें और घर के अंदर ही रहें ।ठंड में लंबे समय तक बाहर नहीं रहें ।शितलहर के दौरान उनी कपड़ों का प्रयोग जरूर करें । जिससे आपका सिर , गर्दन , हाथ ओर पैर पुरी तरह ढका रहे ।डॉक्टर श्री अवधेश कुमार ने विटामिन युक्त फल ओर हरी सब्जियों का प्रयोग करने एवं शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए गर्म तरल पदार्थ का सेवन करने की सलाह दी हें । उन्होंने दिसंबर ओर जनवरी माह मे होने वाला शितलहर के दौरान सर्द हवाओं से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ने से बचने की सलाह देते हुए कहा कि वृद्धजनों ओर बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान दें ।शितलहर के दौरान नाक बहना , नाक बंद होना , फ्लु ओर नाक से खुन आने पर तुरंत चिकित्सक के पास जाकर इलाज करायें ।साथ ही कंपकपी , मांसपेशियों में अकड़न , बोलने में कठिनाई , अधिक निंद आना , सांस लेने मे कठिनाई ओर बैहोसी जैसे लक्षण दिखाई देने पर भी तुरंत डाक्टर के पास जाकर इलाज कराना चाहिए ।ज्ञात हो कि इस शितलहर के प्रकोप से फसलों मे पाला पड़ने ओर विभिन्न प्रकार के रोग फैलने की खतरा बनी रहती है ।वहीं गेंहू , अरहर , सरसों , चना , मटर एवं गन्ना की फसलों पर शितलहर का खास प्रभाव नहीं पड़ता है ।

पुष्पेंद्र ने गूगल में वार्षिक 40 लाख रुपये के पैकेज पर पाई नौकरी

प्रत्येक दिन 16-18 घण्टे तक किताबी दुनिया मे रहता था डूबा

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] प्रखंड क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के होनहार लाल ने गूगल में वार्षिक 40 लाख के पैकेज पर अपनी नौकरी हासिल करने में कामयाब रहा। हालांकि उसकी बेहतर भविष्य को लेकर उसके पिता और मां ने उसे लेकर अपने गांव छोड़कर 2008 में देवघर में बस गया और अपने लाल की पढ़ाई को जारी रखने में हर सम्भव मदद करते रहा। पुष्पेंद्र की गूगल में नौकरी लगने के बाद घर वालों के साथ पूरे क्षेत्र में लोगों की खुशी का माहौल बना हुआ है। पुष्पेंद्र बताते है कि गूगल जैसी कंपनी में जॉब लेने का सबके लिए एक ही सामान प्रोसेस होता है। उन्होंने बताया कि हमारे सीवी के बेसिस पर उसे शॉर्ट लिस्ट किया जाता है और इंटरव्यू कराया जाता है। अभी गूगल में कुछ वर्षों तक काम करने का इरादा है। इससे आगे भी हमे जाना है। पुष्पेंद्र के पिता हरिओम कुमार एक साधारण कांट्रेक्टर है और मां हाउस वाइफ है। उनके छोटे भाई और बहन भी कंपीटिशन की तैयारी कर रहे है। होनहार युवक की पहचान सर्किल नम्बर एक बुढिखार गांव के रहने वाले पूर्व मुखिया रामचंद्र आर्य के पोते व हरिओम का बड़ा पुत्र पुष्पेंद्र कुमार के रूप में हुई है। जिसके बाद माता पिता के कठिन परिश्रम का फल यह आया कि उसके बेटे पुष्पेंद्र ने गूगल में नौकरी पाकर अपने माता पिता दादी दादी सहित अन्य घर के सदस्य लोगों का नाम रौशन करते हुए अपने गांव, प्रखंड, जिला का भी नाम रौशन किया। आगे उन्होंने बताया कि आईआईटी खड़गपुर में जाने के बाद मैंने अपना इंट्रेस्ट को फाइन आउट किया की मेरा इंट्रेस्ट किसमे है।जहां मुझे पता चला कि मेरा इंटरेस्ट टेक्नोलॉजी के तरफ ज्यादा है। इसी बीच उनकी पढ़ाई के अंतिम वर्ष गूगल ने आईआईटी खड़गपुर में प्लेसमेंट के लिए कैंप किया था।जिसमें करीब दो हजार से अधिक आईआईटियन छात्रों के साथ मैंने ने भी गूगल के लिए अप्लाई किया था। तीन राउंड के असेसमेंट, इंटरव्यू और कोडिंग के टेस्ट के बाद केवल 6 लड़कों का ही चयन गूगल के लिए किया गया,जिसमें मैं भी शामिल हूँ। पुष्पेंद्र का कहना है कि गूगल में जॉब करना मेरा सपना था। 40 लख रुपए सालाना पर मुझे हायर किया गया है। पुष्पेंद्र बताते हैं कि अगर यही प्लेसमेंट उन्हें विदेशों में मिलता तो उन्हें दो करोड़ रुपए सालाना मिलता। पुष्पेंद्र देवघर में एक निजी स्कूल से दशवीं कक्षा में पास करने के बाद वहां से ही इंटर की परीक्षा में सफल हुआ और उसके बाद अपनी आईआईटी- जेईई के सपनो को लेकर परीक्षा दिया जिसमें चयनित होकर खड़कपुर में आईआईटी की पढ़ाई करते हुए गूगल में नौकरी लेकर अपने सपनों को साकार किया। पुष्पेंद्र ने अपनी पढ़ाई को लेकर बताया कि जिस कठिनाई के बीच माता पिता और घर के सदस्यों ने मुझे पढ़ाई में जितना सहयोग दिया उससे मुझे यही लगा कि अपने घर के लोगों के द्वारा मेरे लिए दिए गए योगदान को मैं एक दिन सफल होकर उनके सपनों को साकार कर सकूं और फिर मैंने मंजिल को पाने के लिए अपनी कड़ी मेहनत को और भी बढाते हुए प्रत्येक दिन 16- 18 घण्टे तक किताबी दुनिया मे डूब गया। इस दौरान किसी कार्यक्रम में नही शामिल होता था और अपने लक्ष्य को पाने के लिए जुट गया।

23 से शुरू होगी 11 वीं की मासिक परीक्षा

- 11वीं की परीक्षा में लगभग 20000 से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। जिले के + प्लस टू स्कूलों में कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों की मासिक परीक्षा 23 दिसंबर से शुरू होगी। बता दें कि वैसे छात्र-छात्राएं जो 11 वीं की वार्षिक परीक्षा वर्ष 2025 में शामिल होने जा रहे हैं। इसमें पहले हर महीने मासिक परीक्षण देनी होगी। इसी क्रम में यह मासिक परीक्षा दिसंबर माह में आयोजित की जा रही है। बिहार बोर्ड के अनुसार यह परीक्षा 31 दिसंबर तक चलेगी। परीक्षा दो पालियां में आयोजित की जाएगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 11:30 बजे तक व दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 12:45 बजे से 2:15 बजे तक होगी। 23 को प्रथम पाली में फिजिक्स फिलॉसफी, उद्यमिता व दूसरी पाली में केमिस्ट्री, एकाउंटेंसी,पॉलिटिकल साइंस, 24 को पहली पाली में गणित व दूसरी पाली में बायोलॉजी,भूगोल,बिजनेस स्टडीज, 26 को पहली पाली में इंग्लिश व दूसरी पाली में हिंदी, 27 को पहली पाली में उर्दू,मैथिली, संस्कृति आदि व दूसरी पाली में साइकोलॉजी,28 को पहली पाली में कृषि विज्ञान व अर्थशास्त्र एवं दूसरी पाली में सोशियोलॉजी,30 को पहली पाली में हिस्ट्री व दूसरी पाली में म्यूजिक और 31 को पहली पाली में होम साइंस की परीक्षा होगी। इस परीक्षा में जिलेभर के इंटर स्कूलों में 11वीं कक्षा के करीब लगभग 20000 से अधिक छात्र-छात्रा शामिल होंगे। जिन छात्र-छात्राओं का नामांकन 11वीं में हो चुका है। इंटर बोर्ड की परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को इस परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है। इस परीक्षा का आयोजन विद्यालय स्तर पर होगा। यह मासिक परीक्षा है। इसलिए इस परीक्षा में विद्यालय में दिसंबर माह तक पढ़ा गए पाठ के प्रश्न आएंगा। कुल 50 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे।कक्षा 11वीं की मासिक परीक्षा का प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिका बिहार बोर्ड भेजेगा। मासिक परीक्षा की कॉपियों की जांच विद्यालय में ही की जाएगी। 3 जनवरी तक मासिक परीक्षा का रिजल्ट जारी किए जाने का निर्देश बोर्ड की ओर से दिया गया है। कहा गया है कि परीक्षा में कदाचार करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जाम से निजात पाने के लिए चेम्बर्स अध्यक्ष ने दिया आवेदन

संग्रामपुर (मुंगेर) ।इन दिनों संग्रामपुर में जाम की समस्या आम बात हो गयी आने जाने वाले लोगों के अलावे स्कूली बच्चों को भी इस जाम का सामना करना पड़ता है।इस जाम से निजात पाने के लिए चेम्बर्स आंफ कामर्स अध्यक्ष निलाभ कुमार ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अनीश रंजन ,सीओ निशीथ नंदन,थानाध्यक्ष तारकेश्वर कुमार सिंह को आवेदन देकर जाम से निजात दिलाने की मांग की है। चेम्बर्स आंफ कामर्स अध्यक्ष श्री कुमार द्वारा दिए आवेदन में कहा है कि संग्रामपुर कृषि एवं छोटे व्यवसाय पर आधारित नगरपंचायत है,विगत कुछ दिनों से संग्रामपुर मोड़ होते हुए गंगटा मोड़ के लिए ट्रेकों की संख्या में इजाफा हुआ है।जिसके कारण दिन -रात बाजार में जाम की स्थिति बनी रहती है।जिसके कारण व्यवसाय पर भी असर पढ़ रहा है।आम जनों के साथ ही साथ स्वास्थ्य व्यवस्था भी इस जाम से अछूते नही है।पुलिस वाहन भी गस्ती के दौरान जाम का शिकार है जा रहा है।खासकर जब अलग-बगल के विधालयों में छुट्टी का समय होता है।तब उनके वाहन आने से और भी जाम का सामना करना पड़ता है।कुल मिलाकर आम दिनचर्या में उथल-पुथल हो जा रहा है। चेम्बर्स आंफ कामर्स अध्यक्ष ने इस जाम भरी व्यवस्था से संग्रामपुर को मुक्त कराने की मांग की है।

नयागांव में मगध मिशन के तहत दर्जनों पेड़ लगा जल जीवन हरियाली के तहत किया गया वृक्षारोपण

वृक्ष लगाकर दिया हरियाली का संदेश

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड के कुंधुर पंचायत के नयागांव में जल जीवन हरियाली के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।मगध मिशन के तहत पर्यावरण संरक्षण व जलवायु अस्थिरीकरण के नियंत्रण को लेकर समाज में हरियाली का संदेश देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर गायक अभिनेता व मगध मिशन के चेयरमैन मिथलेश यदुवंशी के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। ताकि क्षेत्र में वृक्ष लगाकर हरियाली लायी जा सके व वृक्षारोपण से वातावरण को शुद्ध किया जा सके। वहीं इस मौके पर गायक अभिनेता व मगध मिशन के चेयरमैन मिथलेश यदुवंशी ने कहा कि बीते वर्षों कोरोना संक्रमण के दौरान ऑक्सीजन कि कमी के कारण दर्जनों लोगों की मौत हो गई।इसलिए आधुनिक समय मे मानव जिस तरह अपने निजी जीवन मे आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्राकृतिक संपदाओं का ह्रास कर रहा है। उससे प्रकृति में असंतुलन का खतरा बढ़ रहा है। हर रोज हजारों लाखों की संख्या में देश मे वृक्ष काटे जा रहे हैं। जिससे ग्लोबिल वर्मिंग का खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। और इस प्राकृतिक असंतुलन को हम हरे औषिधीय व फलदार वृक्ष को लगाकर ही इस प्रकृतिक खतरे को कम कर सकते हैं। वहीं हर साल ग्यारह सौ पेड़ लगाने का भी लक्ष्य रखा गया है।वही वृक्षारोपण कर समाज मे मानवीय समुदाय को पर्यावरण व वृक्षारोपण के प्रति जन जागृति लाने का कार्य किये जाऐगे। इस अवसर पर दर्जनों सागवान,फलदार व छायादार वृक्ष का वृक्षारोपण किया गया।इस मौके पर डीपीएस स्कूल के निदेशक गौतम कृष्ण,धीरज राव,स्नेहा पांडे,गुलशन कुमार,अनिमेष कुमार,नेहा पांडे,स्वीटी कुमार,संजीव कुमार,सुनील कुमार,संजू कुमारी के अलावे कई ग्रामीण मौजूद थे।

बिहार वेटलीफटर एसोसिएशन कर द्वारा जमुई जिला में वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का जल्द होगा आयोजन : सौरभ कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंज : बिहार वेटलीफटर एसोसिएशन कर द्वारा जमुई जिला में पहली बार होने वाले वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का जल्द होगा आयोजन, वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता जिला में स्कूल स्तरीय पर आयोजन किया जायेगा . इस बात की जानकारी देते हुए जमुई जिला वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सौरभ कुमार बताया की पहली बार जमुई जिला में वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन नये साल में जनवरी 2025 होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में अंडर-11 और अंडर-13,अंडर-17, अंडर-19 के लड़कों और लड़कियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया की वेटलिफ्टिंग शारीरिक, मानसिक और जीवनशैली से जुड़े होते हैं। यह केवल शरीर को मजबूत बनाने का माध्यम नहीं है, बल्कि पूरे स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को सुधारने में मदद करता है। शारीरिक शक्ति और मजबूती, मेटाबॉलिज्म बढ़ाना,स्नायु नियंत्रण और संतुलन,मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, वजन प्रबंधन के अलावे मांसपेशियों का विकास शरीर की वसा को जलाने में मदद करता है। नियमित वेट लिफ्टिंग से शरीर का फैट प्रतिशत कम होता है और टोंड फिजिक प्राप्त होता है। वेट लिफ्टिंग एक संपूर्ण व्यायाम प्रणाली है, जो न केवल शारीरिक मजबूती बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य में भी सुधार लाती है। इसे नियमित जीवन का हिस्सा बनाकर एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन जिया जा सकता है। वहीं इस खेल के सचिव अभिजीत सिंह ने कहा की जमुई जिले मे यह खेल का आगाज पहलीबार होने जा रहा है, सभी इच्छुक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेकर,प्रतिभा को निखारने का मौका है, जिसे सफलतापूर्वक संपन्न कराकर यहां के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को चयनित कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे शामिल किया जायेगा, जिससे अपने जिला सहित गाँव का नाम रौशन करने का मौका मिलेगा,जमुई जिले मे इस खेल को आगे बढ़ाना है

सेवा पंचायत में मुखिया रामाशीष साह ने किया खेल मैदान का शिलान्यास

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत राज सेवा में गुरुवार को खेल मैदान का शिलान्यास पंचायत के मुखिया रामाशीष साह द्वारा किया गया। इस मैदान का निर्माण महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। जिसकी प्राक्कलित राशि 9,89,146 रुपए है। इस अवसर पर मुखिया रामाशीष साह ने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत में पहली बार खेल मैदान का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके लिए पिछले कई दशकों से युवा मांग कर रहे थे। इसे पाकर गांव के युवाओं और बच्चों में एक नया जोश और उत्साह जागा है। इस मौके पर पीटीए हितेंद्र कुमार,पीआरएस सुमन कुमार,वार्ड सदस्य चंदन पासवान,म मता देवी,स्वच्छता पर्यवेक्षक सुभाष कुमार,विकाश कुमार,राजू यादव,अमरीका मांझी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

पहल : कलाकारों और कला संस्थानों को पहचान दिलाने के उद्देश्य से होगा डेटा बेस तैयार

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर।जमुई जिले के कलाकारों और कला संस्थाओं को पहचान दिलाने के उद्देश्य से डेटा बेस तैयार किया जाएगा। जो जिले के कलाकारों एवं कला संस्थाओं के कार्य एवं उपलब्धियां को संरक्षित करने में भी सहायक सिद्ध होगी। कला,संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार के निर्देश पर जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय(सामान्य शाखा) द्वारा जिले के कलाकारों और कला संस्थाओं का एक व्यापक डेटा बेस बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहा है। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि डेटा बेस में प्रदर्श कला(नृत्य,संगीत,कविता, अभिनय) और चाक्षुष कला (चित्रकला,मूर्तिकला,फोटोग्राफी) दोनों के कलाकारों और संस्थानों की जानकारी शामिल की जाएगी। जिले के अंचलों में विलुप्त होती कला के संरक्षण के लिए उसका आंकड़ा संग्रहित किया जा रहा है। साथ ही सभी अंचलों में मनाए जाने वाले विभिन्न मेले, महोत्सव तथा संस्कृतिक कार्यक्रमों को भी सूचीबद्ध किया जा रहा है। उनके द्वारा जमुई जिले के सभी कलाप्रेमी प्रबुद्धजनों से आग्रह किया गया है कि वे जमुई जिले के इस कल्चरल मैपिंग में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि डेटा बेस बनाने का उद्देश्य कला के क्षेत्र में पारदर्शिता और समृद्धि लाना है, जिससे न केवल कलाकारों को लाभ होगा,बल्कि कला प्रेमियों और शोधकताओं को भी सही जानकारी मिल सकेगी।जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने बताया कि इस पहल से जिले के कलाकारों की उपलब्धियां,प्रदर्शनो और संगठनों के बारे में विस्तृत जानकारी इकट्ठा की जाएगी। यह डेटा बेस न केवल सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए उपयोगी होगा,बल्कि यह बिहार कला के समग्र विकास में भी सहायक सिद्ध होगा। इसके माध्यम से कलाकारों और संस्थाओं के बीच संवाद को बढ़ावा देने की भी योजना है ताकि ये अपने विचारों और अनुभवों को साझा कर सके। 3 जनवरी तक करना होगा आवेदन जिले के इच्छुक कलाकार और संस्था निदेशक जो आवेदन करना चाहते हैं वे आवेदन को ॅ४.ल्ल्र.ल्ल से डाउनलोड कर उसे सही-सही भरकर आवश्यक दस्तावेज के साथ जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय जमुई में जमा कर सकते हैं।आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 3 जनवरी 2025 है।

सम्पादकीय

धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता: असमानता और अन्याय को दूर करने की औषधि

धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता, जिसे समान नागरिक संहिता के रूप में भी जाना जाता है, सभी नागरिकों के लिए, चाहे उनकी धार्मिक सम्बद्धता कुछ भी हो, व्यक्तिगत मामलों-जैसे विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और संपत्ति के अधिकार-को नियंत्रित करने वाले कानूनों का एक ही सेट प्रस्तावित करती है। भारत वर्तमान में हिंदू कानून, मुस्लिम कानून (शरिया) और ईसाई कानून सहित धर्म पर आधारित कई व्यक्तिगत कानूनों के तहत काम करता है। धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता का उद्देश्य इन विविध कानूनी प्रणालियों को एक समान संहिता से बदलना है जो सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू हो। इसका लक्ष्य विभिन्न समुदायों में और उनके भीतर कानूनी एकरूपता प्राप्त करना है, जिससे पुरुषों और महिलाओं के लिए समान अधिकार और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में उल्लिखित राज्य नीतियों के निर्देशक सिद्धांत में यह प्रावधान है कि ह्लराज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। ह्ल हालाँकि, एक निर्देशक सिद्धांत होने के कारण, यह न्यायोचित नहीं है। समान नागरिक संहिता उदार विचारधारा से जुड़ी है और उदार-बौद्धिक सिद्धांतों के अंतर्गत आती है। अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता), 15 (भेदभाव का निषेध) और 21 (व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता के अंतर्निहित सिद्धांतों का समर्थन करते हैं... भारत में वर्तमान में पूरे देश में धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता लागू नहीं है। इसके बजाय, अलग-अलग समुदायों के लिए विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे मुद्दों को नियंत्रित करने वाले व्यक्तिगत कानून धर्म के अनुसार अलग-अलग होते हैं। प्रधानमंत्री ने एक धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की वकालत की है, जो डॉ. अंबेडकर के एकीकृत कानूनी ढांचे के दृष्टिकोण को प्रतिध्वनित करती है। इस आह्वान का उद्देश्य मौजूदा कानूनों के कथित सांप्रदायिक और भेदभावपूर्ण पहलुओं को सम्बोधित करना और कानूनी प्रणाली को एकीकृत करना है। सुप्रीम कोर्ट ने देश को धार्मिक आधार पर विभाजित करने वाले कानूनों को खत्म करने के लिए एक धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की आवश्यकता पर जोर दिया है। हिंदू कोड बिल सिखों, जैनियों और बौद्धों सहित हिंदुओं के लिए व्यक्तिगत कानूनों को संहिताबद्ध और एकीकृत करने के लिए पेश किया गया। गोवा में गोवा सिविल कोड (पुर्तगाली सिविल कोड 1867) के तहत एक समान नागरिक संहिता है, जो धर्म या जातीयता की परवाह किए बिना सभी गोवावासियों पर समान रूप से लागू होती है। उत्तराखंड ने हाल ही में उत्तराखंड समान नागरिक संहिता विधेयक 2024 पारित किया है, जो अनुसूचित जनजातियों को छोड़कर सभी निवासियों पर लागू विवाह, तलाक और विरासत जैसे मामलों के लिए एक समान नागरिक संहिता लागू करता है। समान नागरिक संहिता असमानता को बनाए रखने वाले पुराने व्यक्तिगत कानूनों को हटाकर धर्मनिरपेक्षता को बनाए रखेगी। यह सभी नागरिकों के लिए समान कानूनी उपचार सुनिश्चित करता है, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, एक एकीकृत कानूनी ढांचे को बढ़ावा देता है जो राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है। समान नागरिक संहिता व्यक्तिगत कानूनों में निहित भेदभावपूर्ण प्रथाओं को समाप्त करेगी, विशेष रूप से महिलाओं को प्रभावित करने वाली प्रथाओं को। नागरिक कानूनों को मानकीकृत करके, यह सभी के लिए समान अधिकारों और सुरक्षा की गारंटी देगा, सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाएगा। यहाँ तक कि एक धर्म के भीतर भी, इसके सभी सदस्यों को नियंत्रित करने वाला एक भी सामान्य व्यक्तिगत कानून नहीं है। उदाहरण के लिए, मुसलमानों के बीच विवाह के पंजीकरण के लिए, कानून जगह-जगह अलग-अलग होते हैं। समान नागरिक संहिता विवाह, तलाक और उत्तराधिकार जैसे नागरिक मामलों पर केंद्रित है, जिसमें धार्मिक प्रथाओं को अछूता रखा गया है। यह दृष्टिकोण अन्य लोकतंत्रों में प्रथाओं के साथ संरेखित है जहाँ धार्मिक स्वतंत्रता के साथ एक समान कानूनी ढांचा मौजूद है। समान नागरिक संहिता भारत के कानूनी ढांचे को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाएगी, जटिल और असंगत व्यक्तिगत कानूनों को सरलीकृत प्रणाली से बदल देगी। इससे कानूनी अनिश्चितता कम होगी और कानूनी खामियों का फायदा उठाने से रोका जा सकेगा। उदाहरण के लिए, सरला मुद्गल बनाम भारत संघ के मामले ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे व्यक्ति कानूनी प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए व्यक्तिगत कानूनों में अंतर का फायदा उठा सकते हैं।

तो आईआईटी तक कैसे पहुंचेंगे विद्यार्थी

पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब ..... लेकिन जनाब हमारे देश में तो स्कूल बढ़ने की बजाए घट रहे हैं। ये भी दिलचस्प बात है कि केन्द्र सरकार ने उच्च शिक्षा के लिए आईआईटी, आईआईआईटी और आईआईएम जैसे नए संस्थान खोले हैं लेकिन जब तक स्कूली शिक्षा ही पूरी नहीं होगी तो विद्यार्थी यहां तक पहुंचेंगे कैसे। पिछले एक दशक में देश में जितना कर्ज बढ़ा उसके मुकाबले उतना विकास नहीं हुआ। हां, कभी गौ तस्करी तो कभी लव जेहाद या फिर मंदिर के नीचे मस्जिद ढूंढने में कतिपय लोगों की उर्जा जरूर खर्च हुई। लोग सरकार से रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी और जरूरी सहुलियतों की अपेक्षा करते हैं और ये सहुलियतें उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी भी है फिर चाहे सरकार किसी भी पार्टी की ही क्यों ना हो। जिस तरह से नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में बतौर मुख्यमंत्री काम किया था उससे उनके प्रति अपेक्षाएं भी ज्यादा थी और यही वजह थी कि लोगों ने देश की बागडोर उनके हाथों में सौंपी। अब, एक लंबा समय गुजर चुका है और यही वजह है कि मोदी सरकार ने किस क्षेत्र में कितना काम किया इसकी चर्चा होने लगी है। जहां तक शिक्षा का सवाल है तो मोदी सरकार में शिक्षा का बजट तो बढ़ा है लेकिन उतना नहीं जितनी उम्मीद थी। पिछले एक दशक में शिक्षा पर खर्च 30 हजार करोड़ रुपए बढ़ा है। हैरत की बात तो ये है कि देश में स्कूल बढ़ने की बजाए कम हो गए हैं। मोदी सरकार के पहले देश में 15 लाख 18 हजार स्कूल थे जो घटकर 14 लाख 89 हजार हो गए। देश में अभी भी करीब तीस प्रतिशत महिलाएं और 15 प्रतिशत पुरूष अनपढ़ है। दस में से 6 लड़कियां दसवीं से ज्यादा नहीं पढ़ पा रही हैं। वहीं दस से पांच पुरूष ऐसे हैं जो दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ रहे हैं। स्कूली शिक्षा में भले ही सुधार नहीं हुआ हो लेकिन हायर एजुकेशन में थोड़ा सुधार हुआ है। विश्विद्यालयों की तादाद 11 सौ से ज्यादा हो गई है। इधर, जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तब शुरूआती आठ सालों में 202 केन्द्रीय विद्यालय थे जबकि मोदी के कार्यकाल में आठ सालों में 159 केवी ही बनाए गए। अप्रैल 2022 तक कुल 1249 केन्द्रीय विद्यालय थे। 2014-15 से 2021-22 के बीच मोदी के कार्यकाल में 159 केवी बनाए गए यानि तब हर साल 20 स्कूल शुरू हुए। दूसरी तरफ, 2004-05 से 2011-12 तक मनमोहन कार्यकाल के शुरूआती आठ साल में 202 स्कूल शुरू हुए यानि हर साल 25 से ज्यादा स्कूल शुरू हुए। हालांकि, हाल ही में मोदी सरकार ने नए केवी खोलने को लेकर मंजूरी दी है। यहां ये बताना लाजमी होगा कि केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए केन्द्र सरकार ने सांसद कोटा खत्म कर दिया है। इस कोटे के जरिए हर सांसद केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 10 नामों की सिफारिश कर सकते थे। मार्च 2022 में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में ये मसला उठाया था। उन्होंने या तो कोटा बढ़ाने या खत्म करने की बात कही थी और सरकार ने इस कोटे को खत्म करने का फैसला लिया था। भले ही स्कूली शिक्षा की ओर सरकार का ध्यान कम हो लेकिन उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पूरा जोर लगाया जा रहा है। वर्ष 2014 के बाद से उच्च शिक्षा के नए संस्थान स्थापित किए गए हैं जिनमें 7 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स और 390 विश्वविद्यालय शामिल हैं। अहम सवाल ये है कि जब तक गरीब और मध्यम वर्ग के विद्यार्थियों की स्कूली शिक्षा पूरी नहीं हो पाएगी तो विद्यार्थी इन उच्च शिक्षा संस्थानों तक कैसे पहुंच पाएंगे। जहां तक आर्थिक मोर्चे का सवाल है तो पीएम मोदी के कार्यकाल में बेरोजगारी, नोटबंदी और आधे-अधूरे तरीके से गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) व्यवस्था लागू करने जैसे आरोप विपक्ष लगाता रहा है। वहीं भाजपा का कहना है कि कांग्रेस राज में टेलीकॉम और कोयला घोटाले सहित कई घोटाले सामने आ चुके हैं। इसके अलावा जब पूरी दुनिया कोविड महामारी से गुजर रही थी तब भी मोदी सरकार ने न सिर्फ दुनिया के दूसरे देशों की भी मदद की बल्कि भारत की अर्थ व्यवस्था को थामें रखा। मोदी सरकार के अब तक कार्यकाल में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का जीडीपी नीचे आया है।

कोई बताए तो सही कि क्या कमी है एक देश एक चुनाव में

इस पर हर स्तर पर खुल कर ईमानदारी से चर्चा होनी चाहिए। उसके बाद ही किसी अंतिम निर्णय पर पहुंचा जाना चाहिए। अगर इसे भाजपा या मोदी जी के किसी एंजेडे के रूप में देखा गया तो यह सही नहीं होगा। अभी तक जो विपक्षी नेता ह्यएक देश एक चुनावह्ल के विचार का विरोध कर रहे हैं, उन्हें अपने दिल पर हाथ रखकर पूछना चाहिए कि क्या उन्हें बार-बार चुनावी रणभूमि में उतरना पसंद है? इससे लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव सभी एक साथ होंगे। यह सब 100 दिनों के अंदर ही संपन्न होगा। सरकार का मानना है कि इससे देश की जीडीपी में 1-1.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केंद्र सरकार इस मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है।



आर.के. सिन्हा
लेखक

एक देश एक चुनाव के सपने को साकार करने की तरफ देश बढ़ रहा है। बेशक,लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। भारत में ह्यएक देश-एक चुनावह्ल का विचार एक ऐसा विषय है जिस पर अलग-अलग लोगों की अलग-अलग राय है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे देश को कई फायदे होंगे, वहीं कुछ लोग इसके कुछ नुकसान भी बताते हैं। पर ये सच है कि बार-बार चुनाव कराने में काफी पैसा खर्च होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस खर्च को काफी हाद थे कम किया जा सके। चुनावों में सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों की भारी संख्या में तैनाती करनी पड़ती है। जाहिर है, बार-बार चुनाव होने से कामकाज में बाधा तो आती ही है साथ ही संसाधनों का भारी दुरुपयोग भी होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस समस्या को दूर काफी हद तक कम किया जा सकता है। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के बाद सरकार एक देश- एक चुनाव की तरफ तेजी से बढ़ रही है। इससे लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव सभी एक साथ होंगे। यह सब 100 दिनों के अंदर ही संपन्न होगा। सरकार का मानना है कि इससे देश की जीडीपी में 1-1.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केंद्र सरकार इस मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है। यह मामला किसी एक दल का नहीं, बल्कि पूरे देश के हित में है। यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा, क्योंकि सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि ह्यएक देश, एक चुनावह्ल से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से, शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। एक देश, एक चुनाव भाजपा और नरेंद्र मोदी का पुराना एजेंडा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही मोदी जी इसकी वकालत करते रहे हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में 2 सितंबर 2023 को कोविंद कमिटी बना कर उन्होंने पहला कदम बढ़ाया था। निश्चित रूप से बार-बार चुनाव होने से सरकारें नई नीतियों और योजनाओं को लागू करने में झिझकती हैं। एक साथ चुनाव होने से सरकारों को स्थिरता मिलती है और वे बेहतर ढंग से काम कर पाती हैं। एक बात और कि बार-बार चुनाव होने से राजनीतिक दल विकास के मुद्दों से भटक जाते हैं और चुनाव जीतने पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक दलों को विकास पर ध्यान केंद्रित करने का अधिक अवसर मिलता है। ह्यएक देश-एक चुनावह्ल के विपक्ष में तर्क में कुछ पिलपिले तर्क आ रहे हैं। जैसे कि राष्ट्रीय चुनावों के साथ-साथ राज्यों के चुनाव होने से क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र कमजोर हो सकता है क्योंकि इससे राष्ट्रीय स्तर पर एक ही राजनीतिक दल का दबदबा हो सकता है। यह सब तर्क कमजोर हैं। दुनिया के कई देशों में अलग-अलग चुनाव व्यवस्थाएं हैं। कुछ देशों में एक साथ चुनाव होते हैं, जबकि कुछ देशों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं। स्वीडन, बेल्जियम और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव एक साथ कराए जाते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। बहरहाल, एक देश-एक चुनाव से देश के आम जनमानस में राष्ट्र की अवधारणा सशक्त होगी। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आजादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे। यह सिलसिला पहली बार उस वक़्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया, इसके अलावा साल 1972 में होनेवाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी। यह भी माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव होने से मतदाता भागीदारी में वृद्धि हो सकती है क्योंकि लोगों को बार-बार मतदान करने की आवश्यकता नहीं होगी। कुल मिलाकर बात यह है कि ह्यएक देश एक चुनावह्ल को दलगत आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए।

अंबेडकर और अमित शाह का सेल्फ गोल!

यह सब बातें अपना असर कर ही रहीं थीं कि अमित शाह का यह बयान आ गया। सीधा अंबेडकर के खिलाफ। भाजपा के लिए यह बड़ी मुसीबत बन गई। कांग्रेस ने बुधवार को ही देशव्यापी प्रदर्शन किए। दलित राजनीतिक रूप से देश में सबसे जागरूक समुदाय है। उसमें एक बार यह बात पहुंच जाएगी कि भाजपा बाबा साहब का अपमान कर रही है तो फिर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को कुछ करने की जरूरत नहीं है। वह भाजपा से अपना हिसाब खुद कर लेगी। और आरक्षण का विरोध। राहुल ने लोकसभा में एक हाथ में संविधान और दूसरे में मनुस्मृति लेकर साफ कहा कि हम संविधान वाले हैं और बीजेपी मनुस्मृति वाली।

शकील अख़्तर
लेखक

वन नेशन वन इलेक्शन का हेडलाईन मैनेजमेंट एक दिन भी नहीं चल सका। भाजपा राहुल की पिच पर फंस गई। मंगलवार की सुबह सारे चुनाव एक साथ का बिल लोकसभा में पेश हुआ और उसी दिन शाम को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में यह कहकर कि एक नया फैशन चला है अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर . ..! अगर इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। राहुल गांधी ने लपक कर इस बात को सही साबित कर दिया कि भाजपा के मन में डा. आंबेडकर और संविधान के लिए कोई सम्मान नहीं है। अमित शाह की टिप्पणी के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने, जिन्होंने एक दिन पहले संविधान पर बोलते हुए ही कहा था कि आरएसएस और भाजपा तिरंगे, अशोक चक्र और संविधान से नफरत करती है एक कदम और आगे बढ़ाते हुए कहा कि आंबेडकर से भी नफरत करती है। बुधवार को विपक्ष के सासंदों ने संसद परिसर में अमित शाह माफी मांगों के नारों के साथ प्रदर्शन किया। और उसके बाद अंदर जाकर दोनों सदनों में इस मांग को जोरदार तरीके से उठाया। मोदी सरकार के लिए यह बड़ी मुश्किल आ गई। अभी संविधान पर चर्चा के दौरान उनका सारा फोकस इस बात पर था कि कांग्रेस ने अंबेडकर को पर्याप्त सम्मान नहीं दिया। मगर अब उसके उपर ही बाबा साहब अंबेडकर के अपमान का सीधा आरोप आ गया है। अंबेडकर देश के 20 प्रतिशत दलितों के लिए वाकई भगवान का दर्जा रखते हैं। वह उनका संविधान ही है जिसने आरक्षण के जरिए उनके बड़े वर्ग को पीढ़ीगत काम से निकालकर शहरी मध्यम वर्ग बनाया। शिक्षा में वजीफा, उनके लिए अलग बनाए गए होस्टल, उच्च शिक्षा में आरक्षित सीटें और फिर नौकरी में आरक्षण ने 75 सालों में वह कर दिखाया जो पहले कोई सोच भी नहीं सकता था। इसके साथ लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव में आरक्षण ने उन्हें राजनीतिक रुप से मजबूत बनाया। नौकरी के आरक्षण ने आर्थिक ताकत के साथ सामाजिक हैसियत और चुनाव प्रणाली में आरक्षण से सत्ता में भागीदारी दी। पांच हजार साल तक अछूत बने रहने वाले सारे मानवीय अधिकारों से वंचित देश के इस समुदाय के लिए बाबा साहब आंबेडकर भगवान नहीं तो और क्या हैं? कांग्रेस और समूचे विपक्ष को यह एक बहुत बड़ा मुद्दा मिल गया है। खरगे का सवाल है कि क्या अंबेडकर का नाम लेना गुनाह है? खुद दलित समुदाय से आने वाले खरगे ने कहा कि अमित शाह का राज्यसभा में संविधान पर बोलते हुए सवाल था कि क्या अंबेडकर बहुत बड़े आदमी थे? जो अंबेडकर, अंबेडकर करते हो! कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि उनके इस बयान से देश में आग लग जाएगी। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। और देश से माफी मांगना चाहिए। अंबेडकर दलितों आदिवासियों के भगवान हैं। कांग्रेस महासचिव और खुद दलित समाज से आने वाली कुमारी सैलजा ने कहा कि संविधान हमारा सबसे बड़ी किताब है और बाबा साहब अंबेडकर हमारे भगवान। दलितों की तरह आदिवासी भी डा. आंबेडकर को अपना उद्धारक मानते हैं। और अन्य पिछड़ा समुदाय ओबीसी जिसकी आबादी 50 प्रतिशत के करीब है भी डा अंबेडकर के सामाजिक न्याय के सिद्धांत का बड़ा लाभार्थी समूह है। दलित 20 प्रतिशत, आदिवासी 9 प्रतिशत और लगभग 50 प्रतिशत के आसपास ओबीसी इतना बड़ा समूह देश का अंबेडकर के विचारों और उनके बनाए संविधान से लाभान्वित हुआ है। इसलिए खरगे ने कहा कि उनका अपमान देश में आग लगा देगा। अंबेडकर कितनी बड़ी चीज हैं वह इससे समझिए कि कांग्रेस और भाजपा दोनों समान भाव से उनका नाम लेते हैं। अभी चार दिन संविधान पर चर्चा में उनका ही नाम गुंजता रहा। मायावती, रामविलास पासवान ने उनका नाम लेकर ही अपनी पार्टियां चलाईं। दलितों में उनका नाम ही वोट ही गारंटी है। जब ये दोनों नेता इनकी पार्टी नहीं थीं तो कांग्रेस ही उनकी विरासत संभालती थी। और लंबे समय तक दलित वोटों की एक मात्र प्राप्तकर्ता थी। मगर बाद में कांशीराम और मायावती ने इसे कांग्रेस से छीना और उत्तर प्रदेश में चार बार मुख्यमंत्री पद प्राप्त किया। और फिर भाजपा की धर्म की राजनीति ने दलित वोट को मायवती से भी छीन लिया। लेकिन सरकारी नौकरियां नहीं निकलने और इससे उन्हें आरक्षण का फायदा नहीं मिलने, तेजी से किए जा रहे नीजिकरण जहां दलितों के लिए नौकरी नहीं थी और डायरेक्ट भर्ती लेटरल एंट्री जिसमें आरक्षण नहीं था के बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में यह समुदाय बीजेपी से भी छिटका और कांग्रेस एवं इन्डिया गठबंधन के साथ आया। यूपी में भाजपा को इसने बहुत बड़ा झटका दिया। लोकसभा में भाजपा दूसरे नंबर की पार्टी बन गई। समाजवादी पार्टी को 37 सीटें मिलीं और भाजपा 33 पर रह गई। कांग्रेस को 6 मिलीं। और बसपा जीरो। जबकि पिछले चुनाव 2019 में भाजपा को 61 सीटें मिली थीं। मायावती से मोहभंग के बाद बीजेपी धर्म के नाम पर दलितों को अपने साथ लाई। और भावनात्मक रूप से उनसे संबंध बनाने के लिए वह डा. अम्बेडकर का नाम भी लेने लगी। दलितों का अंबेडकर से बहुत गहरा लगाव है। उनका जीवन अंबेडकर ने बदला। वे उनके लिए मसीहा हैं। अमित शाह का यह कहना कि क्या अंबेडकर अंबेडकर करते हो भाजपा को बहुत मंहगा पड़ेगा। कांग्रेस और सभी विपक्षी दल इस मुद्दे को छोड़ेंगे नहीं। इंडिया गठबंधन वापस एकजुट होने लगेगा। अभी ईवीएम के मुद्दे पर उमर अब्दुल्ला और टीएमसी कांग्रेस पर हमलावर हो रहे थे। लग रहा था कि बीजेपी की कोशिशें सफल हो रही हैं। इंडिया गठबंधन में फूट पड़ रही है। मगर अमित शाह ने अंबेडकर का मुद्दा ऐसा दिया कि अब सब विपक्षी दल वापस एकजुट होने लगे हैं। बुधवार को संसद में अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन में सब शामिल हुए। राहुल के जाति गणना मुद्दे को भी इससे बल मिलेगा। जाति गणना का सबसे बड़ा फायदा ओबीसी को मिलने वाला है। दलित की आदिवासी की संख्या तो सबको मालूम है। हर दस साल बाद होने वाली जनगणना जो इस बार अभी तक नहीं हुई में इसकी गिनती होती है। आंकड़े आते हैं। लास्ट 2011 में हुई थी। उसके अनुसार देश में 29 प्रतिशत दलित और आदिवासी हैं। ये अंबेडकर के कट्टर समर्थक हैं। आरक्षण जिसे अंबेडकर की ही देन कहा जाता है के सबसे बड़े लाभार्थी यही हैं। भाजपा और आरएसएस कभी अंबेडकर के साथ एडजस्ट नहीं कर पाए। उनके बनाए संविधान का भी बहुत विरोध किया। अभी राज्यसभा में ही खरगे ने बताया कि जब संविधान बना तो संघ वालों ने दिल्ली के रामलीला मैदान में अंबेडकर का पुतला जलाया था। उन्होंने सदन में ह्यबंच आफ थाट्स किताबह्ल दिखा कर कहा कि दूसरे सर संघ चालक गुरु गोलवलकर ने इसमें वर्णाश्रम व्यवस्था का समर्थन किया है।

बोलने से नहीं, आत्मनिर्भर होने से भारत बनेगा विश्व गुरु

सनत जैन

वर्तमान सत्तारुण दल भारत को अक्सर विश्व गुरु कहकर संबोधित करता है। वास्तविकता ठीक इसके विपरीत है। किसी भी देश को विश्व गुरु बनने की प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने के लिए विज्ञान, तकनीक और अनुसंधान पर आत्मनिर्भर होना आवश्यक होता है। चीन और भारत की तुलना में, चीन हर क्षेत्र में भारत से बहुत तेजी के साथ आगे निकल गया है। शिक्षा, अनुसंधान, नवीन तकनीकों के विकास से चीन तीन दशक के अंदर सारी दुनिया के देशों को पछाड़कर महाशक्ति बन गया है। चीन आर्थिक निवेश, निर्यात व्यापार और तकनीकी ज्ञान से दुनिया के देशों में सुपर पावर बना है। सारी दुनिया के देशों में चीन के बिना सब सून की स्थिति बन गई है। दुनिया के सभी देशों में चीन के सस्ते माल का कोई विकल्प नहीं है। चीन हर देश के लिए अलग-अलग तरीके से समान बनाता है। भारत की होली, दिवाली, 15 अगस्त, 26 जनवरी, शादी-विवाह, बच्चों के खेल, खिलौने से लेकर हर चीज चीन में तैयार होती है। भारत के देवी-देवता और भगवान की मूर्तियां भी चीन में तैयार हो रही हैं। भारत में जो विकास कार्य चल रहे हैं उसमें चीन की मशीने लगी हुई हैं। चीन अपनी जीडीपी का 2। 4फीसदी शोध और विकास कार्यों पर खर्च करता है। जबकि भारत मात्र 0.7फीसदी खर्च करता है। चीन में 550 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष शोध पर खर्च कर रहा है। भारत में यह आंकड़ा मात्र 2 बिलियन डॉलर का है। इतना ही नहीं, दुनिया की टॉप 100 यूनिवर्सिटीज में चीन का 13 वां स्थान है। जबकि भारत का कोई भी विश्वविद्यालय इस 100 की सूची में शामिल नहीं है। भारत ने अपनी शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट घटा दिया है। तकनीक के क्षेत्र में चीन का प्रभुत्व सारी दुनिया के देश मान रहे है। बहुमूल्य माईनिंग उत्पाद के उपकरण, ईवी बैटरी, सेमीकंडक्टर चिप्स, और सोलर एनर्जी जैसे क्षेत्रों में चीन का दबदबा सारी दुनिया में बना हुआ है। वहीं, भारत की इन क्षेत्रों में कोई उपलब्धि नहीं है। भारत का खनिज कच्चा माल चीन जाता हैं और वहां से उत्पाद बनकर भारत में आता है। भारत आयात के ऊपर निर्भर है। भारत के पास विकास शोध और शिक्षा को लेकर कोई ठोस योजना नहीं है। चीन के उत्पाद वैश्विक बाजारों पर इस कदर छाए हुए हैं। सारी दुनिया के देशों में चीन के उत्पाद का कोई विकल्प नहीं है। चीन दुनिया के देशों के लिए कम कीमत में विविध उत्पाद उपलब्ध कराने वाला सबसे बड़ा बाजार बन गया है। जबकि भारत के मेड इन इंडिया उत्पाद, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कम ही दिखते हैं। भारत का आयात, निर्यात की तुलना में ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। भारत की अर्थव्यवस्था में आयात-निर्यात व्यापार में भारत काफी घाटे में है। भारत में शिक्षा और शोध को लेकर सरकार और समाज दोनों की प्राथमिकताएं चिंताजनक हैं। पिछले 10 वर्षों से शिक्षा और शोध का बजट केंद्र सरकार घटाती चली जा रही है। भारत के छात्र विदेशों में पढ़ने के लिए जा रहे हैं। शिक्षा और शोध के मामले में भारत शून्य पर पहुंच गया है। जिसके कारण चीन की तुलना में भारत बहुत पीछे हो गया है। वैसे जहां तक विश्व गुरु की बात हे तो भारत अपने दर्शन को लेकर शुरू से ही दुनिया के देशों का नेतृत्व करता रहा है। अब जरुर भारत मंदिर-मस्जिद और धार्मिक बहसों में पिछले तीन दशक से उलझा हुआ है। पिछले 10 वर्षों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आधुनिक शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने से भारत बहुत दूर हो गया है। चीन का मीडिया तकनीक और इनोवेशन पर चर्चा करता है। वहीं भारतीय मीडिया धार्मिक मुद्दों में उलझा रहता है। भारतीय मेन स्ट्रीम का मीडिया सरकार का भोंपू बनकर रह गया है। भारतीय मीडिया को अब सुपारी मीडिया या गोदी मीडिया के नाम से भी भारत और दुनिया के देशों में जाना जाता है। भारत को सच में विश्व गुरु बनना है, तो शिक्षा, शोध, और तकनीकी विकास में भारी निवेश करना होगा। नई पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रौद्योगिकी में दक्षता प्रदान करने वाले संस्थान खोलने होंगे। जो संस्थान है उनकी गुणवत्ता पर ध्यान रखना होगा। इसके लिए केवल बजट का आवंटन नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और समय के अनुसार बदलाव और व्यावसायिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

संक्षिप्त खबरें

विज्ञान क्विज में विजेता बने डॉ.विक्रम साराभाई टीम

प्रातः किरण, संवाददाता

आदापुर। बच्चों में विज्ञान से संबंधित ज्ञान और दक्षता को मापने हेतु बैगलेश डे गुरुवार को विज्ञान क्विज का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन दरपा थाना क्षेत्र में स्थित यूएमएस बीएमसी पीपरा उर्दू में किया गया। क्विज की शुरूआत बिहार गीत से हुई। बता दें कि बच्चों की चार टीम बनाई गयी थी।डॉ. विक्रम साराभाई, डॉ.अब्दुल कलाम, डॉ. सी. वी. रमण और सर आइजक न्यूटन नामक चारों टीम से बारी-बारी से प्रश्न पूछे गये। महत्तम अंक अर्जित करने वाले टीम डॉ.विक्रम साराभाई को विजयी घोषित किया गया।टीम के कप्तान साबीर मियां थे।क्विज का निर्देशन विज्ञान शिक्षिका अंजु ने किया। क्विज के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक मरगुब आलम ने बताया कि क्विज से बच्चों को उनके ज्ञान का त्वरित और अनौपचारिक आकलन होता है। इससे उन्हें अपने उत्तरों पर तुरंत प्रतिक्रिया मिलती है। उन्होंने बताया कि विजयी टीम को आगामी वीर बाल दिवस पर पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर शिक्षक मो. इजहार हुसैन, प्रवेज आलम, शिव शंकर गिरि, मुंतजिर आलम, चंदन कुमार, सद्दाम हुसैन सहित आबिद आलम, खुशी आलम, साबीर मियां, अरमान आलम, नूरसाबा खातून, सानिया अंजुम, रेशमा खातून, शबाना खातून, प्रियांशु कुमारी, शबनम खातून, गुलनाज खातून, निक्की कुमारी आदि बच्चे मौजूद थे।

खेल मैदान का फीता काट किया गया उद्घाटन

जलालपुर। अनवल पंचायत में आज खेल के मैदान का उद्घाटन किया गया। अनवल पंचायत की वर्तमान मुखिया शालिनी देवी ने फीता काट कर उद्घाटन किया वहीं ग्रामीणों ने कहा कि मुखिया प्रतिनिधि वीरेन कुशवाहा के द्वारा पहले भी अपने मुखिया नहीं रहते हुए भी पहले भी खेल करवाया है और अब वे अपने कार्यकाल के दौरान खेल मैदान का आज उद्घाटन किए। यह बहुत ही सराहनीय कार्य है और स्कूल के सामने खेल मैदान के विकास का होना बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए यह बहुत ही सराहनीय पहल है वही मौके पर मुखिया शालिनी देवी, मुखिया प्रतिनिधि वीरेन्द्र कुशवाहा,सत्यप्रकाश तिवारी, लोकनाथ सिंह, प्रेम नाथ यादव , प्रिंस सिंह, कृष्णा राजभर, धर्मेश यादव समस्त स्कूल के शिक्षक गण और सभी स्वच्छता कर्मी मौजूद रहे।

परसा में खेल मैदान का किया गया शिलन्यास

परसा।प्रखंड के सात पंचायतो में निर्माण होने वाली खेल मैदान का शिलन्यास किया गया.इस संबंध में मनरेगा पीओ कर्ण कुमार ने बताया की प्रत्येक पंचायत में खेल मैदान का निर्माण होना है जिसको लेकर गुरुवार को पचरुखी मारर भेल्दी अंजनी अन्याय सगुनी बनौता पंचायत में लाखो के लागत से शिलन्यास किया गया.अन्य बाकि बचे पंचायतो में जल्द हीं शिलनायास किया जाये गाया. निर्माण कार्य पूर्ण होते हीं यहाँ के छात्र छात्राओं के साथ क्षेत्र के युवाओं को अच्छी खेल प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा.साथ ही आर्मी की तैयारी कर रहे युवाओं को दौड़ के लिए काफी सहूलियत होंगी.इस मौके पर प्रतिनिधि जनप्रतिनिधि समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

इसुआपुर में 18 चिन्हित स्थानों पर बनेगा खेल मैदान

इसुआपुर । मनरेगा के तहत इसुआपुर प्रखंड में 18 चिन्हित स्थानों पर खेल मैदानों का निर्माण होगा। तरैया के भाजपा विधायक सह बिहार विधानसभा में सत्तारुढ़ दल के उप मुख्य सचेतक जनक सिंह ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य लोगों की मौजूदगी में प्रखंड के प्लस टू विद्यालय महुली चकहन, सढ़वारा, महुली तथा रामपुर गांवों में योजना का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का तेजी से चहुंमुखी विकास हो रहा है। आने वाले दिनों में भारत दुनिया के मानचित्र पर विश्व गुरु बनकर सर्वोच्च स्थान के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। वहीं मनरेगा पीओ नीरज कुमार ने बताया कि प्रखंड में 18 खेल मैदानों का निर्माण कराया जाना है। जिसमें लौंवा तथा जैथर पंचायतों में तीन-तीन, रामपुर अटौली पंचायत में दो तथा अन्य 10 पंचायतों में एक-एक खेल मैदान के लिए स्थान चिन्हित किए गए हैं। जिसका आज शिलान्यास हुआ है। साथ ही कहा कि इन खेल मैदानों में रनिंग ट्रैक, वॉलीबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, खो-खो, कबड्डी, ऊंची तथा लंबी कूद जैसे खेलों के लिए ग्राउंड और खेल उपस्कर तैयार किए जाएंगे। इस मौके पर मुखिया धनंजय पांडेय ,मुखिया विजय सिंह, बिंदा सिंह, बीडीसी सुरेंद्र राम, उप प्रमुख मुन्नी देवी, डब्लू ओझा, बीडीसी सोनी देवी आदि थे।

बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवा देना प्रशासन की प्राथमिकता:डीएम

जिलाधिकारी द्वारा की गई स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिला के सभी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं आम लोगों को मिले, इसके लिये प्रशासन लगातार प्रयासरत है। कुछ प्रखंड स्वास्थ्य सेवाओं के विभिन्न इंडिकेटर में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं तो कुछ प्रखण्डों का प्रदर्शन कमतर है। गुरुवार को जिलाधिकारी अमन समीर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय सभागर में आहुत बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित विभिन्न पैरामीटर्स की एक एक कर समीक्षा की तथा अपेक्षित सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इंजुरी रिपोर्ट एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट समय पर बनाने को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निदेश दिया गया। इंजुरी रिपोर्ट के मामलों का निष्पादन उसी दिन सुनिश्चित करेंगे। इसका दैनिक प्रतिवेदन सभी पीएचसी प्रतिदिन भेजेंगे। इसके लिये विहित फॉर्मेट में गूगल शीट तैयार किया गया है, जिसमें सभी पीएचसी द्वारा प्रतिदिन प्रविष्टि की जायेगी। इंजुरी रिपोर्ट को पुलिस अधीक्षक के कार्यालय एवं सिविल सर्जन के कार्यालय को ईमेल पर उसी दिन भेजना होगा।

पोस्टमॉर्टम के मामलों में अधिकतम 48 घंटे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय को ईमेल के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करेंगे। इसका भी दैनिक रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि समय से इंजुरी रिपोर्ट एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपलब्ध होने से अभियोजन की प्रक्रिया में तेजी आएगी। जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में दिये निदेश के आलोक में सर्वे कर जानकारी दी गई कि जिला के 22 पंचायतों में फिलहाल कोई सरकारी हेल्थ फैसिलिटी नहीं है। इन सभी पंचायतों में प्राथमिकता से उपयुक्त जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव भेजा जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन पंचायतों में उपलब्ध हेल्थ फैसिलिटी उस पंचायत के कुछ गाँव/टोले से 2 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित है, इसकी सूची तैयार कर उपलब्ध कराने को कहा गया। इन पंचायतों में अतिरिक्त हेल्थ फैसिलिटी (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) के निर्माण हेतु जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव भेजा जायेगा। टेली कंसलटेंसी के मामलों में विगत समय में कमी पाई गई। जिलाधिकारी ने इसपर असंतोष व्यक्त करते हुये सभी पीएचसी को इसमें गुणात्मक सुधार लाने का निदेश दिया। टेली कंसलटेंसी स्पोक एंड हब प्रणाली के आधार पर कार्य करता है। स्पोक में सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्पोक के रूप में काम करते हैं, जहाँ से सीएचओ हब में बैठे डॉक्टर से मरीज की दूरभाष के माध्यम से बात कराकर चिकित्सीय परामर्श प्राप्त करते हैं। टेली कंसलटेंसी के माध्यम से डॉक्टर द्वारा प्रेस्क्राइब की गई दवाइयां संबंधित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर या हेल्थ सब सेंटर के माध्यम से मरीज को उपलब्ध कराई जाती है।

टेली कंसलटेंसी के माध्यम से डॉ शिल्पी सिन्हा एवं डॉ ज्योति सिन्हा द्वारा 2 हजार से अधिक मरीजों को परामर्श दिया गया। इसके लिये इन दोनों डॉक्टर को प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा।

प्रत्येक आशा के पोषक क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं की सूची आशावार तैयार करने का निदेश सभी बीसीएम को दिया गया। इसके आधार पर गर्भवती महिलाओं के एएनसी एवं प्रसव की मॉनिटरिंग की जायेगी। अगर कोई आशा किसी गर्भवती महिला को निजी अस्पताल ले जाती है, तो इसकी भी ट्रैकिंग हो सकेगी तथा संबंधित आशा के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकेगी। इस सूची को एक महीने के अंतर्गत अनिवार्य रूप से तैयार करने को कहा गया।

संपूर्ण टीकाकरण में जिला में लगभग 95 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज की गई है। कुछ प्रखण्डों की उपलब्धि औसत से कम पाई गई जिन्हें अपेक्षित सुधार लाने का निदेश दिया गया। सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों द्वारा मरीजों को जेनेरिक दवाएं ही प्रेस्क्राइब की जानी हैं। इस संबंध में प्रत्येक पीएचसी, अनुमंडलीय अस्पताल एवं सदर अस्पताल में नियमित रूप से रेंडमली प्रेस्क्रिप्शन की जाँच करने को कहा गया।

बैठक में उपविकास आयुक्त, सिविल सर्जन, डीपीएम, सभी एमओआईसी, बीएचएम, बीसीएम आदि उपस्थित थे।

घने कोहरे का कहर भीषण सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार युवकों की दर्दनाक मौत

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। बगहा। बगहा में भीषण सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हों गईं है ।

दरअसल घने कोहरा के बीच पतले पुल व जर्जर सड़क पर नियंत्रण खोने के कारण बाइक सवार रामनगर मसान नदी स्थित मोतीपुर पुल के निचे गिर गए ।घटना में बाइक चालक और पीछे सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना के बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों का स्थानीय गोताखोर की मदद से घंटों रेस्क्यू कर बाहर निकाला ।जिसके बाद पुलिस शवों के पोस्टमार्टम करवाने में जुटी है ।

घटना की पुष्टि करते हुए रामनगर थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया की मृतकों की पहचान लौरिया थाना क्षेत्र के ठाकुर टोला निवासी मंदीप कुमार ठाकुर और मुन्ना कुमार ठाकुर के रुप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बगहां अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है ।

बतादें की वाल्मीकिनगर से लौकरिया और बगहा होते भैरोगंज समेत रामनगर को जोड़ने वाली दोन नहर और त्रिवेणी नहर पर दर्जनों पुल व पुलिया जर्जर हालत में हैं वहीं सड़कों की चौड़ाई बेहद कम है महज 8-10 फिट चौड़ाई वाली पतली सड़क जो पूरी तरह जर्जर और बदहाल हो चुकी है, लिहाजा इस नहर मार्ग पर पुल की रेलिंग भी टूटे हुए हैं,जिससे आय दिन सड़क हादसे होते रहते हैं,जिसमें अब तक सैकड़ों यात्रियों व राहगीरों की मौत हों चुकी है। बावजूद इसके जल संसाधन विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से सड़क चौड़ीकरण के साथ पुलिया की मरम्मती और नए पुल का निर्माण नहीं करवाये जाने से यह मार्ग हादसों को न्योता दें रहा है ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक संपन्न

प्रातः किरण, संवाददाता

छपराकार्यालय। जिलानिर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहुत की गई। बताया गया कि दिनांक 1 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभी प्राप्त दावा आपत्तियों का 24 दिसंबर तक निष्पादन किया जायेगा।मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचक सूची में जेंडर रेशियो में सुधार लाने हेतु अधिक से अधिक महिलाओं का नाम जोड़ने के लिये 10-15 दिनों का विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान में सभी राजनीतिक दलों से भी सक्रिय सहयोग का अनुरोध किया गया।इसी तरह निर्वाचक सूची में युवाओं का नाम भी प्राथमिकता से जोड़ा जायेगा। साथ ही मतदाता सूची से मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं का नाम भी नियमानुसार हटाया जायेगा। उन्होंने कहा कि आगामी दो-तीन महीनों में निर्वाचक सूची को शुद्ध बनाने हेतु हरसंभव प्रयास किया जायेगा। इसमें सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त किया। सभी राजनीतिक दलों को प्रत्येक मतदानकेन्द्र स्तर पर मतदानकेन्द्र स्तरीय अभिकर्त्ता (बी एल ए) को नियुक्त करने का अनुरोध किया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जमीनी स्तर पर समन्वय को लेकर विधानसभा क्षेत्र स्तर एवं प्रखंड स्तर पर भी बैठक की जायेगी।

उप मुखिया ने मुखिया पर पंचायत में मनमाने तरीके से कार्य कराने का लगाया आरोप

- सारे आरोप बेबुनियाद है,उप मुखिया को कमीशन चाहिए:मुखिया

प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा स्थित वाल्मीकिनगर पंचायत में उप मुखिया रवि प्रकाश गुप्ता ने मुखिया पन्नालाल पर मनमानी तरीके से पीसीसी और अन्य कार्य कराने का आरोप लगाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बगहा-2 को पत्र लिखकर मामले से अवगत कराया है।पत्र में उप मुखिया रवि प्रकाश गुप्ता ने आरोप लगाते हुए बताया कि पंचायत के वार्ड नम्बर 17 बिसहा में कराए जा रहे पीसीसी कार्य मे 4 नम्बर ईंट का इस्तेमाल किया जा रहा है साथ ही लोकल मैटेरियल से घटिया कार्य किया जा रहा है।कार्यस्थल पर कार्य योजना का शिलापट्ट नहीं लगा है।

कार्य का प्राकलन राशि कितने का है और कार्य किस योजना के तहत कार्य किया जा रहा है,इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है और कार्य को कराने के लिए अधिकृत कोई पदाधिकारी कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं है।उन्होंने बताया कि जब मैं मुखिया जी से पूछा तो उन्होंने कहा कि जहां जाना हो जाइए,जहां शिकायत करना हो कीजिए हमे कोई फर्क नहीं पड़ता है।वहीं मुखिया पन्नालाल साह ने कहा कि मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद है,हम कम समय और कम राशि मे पंचायत का विकास कर रहे हैं। पाकुड़ के गिट्टि से पीसीसी कार्य कर रहे हैं।उन्होंने आगे कहा कि दो वर्ष हो गए मेरे द्वारा पंचायत में किए गए काम का भुगतान अबतक नहीं हो पाया है।उपमुखिया पर आरोप लगाते हुए मुखिया पन्नालाल ने कहा कि उप मुखिया को कमिशन चाहिए। बहरहाल मुखिया और उप मुखिया में हो रहे वाद विवाद के बीच उप मुखिया ने बताया कि अगले आदेश तक के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कार्य को आगे करने से रोक लगा दिया है,लेकिन सूत्रों की माने तो एक दिन कार्य बंदी के बाद फिर से कार्य प्रगति पर है।अब देखना है कि आरोप प्रत्यारोप में किस के आरोप जांचोपरांत सही साबित होते है।

35 लाख के गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

प्रातः किरण, संवाददाता

रक्सौल। इन दिनों नारकोटिक्स की तस्करी चरम सीमा पर है, लगातार नेपाल से मादक पदार्थ भारत में लाया जा रहा है, इस कड़ी में रामगढ़वा पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी जानकारी देते हुए पूर्वी चंपारण जिला एसपी स्वर्ण प्रभात ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़वा थाना क्षेत्र के बेलहिया में कमरुल होदा के गवास पर भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा को छुपा कर रखा गया है और इसे दूसरे जगह भेजने की योजना है। जिसके बाद रक्सौल एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित करते हुए बेलहिया में कमरुल होदा के गवास पर छपेमारी की गई। जहां से 20 पैकेट में 280 किलोग्राम गांजा को बरामद किया गया व वहां मौजूद आशिक मियां के पुत्र मुनाफ मिया को अभिरक्षा में लेकर पूछ ताछ की जा रही है।

वही गवास के मालिक कमरुल होदा अपने गवास से भागने में सफल हो गया। बरामद नेपाली गांजा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 35 लाख के आसपास बताई जा रही है। वही एसपी श्री प्रभात ने बताया कि फॉरवर्ड बैकवर्ड लिंकेज स्थापित कर संलिप्त अन्य तस्करों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है।

सीएम के आगमन पर हर विभाग को कराया जा रहा दुरूस्त

जंगल, कैम्प,कौशल विकास केंद्र,सफारी मार्ग को किया जा रहा चकाचक

प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। सूबे के मुखिया नीतीश कुमार के पश्चिमी चंपारण से प्रगति यात्रा की शुरूआत के मद्देनजर वाल्मीकिनगर के तमाम महकमे को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है।वहीं घोटवा की बदलती तस्वीर अपने अंतिम चरण में चल रही है।बतादें की वाल्मीकिनगर में दौरे के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विश्राम करेंगे। इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए खासकर वीटीआर के जंगल कैम्प,इको पार्क,कौशल विकास केंद्र समेत जंगल सफारी मार्ग पर रोलर चलाया जा रहा है।रेंजर शिव राम ने बताया कि रंगरोगन कर जंगल कैम्प,कौशल विकास केंद्र सहित पर्यटन के दूसरे सारे पर्यटक स्थलों की साफसफाई का विषय ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि जंगल सफारी की ऊबड़खाबड़ मार्ग पर रोलर चलाकर समतल किया जा रहा है।ताकि सफारी का आनंद में कोई खलल ना हो।बतादें की मुख्यमंत्री के प्रोग्राम के अनुसार उनके सफारी करने का जिक्र नहीं है,फिर भी एहतियातन मार्ग को दुरुस्त किया जा है।घोटवा टोले में चल रही तैयारियों को अंतिम रूप देने में अधिकारी बराबर घोटवा टोले का दौरा कर रहे हैं,इसी क्रम में बगहा एसपी घोटवा टोले में सरकार के विभिन्न महकमो के अधिकारियों से कार्य की समीक्षा करने के लिए बैठक बृहस्पतिवार को किए।

काला पट्टी बांध शिक्षकों ने जताया विरोध

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा सदर। गुरुवार को जगलाल चौधरी महाविद्यालय, छपरा के शिक्षक संघ द्वारा जेपीयू स्नातकोत्तर शिक्षक संघ के एक दिवसीय धरना का पूर्ण समर्थन करते हुए काली पट्टी बांधकर प्रतीकात्मक विरोध किया गया। ज्ञातव्य हो कि विगत कई महीनों से विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शिक्षकों एवं कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है जबकि बिहार के अन्य विश्वविद्यालयों में अक्टूबर माह का वेतन भुगतान हो चुका है। साथ ही यह भी विदित हो कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शिक्षकों की लंबित पदोन्नति, उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन का मानदेय भुगतान, एवं एनपीएस की राशि का ससमय अंशदान जमा करने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को नहीं किया जा रहा है और उल्टे शिक्षकों को अस्थिर व प्रताड़ित करने के उद्देश्य से मनमानी तरीके से स्थानान्तरण नीति थोपी जा रही है। जगलाल चौधरी महाविद्यालय शिक्षक संघ के सचिव डॉ. पवन कुमार प्रभाकर ने कहा कि अगर विश्वविद्यालय प्रशासन अपने स्थानांतरण नीति को वापस नहीं लेता है तो इसके विरूद्ध आंदोलन और तेज किया जाएगा।

साथ ही राजभवन, न्यायालय एवं शिक्षा विभाग, बिहार सरकार से सम्पर्क कर समाधान के लिए सकारात्मक प्रयास करेंगे। प्रतीकात्मक विरोध में अध्यक्ष डॉ. अवधेश कुमार, सचिव डॉ. पवन कुमार प्रभाकर, प्रो. शिव कुमार प्रसाद, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. सावन राय, अनिल कुमार, डॉ. पुष्पलता हँसडक, डॉ. संदीप कुमार यादव, डॉ. मो. जियाउल होदा अंसारी, डॉ. दिनेश पाल, डॉ. कुमारी मनीषा, डॉ. रामनाथ एवं डॉ. सूर्यदेव राम शामिल रहे।

राजद ने गृह मंत्री को बर्खास्त करने की उठायी मांग

प्रातः किरण, संवाददाता

रक्सौल। राष्ट्रीय जनता दल अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के बैनर तले प्रखंड अध्यक्ष दिनेश राम के अध्यक्षता मे बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जी के प्रतिमा के समीप गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन व विरोध प्रदर्शन किया गया। मौके पर रक्सौल विधानसभा प्रभारी सैफुल आजम ने कहा आरएसएस एवं बीजेपी वालों ने सर्वप्रथम महात्मा गांधी को गाली दी, फिर जननायक कपूर्री ठाकुर को दी, फिर नेहरू को दी और अब अंबेडकर को गाली दे रहे है। इनके अपने तो सब नेता माफीवीर रहे, इसलिए देश के महापुरुषों को अपमानित करने का इनका सिनिस्टर डिजाइन है।वही राजद नेता सुनील कुशवाहा ने कहा भाजपाइयों का ये आदत बन गया है, कुछ न करो सिर्फ महापुरुषों को गाली देकर चर्चा में बने रहो, बाबा साहेब के विरुद्ध दिए गए बयान पर अमित शाह माफी मांगे। वहीं प्रखंड अध्यक्ष दिनेश राम ने कहा मै प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करता हूं अमित शाह को जल्द से जल्द बर्खास्त करें, अन्यथा हमलोग चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे वहीं प्रखंड अध्यक्ष सौरंजन यादव ने कहा भाजपाइयों की फैशन बन गया है, महापुरुषों को गाली दो और चर्चा में रहो, मैं अमित शाह जी के बयान का कड़ी निंदा करते हुए मांग करता हूं उनका जल्द से जल्द बर्खास्तगी हो, अन्यथा राजद चरणबद्ध आंदोलन करेगा।

वहीं मौके पर विधानसभा प्रभारी सैफुल आजम,राजद नेता सुनील कुशवाहा,प्रखंड अध्यक्ष सौरंजन यादव,युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष अरमान आलम,अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष नीतेश कुमार,एजाजुल हक,छात्र राजद प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा,राजाबाबू छात्र राजद नेता,नईमुल्लाह हुसैन,दिशाद अंसारी,उपेन्द्र राम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।।

न्यायालय के आदेश पर चर्चित जदयू नेता हत्याकांड में फरार आरोपी की कुर्की जप्ती हुई

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा के चर्चित जेडीयू नेता विभव राय हत्याकांड में फरार चल रहें आरोपी मुखिया पति व इंजिनियर विनित कुमार सिंह उर्फ मन्टु सिंह के घर कि न्यायलय के आदेश पर कुर्की जप्ती की गईं ।एसडीपीओ कुमार देवेंद्र के नेतृत्व में बुधवार को देर शाम तक की गयी कुर्की जप्ती की कार्रवाई में हत्यारोपी के खैरवा स्थित आलीशान घर से खिड़की जंगला,चौखट सहीत सभी चल सम्पति पुलिस द्वारा कुर्क कर धनहा थाना ले जाया गया ।जिसके बाद इलाके में हड़कंप मचा है ।दरअसल जेडीयू नेता व भीतहा पैक्स अध्यक्ष पूर्व मुखिया पति विभव राय कि हत्या 7 अगस्त 2024 को धनहा थाना क्षेत्र स्थित तमकुहवा सैलून में दाढ़ी बनवाते समय सरेआम गोली मारकर कि गयी थी। मामले का खुलासा होने पर राजनितिक साजिश में मन्टु सिंह का नाम सामने आया और उसी समय से मन्टु सिंह फरार चल रहा है। लिहाजा बगहा कोर्ट के आदेश पर पुलिस बल की मौजूदगी में हत्यारोपी के घर कि सघन कुर्की जप्ती कि गयी ।

इस मामले में बगहा एसडीपीओ कुमार देवेन्द्र ने बताया कि माननीय न्यायालय के आदेश के आलोक में फरार हत्यारोपी के घर कुर्की जप्ती कि गयी जिसमें धनहा सर्किल इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह, धनहा थानाध्यक्ष धर्मवीर कुमार भारती, भितहा थानाध्यक्ष राकेश कुमार समेत नदी थाना और पिपरासी थाना कि पुलिस भारी संख्या में मौजद रही । जब बड़े बड़े हथोड़ा और घन चलाकर आरोपी के घर चल सम्पति को तहस नहस किया गया । हालांकि फरार आरोपी की गिरफ़्तारी या आत्मसमर्पण होने पर न्यायालय के आदेशानुसार पुनः उसकी सम्पति लौटा दिये जाने का कानूनन प्रावधान है जिसकी जानकारी देते हुए एसडीपीओ ने कार्रवाई तेज कर दिया है ।बतादें की जेडीयू नेता विभव राय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी कार्यकर्त्ता थे जिनका जेडीयू पार्टी में बड़ा कद था और उनकी पत्नी पूर्व में मुखिया थीं जबकि विभव राय लम्बे समय से पैक्स अध्यक्ष का चुनाव जीतते चले आ रहें थे, लेकिन राजनितिक साजिश में उनकी हत्या के बाद बवाल मचा और अब कोर्ट के आदेश पर बगहा पुलिस ने सख़्ती शुरू किया है ।

वेतन भुगतान को लेकर शिक्षकों ने दिया धरना

छपरा कार्यालय।जय प्रकाश विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर शिक्षक संघ और महाविद्यालय शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। इस धरने का विषय विगत तीन महीने के वेतन न मिलने, प्रोन्नति, स्थानांतरण, वीक्षण कार्य व मूल्यांकन बकाया आदि से संबंधित था। इसमें स्नातकोत्तर विभाग के शिक्षक और राजेंद्र कॉलेज, जगदम कॉलेज, जय प्रकाश महिला महाविद्यालय, राम जयपाल कॉलेज समेत कई महाविद्यालय के शिक्षक मौजूद थे। प्रारंभ में स्नातकोत्तर शिक्षक संघ के सचिव प्रो. महेंद्र सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक वेतन न मिलने से कई वित्तीय समस्याओं से जूझ रहे हैं, इसलिए विश्वविद्यालय अतिशीघ्र वेतन भुगतान करे। वेतन में विलंब और उसपर स्थानांतरण का पत्र शिक्षकों के हित में नहीं है।अध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों का वेतन भुगतान नियमित होना चाहिए इसके लिए विश्वविद्यालय को ठोस निर्णय लेने होंगे। शिक्षकों की प्रोन्नति भी लंबित है जिसका निपटारा यथा शीघ्र हो । प्रो. पूनम सिंह, प्रो. शकील अहमद अता, प्रो. उदय अरविंद, प्रो. विधान चंद्र भारती, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. सोनाली सिंह समेत कई शिक्षकों ने अपने विचार रखे। सभी शिक्षकों ने एकजुट होकर कहा कि समय पर वेतन भुगतान होना चाहिए साथ ही सामूहिक स्थानांतरण कदापि नहीं होना चाहिए । परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार मिश्रा ने शिक्षकों के वीक्षण और मूल्यांकन संबंधी भुगतान को जल्द ही देने की बात कही । प्रभारी कुलसचिव प्रो. अजीत कुमार तिवारी के यथाशीघ्र वेतन भुगतान और स्थानांतरण पर पुनर्विचार के संबंध में माननीय कुलपति से आग्रह के साथ धरने का समापन किया गया ।

भिखारी ठाकुर की जयंती पर इप्टा के जातीय विद्वेष और युद्ध की वीभिषिका के खिलाफ नाटक रश्मिरथी को देख भाव विभोर हुए दर्शक

नपे तुले संतुलित अभिनय, पार्श्व संगीत, साऊंड और प्रकाश के अद्भुत संयोजन ने यादगार बनाया

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा सदर। भिखारी ठाकुर जयंती पर शहर के भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह में इप्टा, छपरा द्वारा जातीय विद्वेष और युद्ध की वीभिषिका के खिलाफ रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी रचना रश्मिरथी नाटक की प्रस्तुति जिला प्रशासन, भिखारी ठाकुर लोकसाहित्य एवं सांस्कृतिक महोत्सव, पाटलिपुत्रा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साईंस, बिहार नाई समाज और इप्टा, छपरा के सौजन्य से किया गया। रश्मिरथी का नाट्यांतरण, निर्देशन और रंग परिकल्पना डॉ० अमित रंजन ने की है तो रंग संगीत कंचन बाला और टुन्नू तनहा ने तैयार किया है। नृत्य संयोजन आयुषी परासर और रुप सज्जा आदित्य और राहुल, बैकग्राउंड संगीत टुन्नू तनहा, प्रकाश संयोजन रवि कुमार सह निर्देशन मनोरंजन पाठक और मृणाभ कुमार का है। नाटक के कथा नायक कर्ण की भूमिका मनोरंजन पाठक ने पात्र को जीवंत करते हुए बेहतरीन अभिनय किया तो कृष्ण की भूमिका डॉ० राकेश कुमार के अद्भुत अभिनय से दर्शकों को लुभाया। परशुराम की भूमिका में वरिष्ठ रंगकर्मी और निर्देशक डॉ0 अमित रंजन ने श्रेष्ठता का भली भांति परिचय दिया तो वहीं कुंती की भूमिका में कंचन बाला ने सूक्ष्म संवेदनशील अभिनय का नायाब उदाहरण प्रस्तुत किया।

इन्द्र की भूमिका में अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार शाही ने और दुर्योधन की भूमिका में पंकज कुमार ने कमाल का अभिनय पेश किया। अर्जुन की भूमिका में मृणाभ कुमार ने जीवंत अभिनय किया। भीम की भूमिका में अमितेश, कृपाचार्य की भूमिका में सागर कुमार , नटी की भूमिका में आयुषी परासर, समय की भूमिका अभिलाषा मिश्रा, कोरस की भूमिकाओं में सागर कुमार, आयुषी परासर, आशीष कुमार सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, शुभम राज सिंह, हर्षित, आदर्श और अभिनव ने अपने सधे और संतुलित अभिनय से नाटकीय कथ्य को जहाँ सम्प्रेषणीय बनाया वहीं भूमिकाओं के साथ भरपूर न्याय किया। रश्मिरथी के जातीय विद्वेष और युद्ध की वीभिषिका के साथ साथ राजनीति, देश धर्म आदि से संबद्ध संदेश पूरी शिद्दत के साथ मंच से सम्प्रेषित हुए। मनोरंजन पाठक, पंकज कुमार, कंचन बाला, बिपिन बिहारी श्रीवास्तव, शैलेंद्र क

परीक्षा को शांतिपूर्ण कराने के लिए महाविद्यालय प्रशासन हुआ सख्त

स्नातक परीक्षा : सघन जांच देख वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय परीक्षा केंद्र से मुन्ना भाई हुए फरार

■ केंद्राधीक्षक व प्रवेक्षक बोलें कदाचारमुक्त परीक्षा में नहीं होगी कोई ढ़िलाई

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास)। स्नातक परीक्षा के चौथे दिन गुरुवार को शहर के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर सघन जांच देख कई मुन्ना भाई भाग खड़े हुए। ज्ञात हो कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के तत्वधान में संचालित स्नातक यूजी 2024-28 सेमेस्टर वन की परीक्षा नगर परिषद, बिक्रमगंज शहर के चार परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में कला एवं साइंस विषय के साथ संचालित हो रही हैं। जो निर्धारित चार परीक्षा केंद्रों में सबसे अधिक परीक्षार्थियों की संख्या 2944 वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर परीक्षा केंद्र में है। जिस परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त प्रवेक्षक डॉ. कन्हैया सिंह एवं केंद्राधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह उर्फ फुलेंदर सिंह महाविद्यालय प्रशासन के साथ संचालित स्नातक परीक्षा को कदाचारमुक्त कराने के लिए प्रतिदिन नकलची परीक्षार्थियों सहित मुन्ना भाई के खिलाफ एक्शन मूड में दिख रहें है।

जो परीक्षा के चौथे दिन सघन जांच अभियान में परीक्षा केंद्र के मुख्य गेट पर महाविद्यालय प्रशासन के पुरुष व महिला कर्मियों द्वारा छात्र व छात्राओं की अलग-अलग नकल से जुड़े विभिन्न प्रकार के चिट पुर्जे की सघन जांच की गई। जिसे देख

दूसरे की जगह परीक्षा देने आए कई मुन्ना भाई मुख्य गेट पर ही एडमिट कार्ड छोड़ फरार हो निकले।

दूसरी तरफ सोचनीय बात है कि रोहतास जिला प्रशासन सहित स्थानीय प्रशासन को वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय केंद्राधीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों की अधिक संख्या को लेकर 16 से 21 दिसंबर तक के लिए परीक्षा केंद्र पर पुलिस प्रशासन बल की प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन भी दिया गया हैं। इसके बावजूद भी अबतक प्रशासन बल की कोई तैनाती नहीं हो सकी है। वही संचालित स्नातक परीक्षा में प्रशासन बल की सहायता न मिलने को लेकर वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर शिक्षक प्रतिनिधि सह वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा सीनेट सदस्य डॉ. मनीष रंजन ने जिला प्रशासन के प्रति दुःख व्यक्त करते हुए बताया कि स्नातक परीक्षा के निर्धारित तिथि तक पहली पाली सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे जबकि दूसरी पाली दोपहर 1:30 से 4:30 बजे तक संचालित होगी। इसके बावजूद प्रशासन बल की परीक्षा केंद्र पर केंद्राधीक्षक द्वारा आवेदन देने के बाद भी तैनाती नहीं की जा रही हैं। जो कहीं न कहीं जिला पुलिस पदाधिकारियों की मनमानी भरे मानसिकता को उजागर कर रही है। यदि संचालित परीक्षा में परीक्षा केंद्र पर किसी प्रकार की शरारती तत्वों द्वारा कोई अप्रिय घटना होती हैं तो इसका जिम्मेवार जिला सहित स्थानीय प्रशासन स्वयं हो सकता है।

भोजपुर जिले में 174 स्थलों पर खेल मैदान के निर्माण कार्य प्रारंभ

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। आरा में भी नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री, बिहार के कर कमलों द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भी खेल मैदान के निर्माण का कार्य का शुभारंभ किया ।ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत भोजपुर जिले में 15 करोड़ 98 लाख 85 इजार की सागत से 14 प्रखण्डों के 155 ग्राम पंचायतों में 174 खेल मैदान के निर्माण का कार्या प्रारंभ जिला पदाधिकारी व उप- विकास आयुक्त के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में निदेशक डी आर डीए, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनोगा, कार्यपालक अभिर्यता, पनरेगा व सहायक अभिनंती उपरिक्षत रहे । इस खेल मैदान में जिले के 14 प्रखण्डों में सभी 174 स्थलों में 79 सपस पर 4 एकड़ तक की भूमि 46 स्नस पर 1-1.5 एकड़ तकनी भूमि व 49 स्थलों पर। एस से कम की भूमि पर वगीर्कृत कर अनिवार्य रूप

से 4 खेलो को लिया गया है जिसमें रनिंग ट्रैक वालीबॉल, बास्केट वॉल, बैडमिंटन हैं। पूरे कार्य को 90 दिनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया ।जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि जिले के ग्रामीण इलाकों में प्रतियोगिता परीक्षाओं खास करके सी भर्ती एवं पुलिस भारती की तैयारी कर रहे हैं युवक युवतियों को फिजिकल तैयारी करने में काफी मदद मिलेगी ।खेल मैदान में दौड़ने का ट्रैक के साथ रहेगा वॉलीबाल और बैडमिंटन कोर्ट आदि की व्यवस्था रहेगी ।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि मनरेगा से खेल मैदान बनाया जायेगा। यहां आम लोगों के टहलने और खिलाड़ियों के दौड़ने के लिए ट्रैक, वॉलीबॉल, बैडमिंटन व बास्केट बॉल के कोर्ट के साथ फुटबॉल के लिए गोल पोस्ट भी इसी योजना से बनाये जाएंगे। साथ ही ऊंची कूद, लंबी कूद, खो-खो, कबड्डी समेत अन्य खेल के लिए जरूरी व्यवस्था भी की जाएगी।

भागवत कथा के छठे दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

प्रातः किरण संवाददाता

भोजपुर। आरा रमना मैदान में मारुत नंदन सेवा समिति के भागवत कथा के आज छठे दिन बृंदावन की कथावाचिका पूज्य अर्चना दीदी द्वारा भागवत कथा के भागवत कथा में हजारों भक्तगण की भागीदारी हुई जिन्होंने भागवत कथा का श्रवण किया ।आज भगवान श्रीकृष्ण एवं गोपियों के बीच के प्रेम और भक्ति के बारे में बताने के साथ ही साथ अक्रुर जी महाराज का कृष्ण बलराम को साथ लेकर जाने पर माँ यशोदा के साथ चर्चा के बारे में बताया गया ।कंश वध के साथ ही भगवान का नाम रणछोड़ क्यों पड़ा भक्तों को श्रवण कराया गया ।भगवान श्रीकृष्ण- रुक्मणी के विवाह की झाकी भी दिखाया गया ।महंत सुमन बाबा, अध्यक्ष सतेन्द्र नारायण सिंह ,त्रिवेणी सिंह के कुशल नेतृत्व में भागवत कथा भव्य रूप में हो रही है ।मंच संचालन सचिव डॉ सुनील सिंह ने किया ।इस अवसर पर राम सुरेश सिंह ,उर्मिला देवी, अशोक तिवारी कोषाध्यक्ष संजय राय सह सचिव कुमार मोहित, बबलू सिंह, इंदु देवी, वंदना देवी रोटी बैंक के द्वारा भगवान का प्रसाद वितरण किया गया जिसमे मुख्य रूप से राजेश कुमार, रवि सहाय ,कृष्ण राज, सतीश सिंह, उदय राज, संतोष सिंह सहित कई भक्तगण उपस्थित थे ।

वही काशी धाम से पधारे रामलीला समिति के कलाकारो द्वारा रामलीला का मंचन किया गया ।जिसका हजारों भक्तगणों ने आनंद लिया ।जिसकी अध्यक्षता गुड्डू सिंह बाबुआन ने किया ।

रामलीला का मंच संचालन अभय विश्वास भट्ट ने किया। वही काशी से आये रामलीला मंडली के द्वारा सीता हरण, श्री शबरी राम भेंट एवं लक्ष्मण शक्ति प्रसंग को दर्शकों के बीच दिखाया गया। बीच बीच मे रामलीला मंडली द्वारा दिखाई गई झांकी लोगो के बीच आकर्षण बना रहा। वही श्री शबरी राम दृश्य में श्री शबरी का राम प्रेम देख लोग काफी गदगद दिखे। भाजपा नेता गुड्डू सिंह बबुआन ने कहा कि सनातन धर्म एवं धर्म जागरण के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजन समय समय पर आगे भी होते रहेंगे। वही इन्होंने बताया कल रामलीला में कई प्रसंग आप सब के बीच दिखाए जाएंगे जो ऐतिहासिक होगा। वही समापन पर महाप्रसाद का वितरण भी होगा। आज रामलीला मंच पर उपमेयर सरोज सिंह, डॉ विकास सिंह, राकेश सिंह मुखिया, रोहित कुशवाहा, जगा कुशवाहा, उमेश सिंह, सुनील पाठक, पवन जायसवाल आदि थे।

गृहमंत्री अमित साह के द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति की गई टिप्पणी को लेकर किया गया विरोध प्रदर्शन

■ भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी नेताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री का किया पुतला दहन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। आरा में कांग्रेस नेताओं ने देश के गृहमंत्री अमित साह के द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ राष्ट्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम के नेतृत्व में जिला समाहरणालय अवस्थित अंबेडकर मूर्ति के समक्ष देश के गृहमंत्री अमित

साह का पुतला दहन किया गया। बाद में सभा को संबोधित करते हुए भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम ने बताया कि जिस तरह से अमित शाह ने लोकतंत्र के मंदिर में बाबा साहेब को अपमानित किया हैं, वो एक कुंठा और द्वेष से भरे मानसिकता वाला व्यक्ति ही कर सकता है।

गृहमंत्री जैसे पद पर विराजमान व्यक्ति द्वारा संविधान निमार्ता का सरेआम अपमान करना बताता है कि इखढ के नेताओं में गरीबों और दलितों के प्रति कितनी नफरत और घृणा भरी है। अब देश के दलितों, शोषितों और आदिवासियों को ये सोचना पड़ेगा कि वो उन्हें अधिकार और न्याय दिलाने वाले बाबा साहेब के साथ हैं या बाबा साहेब का अपमान करने वाले इखढ-फर के साथ हैं। हम देश के राष्ट्रपति से मांग करते हैं कि ऐसे निरंकुश और अव्यवहारिक देश के गृह मंत्री को अविलंब उसके पद से बर्खास्त करें अन्यथा आने वाले समय में देश स्तर पर एक बहुत बड़ा जन आंदोलन खड़ा होगा, जिसकी सारी जवाब देही केंद्र सरकार की होंगी।

पुतला दहन कार्यक्रम में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम, मोहन दुबे, राजेंद्र ओझा, सत्यप्रकाश राय, अशोक यादव, घनश्याम उपाध्याय, रजी अहमद, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, डॉ श्रीधर तिवारी, डॉ आशुतोष ठाकुर, जितेन्द्र शर्मा, मनोज कुमार अंजनी, राकेश कुमार त्रिपाठी, बीरेंद्र मिश्रा, संतोष पाण्डेय, पन्नग त्रिपाठी, शिव शंकर चौबे, कृष्ण कांत पांडेय, डॉ भानु प्रकाश सिंह, प्रमोद राय, देव कुमार सिंह, रामानुज दुबे, नर्वदेश्वर ओझा, सूर्य प्रकाश, चितरंजन सिंह मुन्ना, रविन्द्र राम उर्फ रवि राम, लाल मोहन सिंह शत्रुघ्न, शिवनाथ पासवान, आनंद तिवारी, रमेश शर्मा, ददन चौधरी, रोहित तिवारी, अंशु पाठक, मोहमद आरिफ, रोहित श्रीवास्तव सहित सैकड़ों नेता और कार्यकर्ता में शामिल हुए।

संक्षिप्त खबरें

छेड़खानी के केस में एक आरोपी गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

दिनारा (रोहतास)। दिनारा पुलिस ने छेड़खानी केस के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया ।दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि दिनारा निवासी बब्लू खान के पुत्र वारिस खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 525/24 के आलोक में छेड़खानी करने का मामला दर्ज था ।

दो कुर्की वारंटी गिरफ्तार

बिक्रमगंज(रोहतास)।बिक्रमगंज पुलिस ने अलग-अलग जगहों से दो कुर्की वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़की घुसियां निवासी विनोद रजवार एवं धनगाई निवासी राम नगीना सिंह को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।उन्होंने बताया कि बड़की घुसियां निवासी विनोद रजवार के विरुद्ध सासाराम न्यायालय से कुर्की वारंट निर्गत था तो वहीं दूसरी ओर धनगाई निवासी राम नगीना सिंह के विरुद्ध बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से कुर्की वारंट निर्गत था ।थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार दोनों कुर्की वारंटी को जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

विद्युत ऊर्जा चोरी को ले प्राथमिकी दर्ज, लगा 4.99 लाख जुमार्ना

दिनारा(रोहतास)।विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दिनारा अंतर्गत अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर एसटीएफ के नेतृत्व में एक जाँच दल का गठन किया गया। जाँच दल द्वारा ग्राम-गोपालपुर के मील संचालक मनोज सिंह पिता-बच्चा सिंह के आटा चक्की मील परिसर का निरीक्षण के क्रम में पाया गया की श्री सिंह द्वारा विद्युत विभाग के विस्तारित मेन एलटी लाईन से तीन फेज तार अवैध रूप से संयोजित कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी तथा इनके परिसर मे मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था। प्राथमिकी दर्ज किये जाने तक इनके द्वारा उक्त स्थल का वैध विद्युत संबंध हेतु कागजात प्रस्तुत नहीं की गयी। इनके इस कृत्य से साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना को 499035 राजस्व की क्षति हुई है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की जांच हुई।

भिखारी ठाकुर के रचनन में सामाजिक चेतना प्रेमचंद जइसन : प्रो नीरज सिंह

■ भोजपुरी विभाग में भिखारी ठाकुर जयंती पर व्याख्यान

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के भोजपुरी विभाग स्थित आचार्य दुर्गा शंकर प्रसाद सिंह नाथ सभागार में भिखारी ठाकुर जयंती पर ह्लभिखारी ठाकुर के नाटकन के सामाजिक पक्षह्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। व्याख्यान के मुख्य वक्ता चर्चित साहित्यकार और हिंदी भोजपुरी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो डॉ नीरज सिंह थे। समारोह की शुरूआत आगंतुक अतिथियों द्वारा पारंपरिक ढंग से दिया जलाने और भिखारी ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुई। इसके बाद कमलेश व्यास ने भिखारी ठाकुर के दो गीतों को गाकर सुनाया। व्याख्यान में डॉ नीरज सिंह ने भिखारी ठाकुर रचित हर नाटक के सामाजिक पक्षों और उसमें निहित संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने रेखांकित करते हुए यह बात कही कि भिखारी ठाकुर के नाटकों में ठीक वैसी ही समाजिक चेतना उपस्थित है जो प्रेमचंद की हिंदी रचनाओं में। इस आधार पर भिखारी ठाकुर भोजपुरी साहित्य के प्रतिनिधि साहित्यकार बनकर उभरते हैं और साथ ही सही मायनों में वे एक ग्लोबल भोजपुरिया हैं। भिखारी ठाकुर के नाट्य दृश्यकाव्य हैं और वे इस वजह से नाटकों में समाजिक संदेशों को दर्शकों तक आसानी से पहुंचा पाते हैं। प्रो नीरज सिंह ने कहा कि भिखारी ठाकुर आज भी भोजपुरिया आंदोलन के अगुआ बने हुए हैं।

सभागार में अन्य गणमान्य अतिथियों में सीनेटर प्रो बलिराज ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद उपाध्याय, वरिष्ठ आलोचक जितेंद्र कुमार, मीडिया विशेषज्ञ और भोजपुरिया फाउंडेशन के डॉ अजय ओझा, साहित्यकार कृष्ण कुमार, रामयश अविकल, भोजपुरिया जनमोर्चा के भरत सिंह सहयोगी, कुमार शीलभद्र और वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र सिंह उपस्थित थे। विषय प्रवेश और स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो दिवाकर पांडेय, संचालन रवि प्रकाश सूरज तथा धन्यवाद ज्ञापन सोहित सिन्हा ने किया। उपस्थित छात्रों दुनमुन सिंह, योगेश, विशाल, रौशन, दीपक, रोहित आदि की ओर से अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में कर्मचारियों मनोज, रंजीत और नीलम देवी का सराहनीय योगदान रहा।

संविधान निमार्ता डा.भीम राव अम्बेडकर के अपमान के खिलाफ गृहमंत्री अमित साह का भाकपा माले ने फूंका पुतला

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । गृह मंत्री अमित साह द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहब डा. भीम राव अम्बेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ आज अम्बेडकर चौक कलक्ट्रिएट पर भाकपा माले ने अमित साह का पुतला फूंका तथा वही सभा की.सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि गृह मंत्री अमित साह का अपमानजनक टिप्पणी भारतीय संविधान और बाबा साहब के प्रति

भाजपा व आर एस एस की घृणा का प्रदर्शन है तथा मनुस्मृति को देश का संविधान बना देने की बेचैनी है.

क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि अमित साह शीघ्र इस्तिफा दें तथा देश की जनता से माफी मांगे. माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि अम्बेडकर, अम्बेडकर कहना फैसन नहीं हमारा जुनुन है अभियान है हम फख्र के साथ कहते है कि मै भी अम्बेडकर हूं. पुतला दहन कार्यक्रम मे सामिल प्रमुख लोगों मे राज्य कमिटी सदस्य व आरा नगर सचिव सुधीर सिंह, जिला कमिटी सदस्य बालमुकुंद चौधरी, दिलराज प्रीतम, आयरला नेता अमित कुमार बंटी, उमेश सुमन, संतविलास राम, अभय कुमार सिंह, सुरेश पासवान, मास्टर रणधीर सिंह. युवा राजद नेता विजय यादव, राजद नेता राज गौरव टाइगर थे.

लायंस क्लब ने डिस्ट्रिक्ट 322 ई के द्वितीय उप जिलापाल पद प्रत्याशी लायन बबीता सिन्हा का किया स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के सदस्यों ने अतिथि देवो भवः की लोकोक्ति को चरितार्थ करते हुए लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322 ई वर्ष 2025-2026 के लिए द्वितीय उप जिलापाल के संभावित उम्मीदवार लायंस क्लब ऑफ पटना अनंता की लायन बबीता सिन्हा एवं उनके प्रतिनिधिमंडल का रक्सौल पहुंचने पर रक्सौल क्लब की प्रथम उपाध्यक्ष लायन सीमा वर्णवाल एवं लायन सुशीला धानोठिया के साथ क्लब अध्यक्ष लायन साइमन रेक्स, क्लब सचिव लायन बिमल सर्राफ, क्लब कोषाध्यक्ष लायन मोहम्मद निजामुद्दीन, पूर्व अध्यक्ष लायन शंभू प्रसाद चौरसिया, लायन गणेश धानोठिया, लायन पंकज वर्णवाल, लायन राजन गुप्ता की उपस्थिति में भव्य स्वागत किया गया। प्रतिनिधिमंडल में लायंस क्लब बेतिया से पुर्व जिलापाल लायन डॉक्टर अमिताभ चौधरी, लायन जमील बरमाकी, पूर्व जिलापाल लायन नंदा गर्ग, लायन झूमा बनर्जी, लायन अशोक गर्ग, रामगढ़वा प्रखंड विकास पदाधिकारी लायन राकेश कुमार, लायन अनूप कुमार, लायन कुंदन कुमार, समाजसेवी राकेश कुमार बेतिया से शामिल हुए।आए हुए संभावित जिलापाल प्रत्याशी लायन बबीता सिन्हा ने जिलापाल निर्वाचित होने पर लायंस क्लब ऑफ रक्सौल को शहर के समग्र विकास एवं स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याओं के निवारण के लिए अपना संपूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया ।सभी को क्लब सदस्यों ने लायंस क्लब पिन लगा कर सम्मानित किया। पूर्व जिलापाल लायन नंदा गर्ग ने भी लायंस अध्यक्ष पिन से क्लब के सदस्यों को सम्मानित किया। जिसकी जानकारी लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के सचिव सह मीडिया प्रभारी लायन बिमल सर्राफ ने दी।

ऐपवा ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

आरा। ऐपवा नगर कमेटी की ओर से आरा प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया !यह प्रदर्शन खून चूसक स्मार्ट मीटर वापस लेने, सभी वृद्धावस्था पेंशन हर महीने 3 हजार रुपए देने, सभी गरीबों को 2 लाख रु.देने की गा-रंटी करने, अतिक्रमण के नाम पर गरीब के झोपड़ियों को उजाड़ना बंद करने, उजाड़ने से पहले बसाने की व्यवस्था करने, माइक्रो फाइनेंस कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाने, बलात्कार-अत्याचार रोकने के लिए पुलिस प्रशासन को जवाबदेह बनाने, महिला उत्पीड़न पर रोक लगाने की मांग को लेकर आरा प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। ऐपवा नगर सचिव संगीता सिंह एवं नगर अध्यक्ष शोभा मंडल ने कहा कि बिहार में गरीब मेहनतकश महिलाओं की स्थिति बहुत खराब है।

मुख्यमंत्री ने खेल मैदान के निर्माण कार्य का रिमोट के माध्यम से किया शुभारंभ

■ पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत खेल मैदान के निर्माण हेतु 250 पंचायतों को किया गया है चिन्हित

बेतिया(मोहन सिंह)।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को ह्यसंकल्पह्व से ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 5671 ग्राम पंचायतों में 6659 खेल मैदान के निर्माण कार्य का रिमोट के माध्यम से शुभारंभ किया। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा योजना के तहत राज्य के सभी 38 जिलों के, 533 प्रखंडों के, 5671 ग्राम पंचायतों में प्रथम चरण में 6659 खेल मैदानों के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसमें कुल 63,827.35 लाख रुपये की राशि सन्निहित है। खेल मैदान निर्माण कार्य में अनुमानित 41 लाख मानव दिवस का सृजन होगा।पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत 303 पंचायतों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें से खेल मैदान के निर्माण हेतु 250 पंचायतों को चिन्हित किया गया है। जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। कुल स्वीकृत राशि 2404.81 लाख है।उक्त कार्यक्रम से जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहें। इस अवसर पर विधान पार्षद भीष्म सहनी सहित उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, निदेशक, डीआरडीए अरुण प्रकाश एवं ग्रामीण विकास विभाग के अन्य अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।ज्ञातव्य है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल कूद के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ खेल की आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायतों में खेल मैदान विकसित किये जा रहे हैं।खेल मैदान के विकास के फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और उत्साहवर्द्धन भी होगा। खेल मैदान विकसित होने से युवाओं के बीच खेल प्रतियोगिताओं और प्रतिस्पद्धाओं के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। खेल मैदान के विकास के क्रम में ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।भूमि की उपलब्धता के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों में निम्न तीन प्रकार के खेल मैदान विकसित किये जा रहे हैं। पहले प्रकार के खेल मैदान बड़े आकार के होंगे जिनका क्षेत्रफल 04 एकड़ तक का है। बड़े खेल मैदान में गाँव के युवाओं को खेलने के लिए क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, रनिंग ट्रैक, बैडमिंटन, ऊँची कूद, लम्बी कूद, कबड्डी और खो-खो खेलों की सुविधाएं स्थानीय आवश्यकता अनुसार ग्रामीण युवाओं के लिए विकसित की जायेंगी। दूसरे प्रकार के खेल मैदान मध्यम आकार के होंगे जिनका क्षेत्रफल 01 से 1.5 एकड़ तक का है। मध्यम आकार के खेल मैदान में क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, रनिंग ट्रैक, बैडमिंटन, ऊँची कूद और लम्बी कूद की सुविधाएं होगी। स्थानीय आवश्यकता अनुसार ग्रामीण युवाओं के लिए विकसित की जायेंगी। तीसरे प्रकार के खेल मैदान छोटे आकार के हैं जिनका क्षेत्रफल एक एकड़ से कम है।

भिखारी ठाकुर की 137 वीं जयंती समारोह में भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने का लिया संकल्प

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। बड़हरा प्रखंड के कोल्हरामपुर गांव में लोककलाकार भिखारी ठाकुर की 137 वीं जयंती समारोह के अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य राम ईश्वर राय स्मृति सभागार कोल्हरामपुर गांव में लगा विद्वान कवि साहित्कारों मीडिया ग्रामीण जनता का मेला। सजग रचनाकार संघ ,बिहार के बैनर तले ,लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की जयंती के अवसर पर अध्यक्षता कर रहे राजाराम सिंह प्रियदर्शी ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके साहित्यिक संघर्षों की बात कही। गोप गुट अराजपत्रित कर्मचारी संघ भोजपुर के जिला सचिव, उमेश कुमार सुमन भोजपुरी बोले, लिखे, पढ़े के प्रेरणा, श्रोता को दिए। वहीं संस्था के सचिव अर्जुन कुमार ठाकुर ने साचहूं के रहीं लीलाधारी जाने दुनिया सारी से भीड़ में जोश भर दिए। भोजपुरी के महान कवि एवं गीतकार सुरेन्द्र शर्मा विशाल ने ह्लकाहे भूली गइल माई के दुलार बबुआह्व.से महफिल में चारचांद

लगा दिए।भोजपुरी को आठवीं अनुसूचि में शामिल करावे खातिर प्रदेश महासचिव, राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ, बिहार, सी.पी. चक्रवर्ती ने भिखारी ठाकुर जी के वर्तमान दौर में आपन भासा साहित्य के जवन ऊंचाई देनी कि दुनिया के कोना कोना तक पहुंचावे के काम कइनी और अपने नाटक को लोगों के बीच तक पहुंचावे मे अथक प्रयास किये। प्रो.विजय जी उनके तात्कालिक दौर में परेशानियां से सबक ले वे समाज को आईना दिखाने का काम किए के बारे मे बताये, वहीं मंच संचालक महेन्द्र प्रताप शर्मा जी ने उनके द्वारा बताए गये शहरी चकाचौंध से दिगभ्रमित की बातें की। प्रो.विजय जी ने कहा कि नौजवान दिशाहीन हो गये, वही डॉक्टर वीरेंद्र कुमार शर्मा जी उनकी जीवनी के साथ साथ हिन्दी साहित्य के रचना मे सदा लीन रहते हैं वे बच्चों के लिए भोजपुरी में मनोहर पोथी भी लिखे हैं, दाउदपुर, दानापुर से आये हिन्दी, मगही भोजपुरी के जन कवि अनील कुमार ह्यसुमनह्व.जी ने भिखारी ठाकुर के जीवन कृत्यों और रचनाओं पर विशेष प्रकाश डाला, वहीं मानवाधिकार कार्यकर्ता मंजू कुमारी, प्रो०सियामती राय, प्रो.ब्रजेश कुमार जी ने भिखारी ठाकुर को बताया कि भिखारी ठाकुर जी दुनिया के विद्वानों में अग्रणी थे। शिक्षक नीरज कुमार ,पूर्व मुखिया विजय कुमार राय, काशीनाथ प्रसाद, सच्चिदानन्द राय, सुनील कुमार, शंकर भगवान शमार्जी ने एक-एक कविता सुनाए -ह्वरउवा का ना कइनीह्व से फिर गर्मी पैदा कइनी, पवन कुमार, मोहनजी ,लालाजी शिक्षक लालमोहर आदि अनेक वक्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी साथ ही जिला प्रशासन, एवं राज्य प्रशासन से मांग किए कि कोईलवर बबुरा पथ को लोककलाकार भिखारी ठाकुर पथ घोषित किया जाय ।सभा समाप्ति की घोषणा के पूर्व अध्यक्ष के अनुमति से धन्यवाद ज्ञापन की गई। मौके पर, मालती देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य, विनोद राय, अजय राय, पूर्वी बबुरा पंचायत के सरपंच, रामा शंकर राय सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।

प्रखंड में रोक के बाद भी खेतों में पराली जला रहे किसान

काराकाट (रोहतास) । काराकाट प्रखंड क्षेत्र के गम्हरिया और बाद गांव के खेतो में प्रतिबंध के बावजूद किसान खेतों में धान की पराली जलाते देखे जा रहे हैं। खेतों में पराली जलाने से जहां वायू प्रदुषण बढ़ रहा है, वहीं भूमि की उपजाऊ क्षमता भी कम हो रही है। हालांकि प्रशासन ने पराली खेतों में नहीं जलाने को लेकर जागरूकता अभियान भी चला रहा है, इसके बावजूद भी पराली जलाने पर क्षेत्र में खेतों में पराली जलाने से किसान नहीं मान रहे हैं। धान की कटाई के बाद सरसों और गेहूं की बुआई आरंभ हो जाती है। किसान इन फसलों की अगेती बुआई करने के लिए धान की कटाई का कार्य पूर्ण होने के बाद पराली और फानों में आग लगा देते हैं।

बता दे की खेत में पराली जलाने से मिट्टी का तापमान बढ़ जाता है। इससे भूमि की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है। वहीं मिट्टी में मौजूद किसान मित्र कीट भी नष्ट हो जाते हैं। इसका सीधा असर फसल के उत्पादन पर पड़ता है।

कुर्था थाने में रोल कॉल व समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन

इसका मुख्य उद्देश्य बेहतर कानून व्यवस्था, सुरक्षा,और अपराध नियंत्रण में प्रभावी योगदान देना है

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल)। पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील के निर्देश पर चलाएं गए जिले के सभी थानों में रोल कॉल एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने रोल कॉल ब समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रतिदिन रोल कॉल और समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में पुलिस अधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य है, जहां उनके कार्यों की गहन समीक्षा की जाती है बैठक के दौरान विशेष ध्यान दिए जाने वाले मुख्य बिंदु लंबित मामलों की समीक्षा , गिरफ्तारी ब वारंट निष्पादन की स्थिति, नियमित पेट्रोलिंग की जानकारी,नए कानूनों और प्रावधानों की जानकारी इस पहल का मुख्य उद्देश्य बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखना, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और अपराध नियंत्रण में प्रभावी योगदान देना है।और उन्होंने कहा कि रोल कॉल एक ब्रीफिंग है जहां पर्यवेक्षक उपस्थिति लेते हैं, वर्दी और उपकरणों का निरीक्षण करते हैं, आने वाली शिफ्ट को किसी भी लंबित घटना की सूचना देते हैं, संदिग्धों के बारे में अधिकारियों को सूचित करते हैं।

किसी भी कानून या प्रक्रियात्मक परिवर्तन से संबंधित जानकारी देते हैं, इत्यादि।हालाँकि अक्सर शिफ्ट की शुरूआत से पहले आयोजित किया जाता है शिफ्ट के अंत में भी रोल कॉल आयोजित किया जा सकता है।

रोल कॉल में संचार आमतौर पर ऊपर से नीचे होता है, जिसमें शिफ्ट या स्क्वाड कमांडर द्वारा सूचना प्रसारित की जाती है। रोल कॉल कानून प्रवर्तन एजेंसियों में अंतर-विभागीय संचार के लिए कई वाहनों में से एक है : अन्य तरीकों में कमांड या प्रशासनिक स्टाफ मीटिंग, गुणवत्ता मंडल और यूनिट मीटिंग शामिल हैं। इस बैठक में कुर्था थानाध्यक्ष के अलावे एएसआई चंद्रदेव महतो, सी तरुण कुमार एएसआई स्मिता उपाध्याय के अलावे थाने के सभी पुलिस पदाधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

भिखारी ठाकुर जयंती पर विचार गोष्ठी

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में भारत के महान साहित्यकार भोजपुरी भाषा के शेक्सपियर जन-जन के चितेरे बिहारी अस्मिता के शान भिखारी ठाकुर की 137वीं जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम भिखारी ठाकुर को नमन किया गया एवं उनके समग्र साहित्यिक कृतियों पर लोक भाषा भोजपुरी को वैश्विक स्वरूप प्रदान करने में भिखारी ठाकुर का योगदान विषयक गोष्ठी की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री धनंजय जयपुरी संरक्षक मंडल सदस्य डॉ रामाधार सिंह, शब्दाक्षर के जिला अध्यक्ष नागेंद्र केसरी की गरिमामई उपस्थिति रही। संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने संबोधन के क्रम में कहा कि भोजपुरी एक लोक भाषा थी लेकिन भिखारी ठाकुर के साहित्यिक अवदान ने भोजपुरी को पूरे राष्ट्रीय क्षितिज पर स्थापित करने के साथ-साथ विदेश में भी विशेष स्थान दिलाने का कार्य किया था।

मॉरीशस सूरीनाम फिनलैंड जैसे देश में भी आज भोजपुरी भाषा बोली जाती है तो उसके केंद्र बिंदु में भिखारी ठाकुर का योगदान अप्रतिम रहा है। विदेशिया इनकी सर्वोत्कृष्ट कृति है जिसके माध्यम से उन्होंने समाज के उस तबके को उजागर किया है जहां कोई पहुंचता नहीं।भाई विरोध,बेटी बेचवा,कलयुग प्रेम,गंगा स्नान,विधवा विलाप,पुत्र वध,गबर घिचोर सहित दर्जनों रचनाएं हैं जिन्होंने समाज के उस तबके का प्रतिचित्रण है जो सदियों से दबे कुचले थे उनकी आवाज को उठाने वाला कोई नहीं था ऐसे ही आवाज उठाकर भिखारी ठाकुर ने उन्हें न्याय दिलाने का कार्य किया था।उनके कारण भोजपुरी भाषा का बहुत विकास हुआ। गोष्ठी में विजय कुमार सिंह, सुनील मेहता,राणा सुनील सहित अन्य उपस्थित थे।

डीएम व एसपी ने शहीद मेजर की पुण्यतिथि पर स्मारक और गेट का किया उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता

करपी । प्रखंड क्षेत्र के लोदीपुर गांव स्थित शहीद मेजर मनोज कुमार का स्मारक एवं गेट का विधिवत उद्घाटन अरवल के जिला पदाधिकारी कुमार गौरव एवं अरवल पुलिस अधीक्षक राजेंद्र सिंह भील समाजसेवी विक्रम सिंह असम रेजीमेंट के टुआईसी मेजर अभिनव कुमार शाहिद के पिता अशोक कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसका अध्यक्षता पूर्व सैनिक फ्रंट एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश कुमार सुमन एवं संचालन दिल्ली पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर धर्मेंद्र कुमार ने किया।

बिहार के कोने कोने से आए तमाम पूर्व सैनिक भारी संख्या में शिरकत किए. आसपास के ग्रामीण लोग भी मानो जन सैलाब उमर पाड़ा .स्थानीय डीएम और एसपी साहब ने बताया की पूर्व सैनिकों के लिए जो भी कुछ आयोजन होगा उसमें हम हिस्सा लेंगे तथा पूर्व सैनिकों से संबंधित कोई भी कार्य को प्राथमिकता से देखी जाएगी । हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने भी नाम आंखों से शहीद मेजर की श्रद्धांजलि दी तथा शहीद मेजर मनोज कुमार अमर रहे के नारे से लोदीपुर गांव गुंजता रहा ।

नए ढंग से छात्रावास भवन का निर्माण कराया जाए:सत्येन्द्र रंजन

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल । लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने जिला अतिथि गृह में बिहार सरकार के अनुसूचित जाति / जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम से मिलकर अनुसूचित जाति / जनजाति कल्याण छात्रावास भवन में अवैध रूप से चल रहे होमगार्ड कार्यालय को हटाकर नये ढंग से छात्रावास भवन बनाने के लिए मांग पत्र समर्पित किया । उन्होंने बिहार सरकार के मंत्री जनक राम को जानकारी देते हुए कहा कहा कि अरवल अनुसूचित जाति / जनजाति कल्याण छात्रावास भवन का उदघाटन वर्ष 1962 में पूर्व कल्याण मंत्री स्वर्गीय डूमर लाल बैठा के द्वारा किया गया था , उस समय से उक्त छात्रावास भवन में अनुसूचित जाति / जनजाति के छात्र रहकर पढ़ाई किया करते थे । वर्तमान में उक्त छात्रावास भवन में अवैध रूप से होमगार्ड का कार्यालय चलाया जा रहा है , जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है । अनुसूचित जाति / जनजाति कल्याण छात्रावास भवन का सुविधा नही मिलने के कारण अनुसूचित जाति / जनजाति के छात्रों को पठन पाठन करने में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही है ।

उक्त छात्रावास भवन में अवैध रूप से चल रहे होमगार्ड कार्यालय को हटाकर नये ढंग से अनुसूचित जाति / जनजाति कल्याण छात्रावास भवन बनाने की मांग शीघ्र माननीय मंत्री महोदय से किया । इस मौके पर एनडीए के सभी सम्मानित नेतागण उपस्थित रहे ।

देसी गायों के संरक्षण और सुधा उत्पादों की नई संभावनाओं पर मंत्री डॉ. प्रेम कुमार की बैठक संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता

गया। बिहार सरकार के सहकारिता सह वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने आज गया परिसदन में कंफेड के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की है।इस बैठक में सुधा के नए उत्पादों और उनके विस्तार की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई है। इस अवसर पर मगध दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड, गया के मुख्य प्रबंधक ज्ञान शंकर ने समिति की वर्तमान गतिविधियों और आंकड़ों पर प्रकाश डाला है। ज्ञान शंकर ने बताया कि मगध दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति का कार्यक्षेत्र गया, जहानाबाद, औरंगाबाद और अरवल जिले में फैला हुआ है। इसके अंतर्गत 2318 समितियां सक्रिय हैं, जबकि 454 रजिस्टर्ड और 440 समितियां संघ से संबंधित हैं। इन समितियों से कुल 85,474 सदस्य जुड़े हुए हैं। वर्तमान में इन समितियों के माध्यम से चारों जिलों में प्रतिदिन 65,000 लीटर दूध का संग्रहण किया जाता है।जिसका विपणन दूध और दुग्ध उत्पादों के रूप में किया जा रहा है।

इस बैठक के दौरान देसी गायों के संरक्षण को लेकर एक अहम प्रस्ताव भी रखा गया है। ज्ञान शंकर ने आग्रह किया कि गया क्षेत्र को देशी गायों का संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए और किसानों के हित में सरकार द्वारा प्रति लीटर 3 प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि कृत्रिम गभार्धान के माध्यम से देसी गायों को उन्नत नस्ल का सीमेन देकर 25-35 लीटर दूध उत्पादन वाली गायों का विकास किया जा सकता है। इस प्रक्रिया में प्रति गाय 12,000 का खर्च आता है, जो किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा।

मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए इसे किसान हित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कंफेड के पदाधिकारियों को हरसंभव सहायता और सहयोग का आश्वासन दिया है।

डॉ. कुमार ने कहा कि यह योजना न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगी, बल्कि देसी गायों के संरक्षण और दूध उत्पादन में भी सकारात्मक बदलाव लाएगी।इस बैठक में कंफेड के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे साथ में भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक प्रेम सागर क्षेत्र प्रभारी पशु कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि विकास कुमार महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी धनंजय धीरू जितेंद्र कुमार आदि लोग शामिल रहे हैं।

केन्द्रीय मंत्री से पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ जदयू नेता की गया के विकास पर हुई चर्चा

गया। उधोग भवन में गया के लोकप्रिय सांसद सह भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से उधोग भवन में जाकर गया के विकास के लिए एवं गया संसदीय क्षेत्र के लोगों को ख्याल के बारे में जानकारी आदान-प्रदान किसर गया।

जदयू के वरिष्ठ नेता अजय कुशवाहा संसदीय चुनाव के चुनाव अभिकर्ता के रुप में पुरे श्रेत्र के एक एक कोने के बारे में जानकारी रखने वाले पूर्व सांसद हरी मांझी ने भी उधोग भवन जाकर श्रेत्र की समस्यायों एवं महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई है जिससे गया संसदीय क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा ।

पूर्व मुखिया के प्रथम पुण्यतिथि पर मूर्ति अनावरण में पहुंचे कई गणमान्य

प्रातः किरण संवाददाता

करपी । प्रखंड क्षेत्र के बेलखारा ग्राम में बेलखारा पंचायत के पूर्व मुखिया स्व अरविंद पटेल की प्रथम पुण्यतिथि एवं उनकी प्मूर्ति अनावरण के मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जहानाबाद के पूर्व सांसद डॉ अरुण कुमार ने कहा कि अरविंद पटेल कुशल व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे और उसी का परिणाम था कि वे लगातार चार बार बेलखारा पंचायत में मुखिया पद को सुशोभित किया था।

डॉ अरुण कुमार ने कहा कि 2002 से ही स्व अरविंद पटेल से मेरा संबंध बना तो मुझे लगा कि यह सिर्फ राजनीतिक व्यक्ति नहीं है बल्कि समाज का एक सच्चा सेवक भी है ।सर्वप्रथम स्वर्गीय अरविंद पटेल की आदमकद प्रतिमा पर जहानाबाद के पूर्व सांसद डॉक्टर अरुण कुमार व पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी जदयू के प्रांतीय सचिव जितेंद्र पटेल सामाजिक कार्यकर्ता व कुर्था विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पप्पू वर्मा सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद पटेल पूर्व विधान पार्षद अजय सिंह अलमस्त सहित कई गणमान्य लोगों ने आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मूर्ति अनावरण के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जहानाबाद के पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि अरविंद पटेल जो की लगातार चार बार इस बेलखारा पंचायत का प्रतिनिधित्व किया था उनकी लोकप्रियता को दशार्ता था। उपस्थित लोगों से उन्होंने कहा कि जीवन में मृत्यु सत्य है लेकिन जो मरकर अमर रहे सही व्यक्तित्व का मतलब यही है।

इस पुण्यतिथि कार्यक्रम को अरविंद पटेल जितेंद्र पटेल पप्पू वर्मा इंदौर पंचायत के मुखिया विनय पटेल सहित कई गणमान्य लोगों ने संबोधित किया।

धन्यवाद ज्ञापन सामाजिक कार्यकर्ता एवं इस कार्यक्रम के आयोजक सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद पटेल ने किया ।उन्होंने उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट किया तथा आए हुए बाहर से तमाम अतिथियों को भी इस अवसर पर अपना बहुमूल्य समय देने के लिए साधुवाद दिया।

बभना लोदीपुर ने क्रिकेट लीग में हमीनपुर को 41 रन से हराया

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल)। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के लारी स्थित मां सती क्रिकेट लीग टूनामेंट लारी सीजन 3 का चौथा लीग मुकाबला हमीनपुर बनाम बभना लोदीपुर के बीच खेला गया। हमीनपुर ने टॉस जीतकर पहले गेदबाजी चुना ब बैटिंग के लिए बभना लोदीपुर का आमंत्रित किया बभना लोदीपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 187 रन बनाया जवाब में हमीनपुर की टीम 15 ओवर में 146 रन पर ऑल आउट हो गई इस प्रकार से बभना लोदीपुर ने आज का मुकाबला 41 रन से जीत लिया। आज के मुकाबले में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को भाजपा नेता राहुल वत्स ब समाजसेवी मृत्युंजय कुमार ने मैन ऑफ द मैच का खिताब बभना लोदीपुर के खिलाड़ी आकीब शेख को प्रदान किया। आकिब शेख ने तीन ओवर में 12 रन देकर के चार विकेट प्राप्त किया। आगामी मुकाबला 21 तारीख को बिहार की राजधानी पटना की टीम और प्रखंड मुख्यालय कुर्था की टीम के बीच में खेला जाएगा। उक्त आशय की जानकारी आयोजन समिति के सदस्य कुमार कृतियानन्द बिट्टू ने दी।

विद्यालय से अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक से मिले प्रधानाध्यापक: राजु कुमार

प्रातः किरण संवाददाता

करपी । प्रखंड क्षेत्र के केयाल पंचायत अंतर्गत अंधराचक उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजू कुमार एवं विद्यालय के अन्य शिक्षकों के द्वारा विद्यालय से लगातार अनूपस्थित रह रहे छात्र छात्राओं के अविभावकों से मिलकर उनके बच्चों की अनुपस्थिति की जानकारी दी गई एवं विद्यालय से अनुपस्थित रहने का कारण पूछा गया।

उत्क्रमित उच्च विद्यालय अंधराचक के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजू कुमार ने बताया की कुछ दिनों से विद्यालय के प्रत्येक कक्षा की उपस्थिति पंजी में कुछ विद्यार्थियों की लगातार अनुपस्थिति देखी जा रही थी जिसके कारण उनके द्वारा यह कदम उठाया गया।

अभिभावकों से मिलने क्रम में उन्होंने सरकार द्वारा विद्यार्थियों को दिए जाने वाले सभी प्रकार के लाभ को बताया। उन्होंने बच्चों के अभिभावक से यह भी कहा कि लगातार अनूपस्थित रहने से बच्चों के भविष्य पर इसका असर पड़ेगा। इसलिए अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजे एवं समय समय इसका निरीक्षण स्वयं करे ताकि बच्चे स्कूल जाने का बहाना कर किसी गलत संगत में आ जाए। प्रभारी प्रधानाध्यापक राजू कुमार के इस पहल का अभिभावकों ने प्रशंसा की ।

धर्म के अभाव में सुख-शांति संभव नहीं:जीयर

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) । नगर पंचायत काराकाट के बाद गांव में आयोजित 25 कुड़िया श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के चौथे दिन अपने प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि धर्म के अभाव में सुख शांति संभव नहीं है। संसार में खुशहाल जीवन यापन के लिए धर्म के साथ जुड़ना ही होगा। इसके अभाव में व्यक्ति दुखी और दुराचारी होता है। अशुभ और सुबह की संकट के संदर्भ में उन्होंने कहा कि कुत्ता बिल्ली आदि जानवरों की चित्रकार होने पर निश्चित ही अमंगल होने की संभावना बनती है। भले ही वह आपके साथ ना हो परंतु आपके किसी न किसी करीबी के साथ निश्चित रूप से होगा। परंतु कुछ लोग इसे नहीं समझ पाते। इस तरह नकारात्मक विचार वाला व्यक्ति धर्म को नहीं समझ पाता। आगे उन्होंने बताया कि पुरुषार्थ और परमार्थ के लिए व्यक्ति को उत्तम विचार, उत्तम आचरण एवं शास्त्र के अंतर्गत जीवन यापन करना चाहिए। व्यक्ति का व्यवहार सही रहने पर ही व्यवहारिक बातों को समझ सकता है। नारद- व्यास संवाद के अंतर्गत स्वामी जी ने कहा कि कर्म का फल किसी न किसी रूप में व्यक्ति को प्राप्त होता है। परंतु यह आवश्यक नहीं की व्यक्ति के अच्छे और बुरे कर्मों का फल तुरंत प्राप्त हो। समय के साथ इनके परिणाम प्राप्त होते हैं। इसलिए सदैव अच्छे कर्म करने का उन्होंने निवेदन किया। इसके साथ ही वेद और उपनिषद से कई उदाहरण को रखते हुए व्यक्ति को धर्म के साथ जीवन यापन करने का उपदेश दिया।

एक्सिस बैंक ने भारतीय ओलंपियंस की अगली पीढ़ी को सपोर्ट करने के लिए एमओयू पर किया हस्ताक्षर

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ओजीक्यू-फाउंडेशन फॉर प्रमोशन ऑफ स्पोर्ट्स एंड गेम्स (एफपीएसजी) और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। दोनों साझेदारियों का उद्देश्य खेल के उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने वाले भारतीय एथलीटों की वर्तमान पीढ़ी को सपोर्ट करना और युवा भारतीय एथलीटों की अगली पीढ़ी को संरक्षण प्रदान करना है। इन साझेदारियों के साथ एक्सिस बैंक पहली बार सीएसआर के तहत खेलों से जुड़ी गतिविधियों को सपोर्ट कर रहा है। इस तरह बैंक ने देश में खेलों से संबंधित ईको- सिस्टम के विकास में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर रेखांकित किया है। कार्यक्रम में बोलते हुए बैंक के ग्रुप एक्जीक्यूटिव- स्ट्रेटेजिक प्रोग्राम्स एंड सस्टेनेबिलिटी विजय मुलबागल ने कहा कि हम भारत में जीवंत खेल ईको-सिस्टम का समर्थन करने की दिशा में ओजीक्यू प्रोग्राम और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट के साथ साझेदारी करके प्रसन्न है। इन दो विश्व स्तरीय कार्यक्रमों के लिए हमारी साझेदारी के माध्यम से हम देश में मौजूद अंतर्निहित खेल प्रतिभाओं को खोजने और उन्हें संरक्षण प्रदान करने में मदद करना चाहते हैं, ताकि वे न केवल अपने खेल विषयों में उच्चतम स्तर पर सफल हो सकें, बल्कि जिम्मेदार, आत्मविश्वासी व्यक्ति के रूप में भी विकसित हो सकें।

इस साझेदारी के माध्यम से तीरंदाजी, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, निशानेबाजी, कुश्ती, एथलेटिक्स, तैराकी, टेबल टेनिस, भारोत्तोलन, स्क्वैश सहित 10 व्यक्तिगत ओलंपिक खेलों और 8 पैरालिंपिक खेलों- एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, निशानेबाजी, पावर लिफ्टिंग, टेबल टेनिस, कैनो, ब्लाइंड जूडो में खिलाड़ियों को सपोर्ट किया जाएगा। साझेदारी के तहत चार वर्षों में 150 एथलीटों और पैरा-एथलीटों को समर्थन प्रदान किया जाएगा।

डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान :कॉग्रेस

गया ।अखिल भारतीय कॉग्रेस कमिटी के आह्वान तथा बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के दिशानिर्देश पर आज गया जिला कॉग्रेस कमिटी के तत्वावधान में गया समाहरणालय के समक्ष स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क के पास केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया है । इस पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व गया जिला कॉग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा ने किया है। इस कार्यक्रम में शामिल बिहार सरकार के पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह, बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉग्रेस के पूर्व अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, टिकारी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुमंत कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष सादुललाह फारुकी, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, पार्षद प्रतिनिधि शशि किशोर शिशु, डॉ देविका सरयार मिश्र, विद्या शर्मा,विपिन बिहारी सिन्हा, दामोदर गोस्वामी, कुंदन कुमार, अमित कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह, राजीव कुमार सिंह उर्फ लाबी सिंह, टिंकू गिरी, शशि कांत सिन्हा, नवाब अली, धर्मेंद्र कुमार निराला, ओंकार शक्ति, मोहम्मद अजहरुद्दीन, शिव कुमार चौरसिया, पार्षद प्रतिनिधि सुनील कुमार राम, भुवन राम, प्रद्युम्न दुबे ,धीरज कुमार वर्मा, शिवनाथ प्रसाद, बृजेश राय, अर्जुन प्रसाद , रामसेवक कुशवाहा, रवीन्द्र सिंह करजनी , साहिल गुप्ता आदि थे।

दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित हुआ चिकित्सकीय जांच शिविर

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बारुण प्रखण्ड के समावेशी शिक्षा संभाग के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण में 3 वर्ष से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों का प्रमाणीकरण हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें, बारुण प्रखण्ड के अस्थि निःशक्त,श्रवण निःशक्त एवं दृष्टि बाधित बच्चों का चिकित्सकों द्वारा जॉच कर प्रमाणीकरण किया गया।इस जांच शिविर में कुल 79 बच्चों का नामांकन हुआ जिसमें योग्य 21 दिव्यांग बच्चों का प्रमाणीकरण हुआ।अस्थि निःशक्त 06,श्रवण निःशक्त 09दृष्टि बाधित बच्चों का 06 का प्रमाण पत्र बना।

शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ विकास कुमार ,नेत्र रोग विशेषज्ञ आनंद शरण एवं ई एन टी डॉ प्रमोद कुमार भारतीय उपस्थित रहे।वही शिक्षा विभाग से सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी गंगा धर महतो,बारुण के समावेशी शिक्षा के बीआरपी लाल बहादुर , संसाधन शिक्षक श्याम बाबू ,राकेश कुमार , विजय कुमार सिंह ,कल्पना शर्मा ,राजीव कुमार , धर्मेंद्र प्रसाद, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण से प्रभारी डॉ संजय कुमार सिंह,स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार,सूरज नाथ सिंह,मुरारी प्रसाद,जिला बुनियाद केंद्र प्रबंधक,धरम पाल पीयूष, वरीय भौतिक चिकित्सक, मोहन राम,ऑडियोलॉजिस्ट ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञान केयर गिवर धनंजय सिंह इत्यादि लोग उपस्थित हुए बीआरपी लाल बहादुर ने बताया कि बच्चों का प्रमाण पत्र बन जाने के बाद यूडीआईडी कार्ड बनवाकर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे लाभ उपलब्ध करवाना ताकि ये दिव्यांग बच्चे समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

अपराजिता सम्मान से नवाजी गयी डॉ तेजस्वी नंदन

गया। बिहार झारखंड में अपनी सफलता के और सर्वश्रेष्ठ अखबार प्रभात खबर गया युनिट के द्वारा हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले लोग को अपराजिता सम्मान से सम्मानित किया गया इसी सिलसिले में गया शहर में बहुत ही कम समय में गरिबों को डॉ के रुप में सेवा कार्य में अच्छी स्थान पाने वाले मे एवं इनर व्हील और कयी संस्थान से जुड़ कर कार्य करने वाली आइभीएफ स्पेशलिटी डॉ तेजस्वी नंदन को जिलाधिकारी डॉ एस त्याग राजन एवं बिहार सरकार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार द्वारा साल एवं अपराजिता सम्मान देकर सम्मानित किया गया है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभात खबर बिहार झारखंड हेड, कंचन सिन्हा, उमेश जी, रोहित सिंह,निरज कुमार,मनोज कुमार गुप्ता, सागर कुमार आदि थे।

डीडीसी ने जिलास्तरीय बैंकर्स समिति की तिमाही का किया समीक्षात्मक बैठक

प्रातः किरण संवाददात

आरा। उप विकास आयुक्त,भोजपुर, डॉ० अनुपमा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की तिमाही समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।

इस बैठक में मेयर,आरा नगर निगम श्रीमती इंदु देवी, वरीय उप समाहर्ता आसमा खातून, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड रंजीत कुमार सिन्हा ,भारतीय रिजर्व बैंक पटना से प्रबन्धक साक्षी गुप्ता, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री राजेश भारती,कृषि विज्ञान केंद्र भोजपुर के वरीय वैज्ञानिक श्री पीके द्विवेदी, आत्मा उप निदेशक श्री राणा राजीव रंजन, मत्सय विकाश पधाधिकारी,श्री गुड्डू कुमार सिंह,सहायक निदेशक बागवानी भोजपुर श्री दीवाकर कुमार भारती, जीविका से जिला परियोजना प्रबंधक श्री वरुण कुमार,ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र कोईलवर से श्री राणा संजीत एवं अन्य उपस्थित थे।

बैठक में मुख्य रूप से सीडी १३ङ्क के बारे मे चर्चा किया गया। वार्षिक शाख योजना 24 -25 के अंतर्गत प्रदर्शन पर बात किया गया एवं कृषि एवं स्वयं सहायता समूह को ऋण वितरण से संबंधित प्रगति की जानकारी ली गई।प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद योजना के अंतर्गत जिला के बैंकों के जो लक्ष्य दिया गया है उसके अनुरूप प्रगति नहीं रहने के कारण उप विकास आयुक्त के द्वारा सख्त निर्देश दिया गया कि सभी बैंकों को जो भी लक्ष्य दिया गया है, वे अपने लक्ष्य को समय रहते पूरा कर ले।अगली बैठक में जो बैंक अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाएगा। साथ ही बैंकों में सरकार की जमा राशि है ,उनसे वापस लिया जाएगा और जो बैंक काम करेंगे उनको वह राशि प्रदान की जाएगी। जिले का उऊ१३ङ्क में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं रहने पर उप विकास आयुक्त ने नाराजगी जताया और कहा है कि सभी बैंक उऊ१३ङ्क बढ़ाने के ज्यादा से ज्यादा ऋण वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। वाणिज्यिक बैंको में सबसे कम उपलब्धि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की (14.96 %) रही। इनके अलावा इंडियन ओवरसीज बैंक (21.89 %), इंडियन बैंक (22.75 %) , यूनियन बैंक (25.54%), बैंक आ-ॅफ इंडिया (26.32 %), केनरा बैंक (26.76 %) पंजाब एण्ड सिंध बैंक (28.65 %),एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (32.52 %) की सीडी रैशियो की उपलब्धि निम्नतर रही।वित्तीय वर्ष 2024-2025 सितंबर तिमाही 2024 भोजपुर जिले में वार्षिक लक्ष्य रुपये 9035.91 करोड़ के सापेक्ष रुपये 2732.62करोड़ के ऋण वितरित किए एवं उपलब्धि 30.24 % रही । कृषि क्षेत्र में रुपये 881.16 करोड़, एमएसएमई में रुपये 1145.25 करोड़, अन्य प्राथमिक क्षेत्र में रुपये 37.83 करोड़ एवं गैर प्राथमिक क्षेत्र में रुपये 645.03 करोड़ के ऋण वितरित किए गए । वार्षिक ऋण योजना के तहत कम उपलब्धि वाले बैंक इंडियन ओवरसीज बैंक (2.00 %), पंजाब एण्ड सिंध बैंक (3.03 %), बैंक ऑफ महाराष्ट्र (6.79%), वउड बैंक (9.96%), केनरा बैंक (10.67 %) पर रोष व्यक्त किया एवं अगले तिमाही में बेहतर उपलब्धि के लिए सभी बैंको को निर्देश दिये । वित्तीय वर्ष 2024-2025 में भोजपुर जिले के लिए 458 आवेदन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है,एवं सभी बैंको को 1120 आवेदन ऑनलाइन प्रेषित किए गए थे जिसमें 185 आवेदन स्वीकृत हुए हैं। उनमें से मात्र 187 ऋण वितरित किया गया है। इसपर उन्होंने समस्त बैंको को निर्देश दिया कि वे योजना अंतर्गत लंबित ऋण आवेदनों पर पुनर्विचार करें एवं छोटी छोटी त्रुटियों के कारण आवेदन पत्र को निरस्त न किया जाय तथा आवेदक से संपर्क कर निराकरण किया जाय।

भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक एवं दक्षिण ग्रामीण बैंक लक्ष्य से अधिक ऋण करने का निर्देश दिया गया ताकि जिला के समेकित लक्ष्य को हासिल किया जा सके ।शून्य उपलब्धि वाले बैंकों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु जिला पदाधिकारी के स्तर से उनके क्षेत्रीय कार्यालय को पत्र भेजने का निर्देश दिया गया है।

नयानगर पंचायत में मनरेगा से बनेगा खेल मैदान स्थल चयनित कर किया ले आउट तैयार

प्रातः किरण संवाददात

नयानगर (मधेपुरा)। बिहार सरकार लगातार खेल को बढ़ावा दे रही है। खेल की दशा को बदलने और ग्रामीण स्तर के खिलाड़ियों को सुविधा देने के लिए सीएम नितीश कुमार ने बड़ी शुरूआत की है। राज्य सरकार ने गुरुवार को विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पंचायतों में खेल मैदान के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। खेल मैदान होने से पंचायत स्तर तक के खिलाड़ियों को भी खेलने के लिए बेहतर ग्राउंड मिल सकेगा। इसी कड़ी में उदाकिशुनगंज प्रखंड क्षेत्र के नयानगर पंचायत के उत्क्रमित हाई स्कूल सिंगारपुर में नयानगर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रुपेश झा की अध्यक्षता में खेल मैदान का लेआउट कर कार्य शुरू किया गया। इस मौके पर कनीय अभियंता तरुण कुमार, पीटीए भूषण कुमार, पीआरएस संतोष कुमार एवं ग्रामीण मौजूद थे। मुखिया प्रतिनिधि रुपेश झा ने बताया कि सरकार द्वारा खेल मैदान बनाने का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन का मौका मिलेगा और अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। वहीं आम लोगों को भी सुबह में टहलने के साथ व्यायाम करने से शारीरिक लाभ मिलेगा। वही कनीय अभियंता तरुण कुमार ने बताया कि इस खेल मैदान में 9 लाख 99 हजार की लागत से बास्केटबॉल 115/69, बैडमिंटन 44/20, वालीबाल 122/82, रनींग ट्रैक 400 फीट एवं स्टोर रूम 8/6 की बनेगी। यह खेल मैदान मनरेगा योजना से बनाई जा रही है। मौके पर एचएम अमर ठाकुर, मुकेश कुमार, प्रमोद मिश्रा, शिवजी मंडल, छतीश शर्मा, अशोक मुखिया, दामोदर शर्मा, संजीव झा, पप्पू चौरसिया, अजय झा, चंदन मंडल, कैलाश मंडल, विनोद मंडल, नरेश दास एवं उपस्थित थे।

बीपी मंडल अभियन्त्रण महाविद्यालय, मधेपुरा के 6 विद्यार्थियों का चयन

इकोस्पेस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में तीन लाख के पैकेज पर हुआ चयन

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा । विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित बी. पी. मंडल अभियन्त्रण महाविद्यालय, मधेपुरा के प्रशिक्षण और नियुक्ति प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट अभियान में इकोस्पेस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में असैनिक अभियन्त्रण संकाय सत्र 2021-25 के 6 विद्यार्थियों का चयन तीन लाख के पैकेज पे हुआ है।

महाविद्यालय के प्रशिक्षण और नियुक्ति प्रकोष्ठ पदाधिकारी प्रो निशिकांत कुमार ने बताया कि असैनिक अभियन्त्रण के छात्र ददन कुमार, नीतीश कुमार, आकांक्षा कुमारी, खुशबू कुमारी गुप्ता , अमन प्रकाश और दुष्यंत कुमार का कोर कंस्ट्रक्शन कंपनी में चयन हुआ है। वही आपको बता दे कि संयुक्त प्रशिक्षण और नियुक्ति प्रकोष्ठ पदाधिकारी प्रो प्रवीण कुमार ने बताया कि इकोस्पेस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा बच्चों का चयन दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण में योग्यता, तर्क और तकनीकी प्रश्न परीक्षण व द्वितीय चरण में तकनीकी साक्षात्कार और व्यक्तित्व परीक्षण के आधार पर चयन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरविंद कुमार अमर ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी है। महाविद्यालय के असैनिक अभियन्त्रण के विभागाध्यक्ष प्रो कुणाल कुमार व अन्य सहायक प्राध्यापक प्रो. अखिलेश कुमार , प्रो रौशन आनंद, प्रो विक्की आनंद, प्रो मुरलीधर प्रसाद सिंह, डॉ मनीष जायसवाल एवं डॉ एस डी सिंह ने भी चयनित छात्रों को बधाई दी ।

माई-बहिन मान योजना के तहत जनसंपर्क अभियान जारी: कंतलाल शर्मा

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महादलित आयोग पूर्व सदस्य कंतलाल शर्मा समेत दर्जनों राजद कार्यकताओं ने विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर श्री शर्मा ने लोगों से अपील किया आगामी विधानसभा चुनाव में अगर बिहार में राजद की सरकार बनी तो माई - बहिन मान योजना के तहत सभी महिलाओं को पच्चीस सौ रुपए प्रतिमाह दिया जायेगा। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर होकर जीवन -यापन कर सकेगी।

उन्होंने ने लोगों से कहा कि महिलाओं का आशीर्वाद जिसे प्राप्त हो गया,उनका कल्याण निश्चित है। इसी मूलमंत्र को लेकर हम आगामी विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ उतरेंगे। आज बिहार के लोग मंहगाई से त्रस्त हैं। दिनभर मेहनत - मजदूरी करने के बाद भी रात में भरपेट भोजन नसीब नहीं हो पाता है ।इसी के तहत नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी बिहार भ्रमण के लिए निकल कर माई - बहिन मान योजना के तहत महिलाओं के सुख-समृद्धि के सपना को साकार करने के लिए जगा रहे हैं। तेजस्वी यादव का अधूरा सपना डबल इंजन की सरकार कभी पूरा नहीं कर सकती है। महिलाओं को जब प्रत्येक माह पच्चीस सौ रुपए हस्तांतरित होगा तो वे परिवार की भलाई के लिए अधिक से अधिक रुपये का निवेश कर अपने आथिर्क स्थिति को सुधार सकेगी। श्री कंतलाल शर्मा ने कहा कि तेजस्वी की सरकार महज सतरह महीने के कार्यकाल में जो जनता से वादा किया वह हरसंभव पूरा किया। आगामी विधानसभा चुनाव में बिहार में अगर जनता के आशिर्वाद से राजद की सरकार बनी तो सबसे पहले महिलाओं को आत्मनिर्भर कर उनके सम्मान की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे ।माई - बहिन मान योजना के जनसंपर्क अभियान के दौरान राजद प्रखंड अध्यक्ष गजेन्द्र राम, पंसस अनसारुक हक, पूर्व प्रमुख विकास चंद्र यादव, मो अयुब अली, रमण यादव, मन्नान आलम, मो शुऐव उद्दीन, मो नजाम आदि समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

14 प्रखंड के 52 पंचायत में प्रशासन ने किया विशेष कैंप का किया गया आयोजन

भोजपुर। जिलाधिकारी भोजपुर, तनय सुल्तानिया के निदेर्शानुसार जिले अंतर्गत 14 प्रखंडों के 52 पंचायतों में प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत विशेष कैंप का आयोजन किया गया। आज विशेष कैंप में विभिन विभागों यथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन,आयुष्मान कार्ड निर्माण,जीविका, वाल विकास परियोजना,कन्या उत्थान योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजना आदि से संबंधित कुल 2299 आवेदन आए, जिसमे से 826 आवेदन का निष्पादन किया गया ।केंद्र सरकार ने 19 से 24 दिसंबर तक चलने वाले सुशासन सप्ताह के तहत जनता की शिकायतों के त्वरित निवारण और सेवाओं के कुशल वितरण को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन गांव की ओर अभियान की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य प्रशासन को गांव-गांव तक पहुंचाकर लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना और नागरिक संतुष्टि को बढ़ाना एवं पात्र लोगो तक सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

आलमनगर प्रखंड क्षेत्र के कुल 12 खेल मैदान का किया गया शिलान्यास

आलमनगर (मधेपुरा)। आलमनगर प्रखंड क्षेत्र के कुल 12 खेल मैदान का शिलान्यास गुरुवार को मनरेगा द्वारा किया गया। इस दौरान मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी रैजा इकबाल, सभी पंचायत में कनिय अभियंता, पंचायत तकनीकी सहायक, पंचायत रोजगार सेवक एवं जनप्रतिनिधियों युवाओं ने शिलान्यास कार्यक्रम बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जहां इटहरी पंचायत के खेल मैदान का शिलान्यास पंचायत रोजगार सेवक सुशांत कुमार, इटहरी पंचायत के मुखिया राजेश कुमार रोशन, उप मुखिया गुलाब पासवान, पैक्स अध्यक्ष विनोद कुमार यादव, वार्ड सदस्य टिंकू सिंह, उमेश सिंह के द्वारा विधिवत फीता काटकर किया गया। मुखिया राजेश कुमार रोशन ने बताया कि इटहरी पंचायत के खेल मैदान में कुल लागत 9, 85,900 की लागत से खेल मैदान बनाया जाएगा। मुखिया राजेश कुमार रोशन ने बताया कि खेलो इंडिया के तहत सीधे नौकरी में जाने की तैयारी में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगे हुए हैं। वहीं मौके पर सागर चौधरी, डॉ रविंद्र भारती, वार्ड सदस्य प्रमोद कुमार, सुनील राय, राजेंद्र राय, आदि कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण युवा साथी मौके पर उपस्थित थे।

मुखिया के पिता के निधन पर आयोजित की गई शोक श्रद्धांजलि सभा

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। उदाकिशुनगंज प्रखंड क्षेत्र के लश्करी पंचायत के मुखिया राजेश कुमार सिंहा के पिता हरिश्चंद्र दास का आकस्मिक निधन हो गया। निधन की सूचना पर गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे विधानसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव उनके पैतृक आवास पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने दिवंगत हरिश्चंद्र दास के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भगवान उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। ज्ञात हो कि निधन की जानकारी के उपरांत पंचायत में शोक की लहर दौड़ पड़ी। परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे पहुंचे लोगों ने बताया कि स्व हरिश्चंद्र दास समाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। गरीबो को हरसंभव मदद करते रहना, गरीबों की लड़कियों की शादी में मदद करना उनकी आदत थी। मौके पर जदयु प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मंडल, पुतुल मिश्रा, उप चेयरमैन मिंकी कुमारी, जॉनसन दास, अरुण राय, पिंटु राय, कपिलदेव यादव, राजेश्वर राय, अनिरुद्ध राय, सुरेंद्र राय, नीतीश कुमार सहित दर्जनों लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

जिला पदाधिकारी द्वारा बोधगया बतसपुर पंचयात का किया गया निरीक्षण

गया।जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा आज बोधगया बतसपुर पंचयात का निरीक्षण किया गया है। बतसपुर कैनाल के निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि इस कैनाल के माध्यम से 44 मौजा का पटवन होता है, जो बोधगया से गेरे रसलपुर के आगे तक जाते हुए मोराटाल में मिल जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि नहर के दक्षिणी क्षेत्र में नहर पक्कीकरण की आवश्यकता है, इसपर जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने बताया कि विभाग स्तर से प्राक्कलन बन गया है मार्च 2025 से निश्चित रूप से पक्कीकरण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। ग्रामीणों से धान अधिप्राप्ति की जानकारी लेने पर बताया गया कि काफी धीमी गति से किसानों का धान पैक्स में लिया जा रहा है, इस पर जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है की तेजी से धान क्रय करवाना सुनिश्चित करें। किसानों को भरपूर मदद करते हुए उनसे धान क्रय करें। इसके बाद मनरेगा पार्क का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिया है कि और व्यवस्थित रूप से पार्क तैयार करें एवं साफ सफाई की पूरी व्यवस्था रखे। इसके पश्चात कार्यपालक अभियंता पीएचईडी से पंचायत में नल जल की स्थिति से रूबरू होते हुए निर्देश।

बिजली विभाग में व्याप्त भष्टार्चार सहित 9 सूत्री मांगो को ले के नागरिक मंच के बैनर तले उपभोगताओं ने दिया धरना

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा । मधेपुरा में स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने एंव बिजली विभाग मे व्याप्त भष्टार्चार, तथा जे ई की मनमानी सहित 9 सूत्री मांगो के समर्थन में गुरुवार को विजली विभाग कार्यालय परिसर में नागरिक मंच के बैनर तले उपभोगताओं ने दिया एक दिवसीय धरना दिया और विभाग व सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की ।बता दें कि एक तरफ जहाँ सरकार और बिजली विभाग स्मार्ट मीटर को साफ सुथरा बता रहे हैं और उपभोगताओं को इससे लाभ कि बात कर रहे हैं तो वहीं उपभोगता इसे गलत बता कर स्मार्ट मीटर लगाने का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। वहीं धरना कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे नागरिक मंच के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव और नागरिक मंच के संरक्षक प्रमोद प्रभाकर ने स्मार्ट मीटर से कॉपोरेट घराने को लाभ पहुंचने कि बात बता रहे हैं। इन विभिन्न मांगो के समर्थन में गुरुवार को नागरिक मंच के बैनर तले आक्रोषित बिजली उपभोगताओं ने जिला मुख्यालय के बिजली विभागीय कार्यालय परिसर मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की। वहीं इस मौके नागरिक मंच के अध्यक्ष तथा संरक्षक ने सरकार और विजली विभाग पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि बिजली विभाग आज नागरिकों के आर्थिक और मानसिक शोषण का कारण बनता जा रहा है। कॉरपोरेट कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर स्मार्ट मीटर लगाई जा रही हैं। बताने के लिए तो सरकार और विभाग इसके कई लाभ गिनाते हैं, लेकिन लोग विजली विभाग के मनमाने बिल से परेशान हैं। इतना ही नहीं जहां अन्य राज्यों में बिजली का दाम 3 से 4 रुपया है तो वहीं बिहार में 6 से 10 रुपए वसूल कर जनता का शोषण कर रही है। उन्होंने बताया कि नागरिक मंच प्रीपेड मीटर लगाने का पूर्ण रूपेण विरोध करता है साथ हीं उन्होंने कहा कि आज विजली विभाग मे व्याप्त भ्ष्टार्चार है। जेई की मनमानी चरम है, उपभोगताओं से मनमाने बिल की उगाही की जाती है जिससे नाराज विजली उपभोगताओं ने अपनी 9 सूत्री मांगों के समर्थन मे धरना प्रदर्शन कर रहे है। अगर हमारी मांगे नहीं मानी गयी तो आने वाले समय में हम लोग और मधेपुरा की जनता सड़क पर उतरेंगे और बिजली विभाग तथा सरकार के विरुद्ध चरण बद्ध आंदोलन की आगाज करेंगे।

जर्जर सड़क से राहगीरों को आवागमन में हो रही परेशानी

पुरैनी (मधेपुरा)। पुरैनी प्रखंड के भूपेंद्र मेहता वासा गणेशपुर से बघवा दियारा तक जाने वाली सड़क जर्जर हो गई है। सड़क जर्जर रहने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दे की सड़क का निर्माण वर्ष 2018 में किया गया था जिसकी लंबाई 1.105 किलोमीटर है। इस जर्जर सड़क से गुजरने वाले वाहनों के दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। सड़क में 300 मीटर की दूरी पर बने बड़े-बड़े गड्ढे के कारण सड़क की हालत और भी बत्तर हो गई है। मालूम हो कि मेंटेनेंस की अवधि समाप्त होने के बाद एक बार भी इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। मरम्मत नहीं होने के कारण सड़क के छोटे-बड़े गिट्टी उखाड़ कर यत्र-तत्र बिखर गए हैं। बघवा दियारा से पुरैनी बाजार आने जाने वाले ग्रामीणों काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क पर वाहन चलना तो दूर आदमी को साइकिल चलाने में भी काफी परेशानी हो रही है। आपको बताते चले कि इस इलाके की किसान एवं कारोबारी इस रास्ते से ही आवागमन करना सुलभ समझते हैं दूसरे रास्ते से सड़क जाम होने की समस्या बनी रहती है। वही स्थानीय निवासी पप्पू मेहता, अरुण यादव, मोहम्मद सरफराज, अखिलेश साहनी एवं राजकुमार व आस पास की ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़क मरम्मत की मांग की है।

मुख्यमंत्री ने किया जिले के 134 पंचायत के 141 खेल मैदान के निर्माण कार्य का आरंभ

मधेपुरा । सीएम नीतीश कुमार के द्वारा ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 533 प्रखंडों के 5671 ग्राम पंचायत में 6659 खेल मैदान के निर्माण कार्य भी सी के माध्यम से आरंभ किया गया। जिसमें मधेपुरा जिले के 134 पंचायत के 141 खेल मैदान का कार्य आरंभ किया गया। जिसकी प्राककलित राशि 13 करोड़ 64 लाख 34000 है। इस मौके पर संबंधित पदाधिकारी के साथ-साथ संबंधित पंचायत के मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण ने भाग लिया।

यंग स्टार डांस एकेडमी का हुआ भव्य उद्घाटन

गया।आसा कॉम्प्लेक्स डाक स्थान रोड, वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में दिन बृहस्पतिवार को यंग स्टार डांस एकेडमी का हुआ उद्घाटन बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी सीखेंगे डांस जुंबा फिटनेस योग आदि है ।! इस उद्घाटन करता में गया के डीपी सिंह रिटायर आर्मी , के पी शर्मा समाजसेवी, इंजीनियर अरुण शर्मा , वरिष्ठ पत्रकार रूपक कुमार, पीबीएम स्कूल के प्रिंसिपल कृष्ण कुमार दुबे को तिलक लगाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया है ! आए हुए अतिथि ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया है ! रिटायर आर्मी डीप सिंह ने बताया कि यंग स्टार डांस एकेडमी क्लास खोला गया तो गया के बच्चों को काफी ज्यादा फायदा होने वाला है ! क्योंकि बच्चों को अच्छी क्लास नहीं मिलने के कारण बाहर में जाकर डांस सीखना पड़ता है ! मेडिकल में डांस क्लास खुलने से एटी गेट और कलेर के साथ साथ पूरे गया के बच्चों को काफी ज्यादा फायदा के साथ नृत्य संगीत सीखने का मौका मिलने वाला है ! यंग स्टार डांस एकेडमी के निर्देशक गौतम कुमार गोलू एवं अभिषेक सिंह ने बताया कि गया के बच्चों के लिए एक बहुत ही बड़ा मंच प्रदान करने वाला संस्थान है ! जहां बच्चे अपनी छुपी काल को निखर कर और आगे सीखने का भी काम कर सकते हैं ! जिससे उन्हें पूरे भारत में ही नहीं पूरे विश्व में नाम मिले इसके लिए कई डांस के कोरियोग्राफर बाहर से भी बीच-बीच में बुलाकर बच्चों को प्रशिक्षण देने का कार्य करेगी ! रिसेप्शनिस्ट मनीषा कारण ने बताया कि बच्चे नृत्य संगीत के साथ-साथ योग महिलाएं के लिए जुंबा फिटनेस का भी क्लास देंगे ! शास्त्रीय नृत्य और बॉलीवुड डांस का भी छोटे-छोटे बच्चे सीख सकते हैं जो बच्चे मोबाइल की दुनिया में है उनसे बाहर निकाल कर बच्चों को सृजनात्मक विकास और जिम्मेदार बनाना है ! अपनी संस्कृति को बचा कर रखने के लिए भी डांस के माध्यम से सीखे इस आयोजन में अभिषेक राज ए र इशू ने अपनी गई हुई यूं ही नहीं गीत को गाया जिसे देखकर आए हुए अतिथि एवं अभिभावक झूमने पर मजबूर हो गए ! छोटे-छोटे बच्चों में बम बम बोले गाने पर डांस किया आज के उद्घाटन में भी कई कलाकार मौजूद थे ! अभिषेक दुबे ,ऋषभ सिंह, सन्नी सिंह, दीपक कुमार, आयुष चंद्र ,प्रिंस कुमार, प्रसून कुमार, प्रियांशु कुमार, आर्यन , ऋषि आदि मौजूद थे।

एक महीने से लापता अपने पुत्र इतिहास की खोजबीन करने के लिए थाने से लगाई गुहार

चौसा (मधेपुरा) । चौसा प्रखंड के फुलौत थाना क्षेत्र के मोरसंडा पंचायत अंतर्गत मोरसंडा गोठ वार्ड संख्या 09 निवासी रवीन पासवान के 11 वर्षीय पुत्र इतिहास कुमार लापता। करीब 1 महीने होने चला लेकिन पुलिस को अब तक इसकी भनक तक नहीं मिल सकी है। पीड़ित पिता ने फुलौत थाना में एक आवेदन देकर बच्चों की बरामद के लिए गुहार लगाई है। थाने को दिए गया आवेदन में इतिहास कुमार के पिता रवीन पासवान ने बताया है कि दिनांक 10 नवंबर 2024 को उनका बड़ा पुत्र इतिहास कुमार जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोरसंडा में सातवीं कक्षा का छात्र है अचानक घर से गायब हो गया, इसकी सूचना उनको फोन पर दिया गया, चुकी वह पंजाब में कमाने के लिए गए थे। लापता होने के बाद कई रिश्तेदारों में खोजबीन किया गया पता नहीं चलने पर वे पंजाब से घर लौट आए आसपास ग्रामीण इलाकों में भी पता किया गया लेकिन कुछ पता नहीं चलने के बाद फूलौत थाने में आवेदन देकर बच्चों की बरामदगी की गुहार लगाई है। आवेदन में रवीन पासवान ने यह भी बताया कि बच्चा काफी चंचल और तेज तर्राज था पूछने पर उन्होंने बताया कि उनसे किसी प्रकार का दुश्मनी भी किसी से नहीं है फिर उनका बच्चा कैसे लापता हो गया उन्हें पता नहीं चल रहा है। उन्हें आशंका है कि किसी प्रकार का बच्चे के साथ अनहोनी ना हो जाए।

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ का मधेपुरा जिला में हो रहा है आम चर्चा

जिले के अलग अलग स्कूलों मे अब धीरे धीरे बदल रहा है गिरती शिक्षा व्यवस्था का स्वरूप

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा । बदलता बिहार, पढ़ता बिहार,बिहार के गिरती शिक्षा व्यवस्था में धीरे धीरे मुकम्बल सुधार हो रहा है। दरअसल जिले के कुमारखंड प्रखंड अंतर्गत घड़दौल उत्कृमित मिडल स्कुल में जूही मेम की वेहतर स्पेशल क्लास के कायल है शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ। मधेपुरा में शिक्षा विभाग के अपार मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ का हो रहा है आम चर्चा, जिले के अलग अलग स्कूलों में अब धीरे धीरे बदल रहा है गिरती शिक्षा व्यवस्था का स्वरूप। बता दें कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने शिक्षकों से संवाद कार्यक्रम का नया पहल की शुरूआत की है जो बिहार के अलग अलग जिले एक चर्चा आम विषय बनता जा रहा है साथ हीं साथ स्कुल के शिक्षकों मे एक ऊर्जा का संचार भी हो रहा है।

ज्ञात हो कि बीते दिनों मधेपुरा जिले के कुमारखंड प्रखंड अंतर्गत घड़दौल स्कूल की शिक्षिका जूही भारती से वीडियो कॉल पर अपार मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने वेहतर शिक्षा व्यवस्था को लेकर बातचीत की। अचानक वीडियो कॉल आने से चौंकी शिक्षिका से ए सी एस ने उनकी पढ़ाने की इनोवेटिव तकनीकों और स्कूल की समस्याओं पर चर्चा की। वहीं इस दौरान ए सी एस ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि जूही भारती इनोवेटिव तरीकों से बच्चों को पढ़ा रही हैं।

यही जानने के लिए उन्होंने कॉल किया है ताकि शिक्षण संथानो में और वेहतर हो सके। स्कुल के शिक्षिका जूही भारती ने बताया कि वह कक्षा छह से आठ के बच्चों को गणित और विज्ञान पढ़ाती हैं। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित इस स्कूल में फरवरी 2024 से उन्होंने योगदान दिया है। शिक्षिका ने कहा कि स्कूल में संसाधन सीमित हैं, लेकिन वह कम संसाधन तथा स्कूलों मे उपलब्ध सुविधाओं का अधिकतम उपयोग करने की कोशिश कर रही हैं। इतना हीं नहीं ए सी एस द्वारा आये कॉल से शिक्षिका जूही काफी उत्साहित भी हैं। वहीं स्कुल के प्रभारी एचएम ग्यासउद्दीन ने बताया कि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव का फोन बीपीएससी शिक्षका जुही भारती को आया था और उन्होंने उनके बच्चों को गाना गाकर, कहानी सुनाकर और अन्य अलग-अलग तरीके से पढ़ाने लिखाने की शैली की प्रशंसा की है, जिससे हम सभी गौरवान्वित हैं। साथ हीं उन्होंने बताया कि कम संसाधनों के वावजूद भी हम लोग स्कुल में अच्छे तरीके से कार्य कर रहे हैं ताकि हमारा स्कुल कम से कम जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर सके। उन्होंने बताया कि हमें सभी अधिकारी और अविभावकों का भरपूर सहयोग भी मिल रहा है।

उद्योग सभापति को सौंपा ज्ञापन

घैलाढ़ (मधेपुरा)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत श्रीनगर ऐतिहासिक गढ़ी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु बिहार के पर्यटन उद्योग सभापति कॉमरेड सत्यदेव राम को ज्ञापन दिया गया । छात्र नेता आनंद शंकर के द्वारा सौंपा गया।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
राष्ट्रीय उच्च पथ याँत्रिक योजना प्रमण्डल, पटना–800014
Phone No.-0612-2222544, Mob. No.- 9470001354
E-mail-eemech_nhpatna@yahoo.com

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय द्वारा पत्र संख्या–525 अनु० दिनांक–27.11.2024 तथा PR. No. 013559 (RCD) 2024-25 के माध्यम से दैनिक समाचार पत्रो में प्रकाशित कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–02 / 2024–25 को कोई निविदा प्राप्ति नहीं होने के कारण से रद्द किया जाता ळें

विस्तृत जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar में देखा जा सकता हैं।

PR. No.15087 (RCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
रा0 उ0 प0 याँत्रिक योजना प्रमण्डल, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

भारत-पाकिस्तान की टीमें एक-दूसरे के देश में नहीं खेलेंगी

● आईसीसी मीटिंग में फैसला ● चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे

दुबई (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान की टीमें एक-दूसरे के देश में जाकर क्रिकेट नहीं खेलेंगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाएंगे। पाकिस्तानी टीम भी 2027 तक किसी भी टूर्नामेंट के लिए भारत नहीं आएगी। उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे। आईसीसी की इस फैसले की जानकारी गुरुवार को सामने आई। मीटिंग में यह फैसला पहले ले लिया गया था। भारत में 2025 विमेंस वनडे वर्ल्ड कप, 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप भारत और श्रीलंका में होना है। इससे पहले जब आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को हाइब्रिड मॉडल में कराने की बात पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को बताई थी। तब पीसीबी ने आईसीसी के सामने भारत में टीम न भेजने की मांग रखी थीं, जिसे अब आईसीसी ने मान लिया है।

2028 विमेंस वर्ल्ड कप पाकिस्तान में

आईसीसी बोर्ड ने कन्फर्म किया कि विमेंस वर्ल्ड कप 2028 पाकिस्तान में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में भी भारतीय और पाकिस्तान महिला टीम के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाएंगे।

सभी 15 मेंबर्स हाइब्रिड मॉडल के लिए माने

आईसीसी के नए चेयरमैन जय शाह की मौजूदगी में 5 दिसंबर को सभी बोर्ड मेंबर्स की मीटिंग हुई थी। शाह इसी महीने दुबई स्थित हेडक्वार्टर भी पहुंचे थे। मीटिंग में सभी 15 बोर्ड मेंबर्स हाइब्रिड मॉडल के लिए मान गए। पाकिस्तान ने भी मीटिंग में फैसले का विरोध नहीं किया।

पीसीबी की मांगें

- पीसीबी ने भारत के साथ ट्राई सीरीज कराने की मांग की पीसीबी ने भविष्य में भारत के साथ किसी न्यूट्रल वेन्यू पर ट्राई सीरीज कराने की मांग की, लेकिन बीसीसीआई और आईसीसी दोनों ने इस पर हामी नहीं भरी। भारत और पाकिस्तान के बीच 2012 से कोई सीरीज नहीं हुई है, दोनों टीमें आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट में ही भिड़ीं हैं।
- भारत में कोई टूर्नामेंट हो तो उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर हों पाकिस्तान की यह मांग आईसीसी ने मान ली है। अब भारत में कोई टूर्नामेंट होगा तो पाकिस्तानी टीम के मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे। हालांकि, बीसीसीआई ने पहले कहा था कि भारत में सिक्योरिटी को लेकर कोई परेशानी नहीं है, इसलिए पाकिस्तान के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर न हो। चैंपियंस ट्रॉफी के 5 मैच पाकिस्तान से छीने गए, पीसीबी ने इसके लिए कॉम्पनसेशन भी मांगा, इस डिमांड को आईसीसी ने पहले ही मान लिया था।
- भारत के ग्रुप में नहीं रहना चाहता पाकिस्तान पीसीबी ने यह भी डिमांड रखी कि अगर भारत न्यूट्रल वेन्यू पर ही खेलना चाहता है तो पाकिस्तान को उसके ग्रुप से अलग कर दिया जाए। ताकि पाकिस्तान अपने सभी ग्रुप मैच होम ग्राउंड पर ही खेले, लेकिन आईसीसी और बीसीसीआई के साथ ब्रॉडकास्टर्स ने भी उनकी इस मांग का विरोध कर दिया, क्योंकि किसी भी टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मैच ब्लॉकबस्टर इवेंट की तरह रहता है। चैंपियंस ट्रॉफी में दोनों टीमें 1 मार्च को दुबई में भिड़ सकती हैं।
- फाइनेंशियल ईयर का रेवेन्यू बढ़ाया जाए पीसीबी चाहता है कि उसके फाइनेंशियल ईयर का रेवेन्यू 5.75 परसेंट से बढ़ाया जाए। साथ ही 2031 तक भारत में होने वाले सभी बड़े इवेंट हाइब्रिड मॉडल में ही हों।

फैसले में देरी क्यों हुई

शुरुआत में भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तान पहले तो इस बात पर अड़ा रहा कि भारत को पाकिस्तान आना ही होगा, लेकिन भारत के सख्त रुख के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड आखिरकार हाइब्रिड मॉडल के लिए तैयार हो गया है।

ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष तीन बल्लेबाजों की फॉर्म गंभीर चिंता का विषय : दिग्गज विकेटकीपर इयान हीली

मेलबर्न (एजेंसी)। अपने जमाने के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज इयान हीली ने भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों की फॉर्म को गंभीर चिंता का विषय करार देते हुए उन्हें अपने 'बेसिक्स' पर ध्यान देने की सलाह दी। ऑस्ट्रेलिया ने बारिश से प्रभावित तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों की मदद से 445 रन बनाए, लेकिन दूसरी पारी में उसके बल्लेबाज लड़खड़ा गए, जिसे उसने सात विकेट पर 89 रन बनाकर समाप्त घोषित किया था। यह मैच ड्रॉ रहा, जिससे पांच मैच की श्रृंखला अभी 1ा1 से बराबरी पर है। हीली ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न टेस्ट से पहले उन पर किसी तरह का दबाव बनाएगा लेकिन वे फॉर्म में नहीं है। वे गंभीर रूप से फॉर्म से बाहर हैं।

सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और नाथन मैकस्वीनी तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हीली ने कहा, 'चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली से पूछा जाना चाहिए कि क्या यह तीनों बल्लेबाज फॉर्म में वापसी कर सकते हैं। क्या उन्हें विश्वास है कि हमारे शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज फॉर्म में वापसी करेंगे।

उन्होंने कहा कि मेलबर्न टेस्ट मैच फॉर्म में वापसी करने के लिए इन तीनों बल्लेबाजों के लिए सर्वश्रेष्ठ मौका होगा। हीली ने कहा, 'मेलबर्न के विकेट से बल्लेबाजों को भी मदद मिलती है और यहां उनके पास फॉर्म में वापसी करने का सर्वश्रेष्ठ मौका होगा। इसके लिए उन्हें अपने बेसिक्स पर ध्यान देना होगा।

श्रीलंका की टी-20 टीम घोषित, असलांका करेंगे कप्तानी

माउंट माउंगानुई (एजेंसी)। श्रीलंका ने न्यूजीलैंड श्रृंखला के लिए अपनी टी20 टीम की घोषणा कर दी है। चरित असलांका 3 टी20 और 3 वनडे मैचों की श्रृंखला में श्रीलंका की 16 सदस्यीय टी20 टीम का नेतृत्व करेंगे। नवंबर में घरेलू टी20 सीरीज में न्यूजीलैंड का सामना करने वाली टीम की तुलना में टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हाल ही में समाप्त हुए अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट और श्रीलंका

की कीवी टीम के खिलाफ आखिरी सीरीज में अपने असाधारण प्रदर्शन के बाद भानुका राजपक्षे ने टीम में अपना स्थान बरकरार रखा है।

नवंबर में, श्रीलंका और न्यूजीलैंड ने दो मैचों की टी20ई श्रृंखला लड़ी। श्रीलंका ने पहले मैच में 4 विकेट से जीत हासिल की, जबकि न्यूजीलैंड ने पांच रन की करीबी जीत के साथ श्रृंखला बराबर की। श्रृंखला की मेजबानी दांबुला के रंगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में की गई थी। आईसीसी के मुताबिक श्रीलंका की टी20 टीम शुक्रवार को न्यूजीलैंड के लिए रवाना होगी। टी20 के बाद, दोनों टीमें 5, 8 और 11 जनवरी को होने वाले 3 वनडे मैचों में भी आमने-सामने होंगी।

श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच टी20 सीरीज 28 दिसंबर से शुरू होगी, जबकि दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 30 दिसंबर और 2 जनवरी को होगा। पहले दो टी20 मैच माउंट माउंगानुई में खेले जाएंगे, जबकि अंतिम मैच नेल्सन में आयोजित किया जाएगा। हाल ही में श्रीलंका को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 से हार का सामना करना पड़ा।

श्रीलंका की टी20 टीम - चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, अविष्का फर्नांडो, कामिंदु मेंडिस, दिनेश चांडीमल, भानुका राजपक्षे, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, जेफरी वेंडरसे, चामिदु विक्रमसिंघे, मथीशा पथिराना, नुवान तुषारा, असिथा फर्नांडो, बिनुरा फर्नांडो।

संन्यास पर पिता रविचंद्रन ने लगाए गंभीर आरोप

अश्विन को बेइज्जत किया गया, कब तक अपमान सहता...

चेन्नई (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया में जारी सीरीज के बीच रविचंद्रन अश्विन का अचानक संन्यास लेना कई लोगों को पच नहीं रहा है। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर भी संन्यास की टाइमिंग पर सवाल उठा चुके हैं। रिटायरमेंट लेते ही आनन-फानन में अश्विन का भारत लौट आना भी चर्चा में बना हुआ है। इस बीच अश्विन के पिता रविचंद्रन ने आरोप लगाया कि उनके बेटे को टीम में लगातार अपमानित किया जा रहा था। एक मीडिया चैनल से खास बातचीत में ये गंभीर आरोप लगाए।

अपमानित किया जाता हो,रविचंद्रन ने सीएनएन न्यूज18 से कहा, मुझे भी आखिरी मिनट में पता चला। मैं उसके लिए खुश हूं, लेकिन जिस तरह से उन्होंने संन्यास लिया, उससे नाखुश हूं। संन्यास लेना उनकी इच्छा है, मैं इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता, लेकिन अचानक उठाए फैसले के कई कारण हो सकते हैं। केवल अश्विन ही जानते हैं, शायद उन्हें अपमान किया जाता हो।

मां रोने लगी तो पिता ने चूमा गाल, गले लगाया... अश्विन का घर पहुंचने पर हुआ स्वागत - ऑस्ट्रेलिया से भारत लौटने पर रविचंद्रन अश्विन का शानदार अंदाज में हुआ स्वागत। घर पर पिता ने गाल चूमा तो गले लगाकर नेशनल ड्यूट से रिटायर हुए बेटे का किया वेलकम। मां की आंखों में आंसू थे और अश्विन के लिए बैंड बजा रहे थे फैंस। बता दें कि एक दिन पहले ही अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के एक दिन बाद भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन गुरुवार को बिना किसी शोरशराबे के स्वदेश लौट आए। चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के स्थानीय अधिकारी अश्विन को बाहर लेकर आए। इस बीच प्रशंसकों ने उनकी तस्वीरें लीं और उन्होंने एक बाइट दी। इसके बाद वह काली कार में बैठकर वाइफ और बच्चों संग अपने घर चले गए। जब अश्विन घर पहुंचे तो वहां पूरी तैयारी थी। कार से उतरते ही उनका गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया गया।

नेशनल ड्यूटी से रिटायर हुए अश्विन जब घर पहुंचे तो उनके पिता बिल्कुल देसी अंदाज में उनके स्वागत में खड़े थे। उन्होंने बेटे के गाल को चूमा और गले लगाया। साथ में अश्विन की मां भी थीं। वह भावुक नजर आ रही थीं। उनकी आंखों में आंसू थे। दूसरी ओर, भीड़ ने अपने हीरो का माला पहनाकर स्वागत किया। अश्विन से लोगों ने ऑटोग्राफ भी लिए। बता दें कि अश्विन ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन में बारिश से प्रभावित तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ छूटने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के घोषणा करके सभी को चौंका दिया था।

अश्विन हालांकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सहित क्लब क्रिकेट में खेलते रहेंगे। आईपीएल के अगले सत्र में वह चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। वह अनिल कुंबले के बाद भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 106 मैच में 537 विकेट लिए। कुंबले ने टेस्ट क्रिकेट में 619 विकेट लिए हैं। अश्विन ने भारत के लिए 116 एकदिवसीय मैच खेले, जिसमें उन्होंने 156 विकेट लिए, जबकि 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 72 विकेट हासिल किए। अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने करियर की शुरुआत 2010 में एक दिवसीय प्रारूप से की थी। इसके एक साल बाद उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।

'किसी तरह का कोई खेद नहीं' - अश्विन ने संनयास के बाद स्वदेश लौटने पर दिया पहला बयान - ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के एक दिन बाद रविचंद्रन अश्विन गुरुवार को जब स्वदेश लौटे तो यहां फूलों की पंखुड़ियों और बैंड बाजे के साथ उनका स्वागत किया गया जिसके बाद इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि उन्हें अपने फैसले को लेकर किसी तरह का खेद नहीं है।

मेलबर्न पहुंचते ही ऑस्ट्रेलियाई मीडिया से हुई विराट कोहली की भिड़ंत, एयरपोर्ट पर गरमा गया माहौल

आप बिना पूछे मेरे परिवार की फोटो नहीं ले सकते

मेलबर्न (एजेंसी)। विराट कोहली और ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के बीच तीखी बहस हुई। बॉक्सिंग डे टेस्ट में हिस्सा लेने के लिए भारतीय टीम मेलबर्न पहुंच गई है। वहीं एयरपोर्ट पर यह घटना हुई। कोहली को लगा कि मीडिया उनके परिवार, खासकर उनके बच्चों की तस्वीरें ले रहा है। इससे कोहली नाराज हो गए। बाद में गलतफहमी दूर हुई। कोहली ने साफ किया कि उन्होंने कैमरों को अपने बच्चों की ओर इशारा करते हुए देखा था, जिससे उन्हें गुस्सा आया।

7 न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, विराट कोहली ने एक टीवी रिपोर्टर पर गुस्सा जाहिर किया। कोहली को लगा कि कैमरे उनके बच्चों की फोटो और वीडियो कैप्चर कर रहा है। इससे कोहली चिढ़ गए। कोहली ने कहा, 'मेरे बच्चों के साथ, मुझे थोड़ी प्राइवेसी चाहिए। आप बिना पूछे फिल्म नहीं कर सकते।'

रिपोर्ट में एक पत्रकार के हवाले से कहा गया है, कैमरों को देखकर कोहली थोड़े गरम हो गए। यह एक गलतफहमी थी। उन्हें लगा कि मीडिया उनके बच्चों के साथ उनकी फिल्म बना रहा है। बाद में, गलतफहमी दूर हो गई। पता चला कि कैमरे बच्चों की तरफ नहीं थे। कोहली ने मीडिया से बातचीत करके मामला सुलझा लिया। कोहली हमेशा से अपने बच्चों की प्राइवेसी को लेकर सख्त रहे हैं।

26 दिसंबर से चौथा टेस्ट

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर होना है। इस मैच की शुरुआत 26 दिसंबर से होगी। इस मैच को बॉक्सिंग डे टेस्ट भी कहा जाता है। 5 मैचों की सीरीज अभी 1-1 की बराबरी पर है। पर्थ में हुए पहले टेस्ट को भारत ने अपने नाम किया था। इसके बाद एडिलेड में हुए डे नाइट टेस्ट पर ऑस्ट्रेलिया ने कब्जा जमाया। ब्रिस्बेन में हुआ टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला बारिश की वजह से ड्रॉ रहा। बॉक्सिंग डे टेस्ट जितने वाली टीम से सीरीज हारने का खतरा हट जाएगा।

रियाल मैड्रिड ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता, कोच एंसेलोटी ने बनाया रिकॉर्ड

लुसैल (कतर) (एजेंसी)। रियाल मैड्रिड ने मैक्सिको की टीम पचुका को 3-0 से हराकर इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता, जिससे कार्लो एंसेलोटी क्लब के इतिहास में सर्वाधिक ट्राफियां जीतने वाले कोच बन गए। रियाल मैड्रिड ने एंसेलोटी के कोच रहते हुए अपना 15वां खिताब जीता। एंसेलोटी ने इस तरह से मिगुएल मुनोज़ को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1960 और 70 के दशक में स्पेन के इस क्लब का कोच रहते हुए 14 खिताब जीते थे। एंसेलोटी ने मैच के बाद कहा, 'मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। हमारी शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही लेकिन हमने अच्छा अंत किया। किलियन एम्बाप्पे, रोड्रिगो और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया जिससे रियाल मैड्रिड चार खिताबों के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल क्लब बन गया।

ऑस्ट्रेलिया टीम ने अश्विन को दी स्पैशल टीशर्ट, कमिंस बोले- वह बेहतरीन खिलाड़ी है

ब्रिस्बेन (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस नहीं मानते कि यहां तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहने के बाद 5 मैच की श्रृंखला में लय भारत के पक्ष में बन गई है और उन्हें इस बात की खुशी है कि उनकी टीम ने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में पहली पारी में भारतीय टीम को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। तीसरे टेस्ट मैच में अधिकतर समय अपना पलड़ा भारी रखने वाले ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को यहां अपनी दूसरी पारी 7 विकेट पर 89 रन पर समाप्त घोषित करके भारत के सामने 275 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन बारिश के कारण आखिर में यह मैच ड्रॉ रहा। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सभी सदस्यों ने अश्विन को एक विशेष जर्सी भेंट की जिसपर सभी क्रिकेटरों के हस्ताक्षर थे।

कमिंस ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं यह नहीं कह सकता कि मैं कभी लय को लेकर परेशान रहा। वास्तव में मैं इसकी कभी परवाह नहीं करता। मुझे लगता है कि इस सप्ताह के अपने प्रदर्शन से हम काफी कुछ हासिल कर सकते हैं। हमारे बल्लेबाजों ने दो शानदार साझेदारियां निभाई। हमने नए विकेट पर बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर 450 (445) रन बनाए और जब विकेट से बल्लेबाजों को थोड़ा मदद मिल रही थी तब भारत को 250 (260) रन पर आउट करने में सफल रहे। अपने इस प्रदर्शन से हम काफी प्रेरणा दे सकते हैं।

अब जबकि श्रृंखला 1-1 से बराबर है तब भारत के स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने संन्यास की घोषणा करके सबको चौंका दिया, जिनमें कमिंस भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने कहा कि निश्चित तौर पर यह थोड़ा चौंकाने वाला रहा। वह निश्चित तौर पर बेहतरीन खिलाड़ी है। ऐसे बहुत कम ऑफ स्पिनर हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक अपनी छाप छोड़ी।

पिकलबॉल खेलते हुए टेनिस स्टार यूजिनी बूचार्ड को आंख में लगी चोट

जर्मन (एजेंसी)। पिकलबॉल प्रशिक्षण सत्र के दौरान पूर्व टेनिस प्लेयर यूजिनी बूचार्ड की आंख में अचानक चोट लग गई। 30 वर्षीय बूचार्ड को अस्पताल ले जाया गया और इलाज के बाद उनकी आंखों पर पट्टी बांधनी पड़ी। बताया जा रहा है कि कैनेडा मूल की यूजिनी पिकलबॉल का अभ्यास कर रही थी कि प्लास्टिक की एक गेंद उनकी आंख पर लग गई। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर फैंस के लिए चोट पर अपडेड भी दिया है। बुचार्ड ने पोस्ट किया- आज प्रशिक्षण के दौरान पिकलबॉल से आंख में चोट लग गई। शुक्र है, यह कुछ ही दिनों में ठीक हो जाएंगी। गेंद मेरे साथी के हाथ में पकड़े डंडे से छिटकी गेंद के कारण लगी। इससे मेरी आंख की कॉर्निया में हल्की खरोंच आ गई है। हालांकि उम्मीद है कि यह कुछ ही दिनों में ठीक हो जाएगी। कम लोगों को पता है कि बूचार्ड की एक जुड़वा बहन बीट्राइस भी है जिसके साथ बीते साल उन्होंने जन्मदिन भी मनाया था। दोनों बहनों में दूरियां भी चर्चा में रही हैं। 2021 में जर्मन मीडिया हाउस ब्लिक के साथ एक साक्षात्कार में, यूजिनी बूचार्ड की बहन बीट्राइस बूचार्ड ने अपने रिश्ते के बारे में कई खुलासे किए थे।

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने की जमकर तारीफ

अश्विन हमारे लिए हमेशा परेशानी का सबब रहे

ब्रिस्बेन (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रविचंद्रन अश्विन की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि भारत के खिलाफ कुछ यादगार मुकाबलों में इस ऑफ स्पिनर ने उनकी टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की।

अश्विन ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के तीसरे मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करके सभी को चौंका दिया था। अश्विन ने 2011 से 2024 के बीच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 टेस्ट मैच में 115 विकेट लिए। इस बीच उन्होंने एक बार मैच में 10 या इससे अधिक विकेट तथा सात बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया।

स्टार्क ने तीसरा मैच ड्रॉ रहने के बाद कहा, 'वह (अश्विन) भारत में हमेशा हमारी टीम के लिए परेशानी का सबब रहे हैं और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भी श्रृंखला में अहम भूमिका निभाई। उनका करियर शानदार रहा। उनके आंकड़े सारी कहानी बयां करते हैं। वह लंबे समय तक भारत के प्रमुख गेंदबाज रहे और उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लिए।

गौर हो कि अश्विन ने 106 टेस्ट मैचों में 24 की औसत से 537 विकेट के साथ अपने करियर का अंत किया और दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने बल्ले से छह टेस्ट शतक और 14 अर्द्धशतक भी लगाए। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच एडिलेड में खेला गया डे-नाइट टेस्ट था जिसमें उन्होंने 1-53 रन बनाए थे।

स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर ने भारत के लिए 116 वनडे मैच भी खेले जिसमें उन्होंने 156 विकेट लिए। अश्विन 2011 वनडे विश्व कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीमों के सदस्य थे। उन्होंने 65 टी20 मैच भी खेले और 72 विकेट लिए। 38 वर्षीय अश्विन को 2016 में आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर और पुरुष टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था। उन्हें आईसीसी टेस्ट टीम ऑफ द डिकेड 2011-20 में भी शामिल किया गया था।

संक्षिप्त समाचार

देर से ऑफिस पहुंचे 40 कर्मचारी, एक घंटे बाहर रखा खड़ा; ऐक्शन मोड में त्रष्ट उपाध्यक्ष

गाजियाबाद एजेंसी। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) में देरी से आने वाले कर्मियों पर सख्ती शुरू हो गई है। जीडीए उपाध्यक्ष ने बुधवार को सवा दस बजे मुख्य द्वार पर ताला लगवा दिया। करीब एक घंटे तक कर्मी बाहर खड़े रहे। करीब 40 कर्मियों का एक दिन वेतन भी कटेगा। जीडीए के अधिकारियों-कर्मियों के देरी से कार्यालय पहुंचने की शिकायत उपाध्यक्ष अतुल वत्स को मिल रही थी। इसको देखते हुए बुधवार को जीडीए उपाध्यक्ष ने सवा दस बजे मुख्य द्वार का ताला बंद करवा दिया। इससे कर्मियों में हड़कंप मच गया और वह साथियों को फोन करने लगे। करीब एक घंटे बाद ताला खोला गया और कर्मचारियों के नाम लिखकर उन्हें अंदर जाने दिया गया। यही व्यवस्था गुरुवार को रहेगी। सूत्रों के अनुसार, कुल 40 कर्मचारी देरी से पहुंचे। जीडीए सचिव राजेश सिंह ने बताया कि देरी से आने वाले कर्मचारियों पर सख्ती होगी। बुधवार को जो 40 कर्मचारी देरी से आए हैं, उनका वेतन काटा जाएगा। कर्मचारियों को समय पर आने की हिदायत दी गई है। पिछले कुछ दिनों से स्टाफ पर रेगुलर नजर रखी जा रही थी। इससे पहले नोएडा अथॉरिटी में भी ऐसा नजारा देखने को मिला था। एक बुजुर्ग आवंटी को काफी देर तक खड़ा रखने और अधिकारियों द्वारा उनका काम नहीं करने पर सीईओ एम लोकेश नाराज हो गए थे। जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों को 20 मिनट खड़े रहने की सजा दी। दरअसल, अथॉरिटी में 65 से ज्यादा कैमरे लगे हैं। मरों का कंट्रोल रूम का सेटअप प्राधिकरण के सीईओ के कमरे में है। इनके जरिए वह सभी विभागों पर नजर रखते हैं। सोमवार को रोजाना की तरह सीईओ कैमरों के जरिए अथॉरिटी का हाल देख रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर आवासीय भूखंड विभाग पर गई जहां एक बुजुर्ग सरदार एक महिला बाबू के सामने काम के संबंध में खड़े दिखाई दिए। सीईओ ने अपने कर्मचारियों से विभाग में संदेश भेजा कि इनका काम कर दें। अगर नहीं हो सकता है तो बेवजह खड़ा न रखें। करीब 15-20 मिनट बाद सीईओ की नजर फिर से उसी विभाग पर गई।

चारों को फांसी देना; अतुल सुभाष की तरह वीडियो बनाकर ट्रेन के आगे कूद गया करन

गाजियाबाद , एजेंसी। अतुल सुभाष की तरह गाजियाबाद में भी एक युवक ने वीडियो बनाकर अपना दुख बताते हुए आत्महत्या कर ली है। अतुल सुभाष ने जहां अपनी पत्नी पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर जान दी तो गाजियाबाद के करन ने प्रेमिका पर बेवफाई का आरोप लगाकर खौफनाक कदम उठा लिया। गाजियाबाद के मनन धाम रेलवे फाटक के पास उसने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। युवक के मोबाइल में मिले सुसाइड नोट और वीडियो के मुताबिक, उसने प्रेमिका की बेवफाई से आहत होकर आत्महत्या की थी। पुलिस ने चारों लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गोविंदपुरम निवासी दीपक चौधरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 15 दिसंबर की रात को उनका भाई करन घर से कहीं चला गया था। रात करीब साढ़े 11 बजे उन्होंने करन को कई बार कॉल की, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। कुछ समय बाद एक पुलिसकर्मी ने कॉल रिसीव की। जिन्होंने बताया कि करन ने मनन धान रेलवे फाटक के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। दीपक चौधरी के मुताबिक करन की जेब से एक सुसाइड नोट मिला। उसमें उसने लिखा था कि जिला बागेश्वर उत्तराखंड गांव गरूण निवासी पूनम आर्या, पूरन लाल, मोहित कुमार और सोनू आर्या उसकी मौत के जिम्मेदार हैं। दीपक चौधरी ने मधुबन बापूधाम थाने में शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। मामले में एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक करन के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ था, जिसमें उसने अपनी प्रेमिका समेत चार लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। मृतक के भाई की शिकायत के आधार पर चारों के खिलाफ मधुबन बापूधाम थाने में केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। करन नोएडा सेक्टर-62 स्थित एक स्टोर पर 35 हजार रुपये प्रतिमाह सैलरी पर नौकरी करता था। उसने आत्महत्या करने से पहले सुसाइड नोट लिखने के अलावा मोबाइल में एक वीडियो क्लिप भी बनाई।

वही पुरानी सोच; अमित शाह के बयान पर भीमराव आंबेडकर के पोते का भी आया जवाब

मुंबई , एजेंसी। होम मिनिस्टर अमित शाह के बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर पर दिए बयान को लेकर हंगामा मचा हुआ है। कांग्रेस ने पूरे देश में ऐलान किया है तो वहीं संसद में हंगामा बरपा है। इस बीच भीमराव आंबेडकर के पोते और बहुजन वंचित अघाड़ी के नेता प्रकाश आंबेडकर का भी बयान सामने आया है। उन्होंने अमित शाह के बयान को लेकर कहा कि यह तो इन लोगों की पुरानी मानसिकता है। उन्होंने कहा, भाजपा के अस्तित्व में आने से पहले भी जनसंघ और आरएसएस ने बाबासाहेब का विरोध किया था। ऐसा तब किया गया, जब संविधान को अपनाया जा रहा था।

प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि ये लोग तब भी सफल नहीं हुए थे और आज भी सफल नहीं हो सकेंगे। उन्होंने कहा, यह कोई नई बात नहीं है। वे अपने पुराने प्लान लागू नहीं कर पाए हैं। इसकी वजह कांग्रेस नहीं बल्कि बाबासाहेब आंबेडकर हैं। आगे भी ये लोग सफल नहीं पाएंगे। बता दें कि भीमराव आंबेडकर पर अमित शाह के बयान पर विवाद थमा नहीं है। कांग्रेस उनके इस्तीफे की मांग कर रही है तो वहीं लालू यादव का कहना है कि शाह को राजनीति से ही इस्तीफा दे देना चाहिए। अमित शाह ने कहा था कि इन दिनों आंबेडकर-आंबेडकर कहना फैशन बन गया

है। इतना यदि ये भगवान का नाम लेते तो 7 जन्मों तक के लिए स्वर्ग मिल जाता। इस पर भी प्रकाश आंबेडकर ने खासतौर पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम लेना तो फिर एक तरह से मनुवाद को ही स्वीकार करना हुआ। प्रकाश आंबेडकर ने इस बीच महाराष्ट्र के परभणी में हुई हिंसा का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि वहां मारे गए सोमनाथ सूर्यवंशी के परिजनों को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा मिलना चाहिए।

इस दौरान उन्होंने कांग्रेस समेत महाविकास अघाड़ी पर भी निशाना साधा। प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि ये लोग नाम बहुत लेते हैं, लेकिन परभणी कोई नहीं गया। ये लोग सिर्फ बाबासाहेब के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परभणी में तो गोधरा जैसे हालात पैदा करने की कोशिश की गई थी।

पतंग उड़ाते समय खेत में विस्फोट, उछलकर दूर गिरे बच्चे; हाथ-पैर-मुंह झुलसे

अलवर , एजेंसी। राजस्थान के अलवर में पतंग उड़ाते बच्चों के साथ हादसा हो गया। हादसे में हुए विस्फोट के चलते दो बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। घटना अलवर जिले के भिवाड़ी की है, जहां तेज धमाका होने के बाद आस-पास मौजूद लोगों ने बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया। घायल बच्चों की उम्र 10-10 वर्ष है। इनके नाम दीपक और रोशन हैं। घायल बच्चे की मां ललिता ने बताया कि वे मूलता उत्तर प्रर्देश के निवासी हैं और भिवाड़ी के चोपानकी में कंपनी में मजदूरी करते हैं।

बच्चे की मां ललिता ने बताया कि मेरी बहन ने मुझे आकर बताया कि बच्चे खेत मे खेल रहे थे और तेज धमाका हुआ जिससे दोनों बच्चे घायल हो गए हैं। वहीं दूसरे बच्चे की माँ ने बताया कि दोनों बच्चे खेत मे खेल रहे थे तभी तेज धमाका हुआ और दोनों बच्चे विस्फोट के चलते दूर जाकर गिरे। इसके बाद मौके पर मोजूद लोग बच्चों को हमारे पास लाए। और फिर हम लोग दौड़ते-भागते बच्चों को अस्पताल ले आए, यहां अब अलवर अस्पताल में इलाज चल रहा है । बताया गया कि बच्चे पतंग उड़ा रहे थे, तभी उनके पैर नीचे खेत में रखे विस्फोटक पर पड़ गए और धमाके में बच्चे उछलकर दूर जाकर गिरे। इससे बच्चों के हाथ और पैर झुलस गए हैं। चेहरे पर कुछ सूजन भी आ गई है। इस मामले में भिवाड़ी पुलिस अधीक्षक ज्येस्था मैत्रयी ने बताया कि चोपानकी थाना क्षेत्र से खेत मे विस्फोट होने की सुचना मिली थी। इस घटना में दो बच्चे घायल भी हुए हैं, जिनका अलवर जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले की जांच की जा रही है कि ऐसा खेत में क्या था जिससे कि इतना बड़ा विस्फोट हो गया।

बच्चे कैसे घायल हुए? भूपेश बघेल ने मुठभेड़ पर उठाए सवाल

रायपुर , एजेंसी। छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में 12 दिसंबर को सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार बच्चों के घायल होने की बात सामने आने के एक दिन बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार को सावधानी बरतने की नसीहत दी है। साथ ही यह सुनिश्चित करने की भी अपील की कि नक्सलवाद का खात्मा करने को अनुचित समय सीमा के कारण बच्चों को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) को खत्म करने संबंधी बयान का जिक्र किया।

रिकॉर्ड खराब है: पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने एक्स पर लिखा, जब सुरक्षा बल नक्सलियों से लड़ रहे थे, तो ये बच्चे कैसे घायल हो गए? क्या यह वाकई मुठभेड़ थी या फिर निर्दोष लोगों की हत्या? फर्जी मुठभेड़ों के मामले में भाजपा सरकार का रिकॉर्ड खराब है। यहां तक ??कि पिछले कार्यकाल में भी ऐसी कई घटनाएं हुई थीं। मेरा मानना ??है कि केंद्र सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए और राज्य सरकार को सावधानी बरतने का निर्देश देना चाहिए। माओवादियों को अनुचित समयसीमा के अंदर खत्म करने की अति महत्वाकांक्षी योजनाओं के चक्कर में निर्दोष आदिवासी लोगों को नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए।

नक्सलियों ने बनाया मानव ढाल: अपने पोस्ट में बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री कार्यालय के आधिकारिक हैंडल को भी टैग किया। आदिवासी कार्यकर्ता और बस्तर क्षेत्र की निवासी सोनी सोरी ने उन गांवों का दौरा किया जहां मुठभेड़ हुई थी। उन्होंने इसे फर्जी मुठभेड़ बताया, लेकिन सुरक्षा बलों ने बुधवार रात एक बयान जारी कर कहा कि बच्चे इसलिए घायल हुए क्योंकि माओवादियों ने मुठभेड़ के दौरान उन्हें मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। पुलिस ने कहा कि तीन लड़कों के सिर, बटक और गर्दन के पिछले हिस्सों पर चोटें आईं, जो माओवादियों के बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (बीजीएल) के छर्रे लगने की वजह से लगी।

'जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़' का हो सकता है विलय, रेणु जोगी ने चिट्ठी लिख जताई इच्छा

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में एक बड़ी राजनीतिक हलचल होने की संभावना से जुड़ी खबर आ रही है जिसके तहत जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) का कांग्रेस में विलय हो सकता है। इस बारे में पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत अजीत जोगी की पत्नी और पार्टी सुप्रीमो रेणु जोगी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर इच्छा जताई है।

खबरों के अनुसार जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) कोर कमेटी ने बिना शर्त विलय करने का फैसला किया है, कमेटी के फैसले के आधार पर ही रेणु जोगी ने दीपक बैज को पत्र लिखा है। अजीत जोगी ने अपनी अलग पार्टी की स्थापना जून 2016 को तब की थी, जब उन्हें कांग्रेस से निकाल दिया गया था। इसके बाद साल 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी 5 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। हालांकि अजीत जोगी के निधन के बाद धीरे-धीरे पार्टी के अस्तित्व पर ही सवाल मंडराने लगे। पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों पार्टी एक भी सीट पर जीत दर्ज नहीं कर सकी थी। जिसके बाद पार्टी निर्माण के समय या चुनाव

के दौरान जो नेता अन्य पार्टियों से इनकी पार्टी में आए थे, वो भी अब जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ छोड़कर जाने लगे हैं। ऐसे में पार्टी ने कांग्रेस में विलय के लिए कदम बढ़ाए हैं। इस बारे में बुधवार सुबह दीपक बैज ने दावा करते हुए बताया था कि इस मुद्दे को लेकर मध्यस्थ से बात हुई है, और हाई कमान इस मसले को देखेगा। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जोगी) के अध्यक्ष दिवंगत अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी हैं। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 1.23 प्रतिशत वोट हासिल किए थे, हालांकि वो एक भी सीट नहीं जीत सकी थी।

30,000 फीट ऊंचाई से गिरा विमान...जमीन से टकराते हुआ क्रैश, जिंदा जलने से मारे गए लोग

सैन फर्नांडो , एजेंसी। सोशल मीडिया पर एक खौफनाक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें 30,000 फीट की ऊंचाई से एक विमान जमीन पर गिरता दिखाई दे रहा है। अर्जेंटीना के सैन फर्नांडो एयरपोर्ट के पास बॉम्बार्डियर चैलेंजर 300 विमान हादसे का शिकार हो गया। विमान के गिरते ही जोरदार धमाका हुआ और आग की लपटों ने इसे चपेट में ले लिया। हादसे में पायलट और को-पायलट जिंदा जल गए।

कैसे हुआ हादसा?: पुलिस के मुताबिक, विमान पुंटा डेल एस्टे से लौट रहा था और वापस उड़ान भरते समय पायलट ने नियंत्रण खो दिया। विमान आसमान में पलटियां खाते हुए जमीन पर गिरा, जिससे पहले वह एक इमारत से टकरा गया।

विमान गिरने से मचा हड़कंप: विमान के दुर्घटनाग्रस्त होते ही आसपास के घरों में आग की चिंगारियां गिरीं। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और इलाके को सील कर दिया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

टेक्निकल फॉल्ट बनी हादसे की वजह?: प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तकनीकी खामी बताया जा रहा है। हादसे की सही वजह ब्लैक बॉक्स की जांच के बाद सामने आएगी। विमान में 35 वर्षीय अगस्टिन ओरफोर्ट और 44 वर्षीय मार्टिन फर्नांडीज लोजा मौजूद थे, जिनकी मौत हो गई।

सोशल मीडिया पर छाया हादसे का वीडियो: प्रत्यक्षदर्शियों ने विमान गिरने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जो अब वायरल हो रहा है। इस हादसे ने दुनिया भर में विमान सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जस्टिन ट्रूडो पर अब कनाडा पुलिस को ही भरोसा नहीं, सीधे कर डाली इस्तीफे की मांग

ओटावा एजेंसी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ विरोध बढ़ता नजर आ रहा है। अब खबर है कि टीपीए यानी टोरंटो पुलिस एसोसिएशन ने ट्रूडो के इस्तीफे की मांग कर दी है। संगठन ने यह कदम हाल ही में सरकार की तरफ से प्रस्तावित क्रिमिनल कोड में बदलाव के बाद उठाया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हो रहा है, जब कनाडा की उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने इस्तीफा दिया है।

टीपीए के आधिकारिक हैंडल से पोस्ट किया गया, हमारे सदस्यों का जस्टिन ट्रूडो सरकार से भरोसा उठ गया है कि वह अब सही कारणों से सही काम करेगी। अब इस्तीफा देने और जनता की सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों को किसी और को संभालने देने का समय आ गया है। इससे पहले एसोसिएशन ने कहा था, यह बहुत ही हास्यापद है। 9 साल तक कुछ न करने के बाद आपने ऐसे समय का चुनाव किया जब आपकी सरकार अराजकता में उतर रही है और प्रस्तावों के जरिए हमें शांत करने की कोशिश की जा रही है। क्या मजाक है। साथ ही पोस्ट में पीएम ट्रूडो को टैग भी किया गया है।

सरकार के प्रस्ताव: दरअसल, कनाडाई सांसद अनिता आनंद की तरफ से कुछ प्रस्ताव पेश किए गए थे। पहला, क्रिमिनल कोड में संशोधन, ताकि बार बार और हिंसक अपराध करने वालों को जिम्मेदार ठहराया जा सके। दूसरा, वाहन की चोरी, तोड़फोड़ और जबरन घुसने जैसे हिंसक अपराधों में जमानत के लिए कड़ी शर्तें। तीसरा, निर्यात किए जाने वाले माल की जांच का अधिकार ष्ट्रक्र अधिकारियों को देना।

वित्त मंत्री का इस्तीफा: उप प्रधानमंत्री के साथ-साथ वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के निर्देश के बाद सोमवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने की घोषणा की। फ्रीलैंड ने कहा कि प्रधानमंत्री ट्रूडो ने उनसे वित्त मंत्री पद छोड़ने और मंत्रिमंडल में कोई दूसरी भूमिका लेने के लिए कहा था।

जापान में पर्यटक एक दिन के लिए बन सकते छात्र, अनुभव कर सकते देश का स्कूली जीवन

टोक्यो , एजेंसी। अगर आप जापान की स्कूल लाइफ का अनुभव लेना चाहते हैं, तो अब यह संभव है! जापान की एक कंपनी ने च्व्वन-डे स्टूडेंटज्ज योजना शुरू की है, जिसमें विदेशी पर्यटक 30,000 येन (लगभग 200 अमेरिकी डॉलर) देकर एक दिन के लिए जापानी स्कूल का हिस्सा बन सकते हैं। जापानी मंगा और ऐनिमे की लोकप्रियता के साथ-साथ, जापान की स्कूल संस्कृति भी दुनियाभर के लोगों को आकर्षित करती है। जापानी स्कूलों की खासियत उनके सैलर यूनिफॉर्म, मजेदार क्लब गतिविधियाँ, और मजबूत टीम भावना है। जापानी कंपनी ने कार्यक्रम शुरू किया है। यह कार्यक्रम जापान के चिबा प्रीफेक्चर में स्थित एक पुराने स्कूल को पुनः उपयोग में लाकर चलाया जा रहा है। इस योजना में, विदेशी पर्यटकों को एक दिन के लिए जापानी हाई स्कूल का छात्र बनने का मौका मिलता है। यह पूरा अनुभव अंग्रेजी में संचालित होता है, ताकि भाषा की बाधा न हो।

कैसे होता है अनुभव ?

- पर्यटक अपनी पसंद के अनुसार सैलर यूनिफॉर्म या सूट पहन सकते हैं।
- कार्यक्रम की शुरुआत एक ओपनिंग सेरेमनी से होती है, जिसके बाद उन्हें अलग-अलग कक्षाओं में बैठाया जाता है।
- छात्र जापानी भाषा की कक्षा में कैलीग्राफी (सुलेख) का अभ्यास करते हैं।
- बीच-बीच में स्कूल में आपदा ड्रिल्स भी कराई जाती हैं, जिसमें उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में बचने की तकनीक सिखाई जाती है, जैसे तुरंत डेस्क के नीचे छुपना।

टीचर और उनका दिलचस्प अंदाज़

यहां के शिक्षकों की कहानी भी खास है। होमरूम टीचर हीडियो ओनिशिमा कभी एक शरारती छात्र थे। लेकिन एक मेंटर से प्रेरणा लेकर, उन्होंने अपनी जिंदगी बदली और शिक्षक बन गए। दूसरी टीचर रुकिया किकुची अपने छात्रों को प्रेरित करने के लिए जापानी ऐनिमे के प्रेरणादायक डायलॉग्स का इस्तेमाल करती हैं। यह कार्यक्रम न केवल जापान के स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देता है, बल्कि पर्यटकों को जापानी स्कूल संस्कृति का गहराई से अनुभव लेने का अवसर भी देता है।

गाजा और यूक्रेन में फंसी रही दुनिया, इधर चीन ने बढ़ा ली परमाणु शक्ति; एक साल में जुटाए 100 हथियार

वॉशिंगटन, एजेंसी। मिडिल ईस्ट और यूरोप के कई देश फिलहाल जंग की मार झेल रहे हैं। बीते साल इजरायल ईरान और रूस यूक्रेन की जंग में दुनिया के कई देश उलझे रहे। इस दौरान पूरी दुनिया का ध्यान गाजा और यूक्रेन पर ही रहा। हालांकि इस बीच भी चीन अपनी चालबाजियों में जुटा रहा। अमेरिका में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक बीते साल चीन की परमाणु शक्ति कई गुणा बढ़ गई है। यह रिपोर्ट बुधवार को सामने आई है जिसमें कई खुलासे और दावे किए गए हैं। पेंटागन की रिपोर्ट के मुताबिक चीन अपने परमाणु शक्ति बढ़ा रहा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन ने ताइवान के खिलाफ आक्रमकता बढ़ा दी है। वहीं पिछले एक साल में चीन ने रूस के साथ नजदीकियां भी बढ़ाई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मई तक चीन के पास लगभग 600 परमाणु हथियार थे। दावा किया गया है कि 2030 तक यह आंकड़ा 1,000 से भी ज्यादा होगा। इस रिपोर्ट पर चीन ने भी जवाब दिया है। चीन ने कहा है कि वह सेल्फ डिफेंस के लिए परमाणु रणनीति को अपनाता है। चीन ने हमेशा पहले आक्रमण ना करने की नीति का पालन किया है और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी न्यूनतम स्तर पर अपनी परमाणु क्षमताओं को बनाए रखा है। चीनी दूतावास के प्रवक्ता लियू पेंग्यू ने बुधवार को कहा कि पेंटागन की ऐसी रिपोर्ट कोल्ड वार की मानसिकता से भरी हुई हैं, जिसका चीन दृढ़ता से विरोध करता है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129